धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, बुधवार
04.12.2024

* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 142




12 अभिनेत्री श्रद्धा आर्या जुड़वा बच्चों की मां

## न्यूज डायरी

### सीएम के आदेश पर पांच बेसहारा बच्चों को मदद

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेश के बाद पांच बेसहारा बच्चों की शिक्षा, राशन, पोषण की व्यवस्था एवं बच्चों की नानी के लिए पेंशन की स्वीकृति दे दी गयी है। मुख्यमंत्री ने पश्चिमी सिंहभूम के डीसी को पीड़ित परिवार को हर जरूरी योजनाओं से जोड़ने एवं बच्चों की पढ़ाई के लिए व्यवस्था करने का निर्देश दिया था।

### अर्जुन मुंडा के बड़े भाई भीमसेन मुंडा का निधन

रांची। पूर्व केंद्रीय मंत्री और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के बड़े भाई भीमसेन मुंडा का मंगलवार तड़के जमशेदपुर टाटा मोटर्स के अस्पताल में निधन हो गया। श्री मुंडा ने यह जानकारी सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दी। उन्होंने कहा कि यह पीड़ा असहनीय है और उनकी कमी को कोई भी पूरा नहीं कर सकता। वे लंबे समय से बीमारी से संघर्ष कर रहे थे। इधर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के भाई भीमसेन मुंडा के निधन पर शोक जताया है।

### छवि रंजन की जमानत पर अगली सुनवाई नौ को

रांची। सेना के कब्जे वाली जमीन की फर्जी दस्तावेजों के सहारे खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में आरोपित रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की जमानत पर पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत में मंगलवार को आंशिक सुनवाई हुई। ईडी ने अदालत से कागजात दाखिल करने के लिए समय की मांग की। इसके बाद कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए नौ दिसंबर की तिथि निर्धारित की है।

### रामगढ़ में रामचंद्र रुंगटा के प्लांट पर छापामारी

रामगढ़। राज्य के जाने-माने उद्योगपति रामचंद्र रुंगटा के प्लांट में मंगलवार को जीएसटी की टीम ने बड़ी छापेमारी की। जिले के अरगड्डा रोड स्थित झारखंड इस्पात, बरकाकाना के मां छिन्नमस्तिका स्पंज आयरन और कुजू ओपी क्षेत्र के आलोक स्टील प्लांट के अलावा रामगढ़ शहर में जहाज कोठी में बने कार्यालय में छापेमारी हुई। जीएसटी के अधिकारियों को संदेह है कि रामचंद्र रुंगटा अपने फर्म के माध्यम से सरकारी टैक्स की चोरी कर रहे हैं। यहां तक कि उन्हें जितना टैक्स देना चाहिए था, उसके अनुपात में उन्होंने उसे जमा नहीं किया है।

### सड़क दुर्घटना में पांच एमबीबीएस छात्रों की मौत

अलपुझा। केरल के अलपुझा जिले में एक कार और राज्य परिवहन की बस की भिड़ंत में एमबीबीएस प्रथम वर्ष के पांच छात्रों की मौत हो गयी। सूत्रों के अनुसार दुर्घटना के समय बस में सवार 15 यात्री और कार में सवार छह छात्र भी घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना उस समय हुई जब वहां भारी बारिश हो रही थी। गुरुवायुर-कायमकुलम फास्ट पैसेंजर बस ने कार को जोरदार टक्कर मार दी।

# बीटेक छात्रा रेप-मर्डर केस : सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी की फांसी की सजा पर लगायी रोक

■ ट्रायल कोर्ट और हाईकोर्ट का रिकार्ड पेश करने का निर्देश

एजेंसी

रांची। सुप्रीम कोर्ट ने राजधानी रांची में इंजीनियरिंग 19 वर्षीय छात्रा के दुष्कर्म और हत्या के केस में आरोपी युवक की फांसी की सजा पर तत्काल रोक लगा दी है। मंगलवार को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति सूर्यकांत, पंकज मिथल और उज्ज्वल भुईयां की पीठ ने मामले में ट्रायल कोर्ट और हाईकोर्ट का रिकार्ड पेश करने का निर्देश दिया। बता दें कि निचली अदालत ने 2019 में घटना के दोषी बिहार के नवादा जिले के राहुल कुमार उर्फ राहुल राज को फांसी की सजा दी थी, जिसे झारखंड हाईकोर्ट ने भी बरकरार रखा था। आरोपी ने इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

**क्या है घटना :** बीटेक की 19 वर्षीय छात्रा रांची की बूटी बस्ती में अपनी बहन के साथ रहती थी। 15



दिसंबर 2016 को छात्रा घर में अकेली थी। राहुल ने उसका दिनभर पीछा किया था। 16 दिसंबर की सुबह करीब 4 बजे राहुल उसके घर के ग्रिल का ताला खोलकर अंदर घुस आया। उसके साथ दुष्कर्म किया और जब छात्रा अचेत हो गई तो तार से उसका गला घोंट दिया। छात्रा के शरीर से कपड़े उतारे और मोटर में डालने के लिए घर में रखा मोबिल बॉडी पर डालकर आग लगा दी।

### हाईकोर्ट ने की थी तल्ख टिप्पणी, कहा- फांसी नहीं दी तो पीड़ित और समाज को होगी निराशा

हाई कोर्ट ने कहा था कि एक युवा और प्रतिभावान छात्रा के साथ अमानवीय और बर्बर कृत्य किया गया। उसका गला घोंटा गया और फिर उसे जलाया गया। दिसंबर 2019 में ट्रायल कोर्ट ने राहुल राज को दोषी ठहराया और उसे मौत की सजा सुनाई। 9 सितंबर 2024 को हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट की सजा को बरकरार रखते हुए टिप्पणी की थी-'यदि ऐसे मामलों में फांसी की सजा नहीं दी जाएगी तो हम पीड़ित और समाज को निराश करेंगे।

### सुप्रीम कोर्ट का निर्देश : यौन उत्पीड़न पर सभी राज्य शिकायत समिति बनाये

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कार्यक्षेत्र पर महिलाओं के प्रिवेंशन ऑफ सेक्सुअल हैरसमेंट एक्ट 2013 के लिए इंटरनल कंप्लेंट कमेटी बनाने की निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यौन उत्पीड़न रोकथाम समिति एक्ट का पालन नहीं होना राज्यों की कार्यशैली पर खराब असर डालता है। दो जजों की बेंच का ये निर्देश गोवा यूनिवर्सिटी के पूर्व विभागाध्यक्ष ऑरेलियानो फर्नांडीस की याचिका पर आया। सुप्रीम कोर्ट ने मई 2023 को केंद्र और राज्य सरकारों को ये पूछा था कि क्या कार्यक्षेत्र पर यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच के लिए सभी मंत्रालयों और विभागों में पैनल गठित किए गए हैं या नहीं।

## झामुमो-कांग्रेस-राजद में बनी सहमति, झामुमो से छह मंत्री बनना तय

# हेमंत मंत्रिमंडल का गठन कल

### राजनीतिक सरगर्मी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के मंत्रिमंडल गठन को लेकर लगाये जा रहे कयासों पर मंगलवार को विराम लग गया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पांच दिसंबर को मंत्रिमंडल का गठन करेंगे। राजभवन के बिरसा मंडप में मंत्रियों का शपथ ग्रहण समारोह होगा। समारोह दोपहर 12.15 बजे शुरू होगा। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार नये मंत्रियों को शपथ दिलाएंगे। इस बाबत राजभवन सचिवालय ने तैयारी शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक हेमंत मंत्रिमंडल में शामिल होने वाले सभी 11 मंत्रियों को एक साथ शपथ दिलायी जायेगी। मंत्रिमंडल गठन में झारखंड मुक्ति मोर्चा के छह, कांग्रेस के चार और राजद के एक विधायक को मंत्री पद की शपथ दिलायी जायेगी। इसके अलावा, प्रोटेम स्पीकर स्टीफन मरांडी का शपथ ग्रहण भी होगा। प्रोटेम स्पीकर नौ दिसंबर से आरंभ होने विधानसभा सत्र में नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ ग्रहण कराएंगे।

झामुमो के छह, कांग्रेस के चार और राजद के एक विधायक बनेंगे मंत्री



### नये-पुराने चेहरे झामुमो कोटे से

झारखंड मुक्ति मोर्चा के पास मंत्रिमंडल में सर्वाधिक पद होगा। राज्य के सियासी गलियारों में झामुमो की ओर से मंत्री बनने वालों में रामदास सोरेन, दीपक बिरुआ, हफीजुल हसन फिर से मंत्री बनने की रेस में हैं। महिला कोटे से लुइस मरांडी और सविता महतो का नाम चल रहा है। नए चेहरों में अनंत प्रताप देव का नाम आगे हैं। इसके अलावा मथुरा महतो, उमाकांत रजक और भूषण तिर्की भी रेस में बताए जाते हैं।

**राजद से सुरेश पासवान आगे :** राजद कोटे से मंत्रिमंडल में एक मंत्री शामिल होगा। देवघर के विधायक सुरेश पासवान को मंत्री बनाए जाने की प्रबल संभावना है। वे राजद विधायक दल के नेता भी चुने जा चुके हैं। इनके अलावा गोड्डा के विधायक संजय प्रसाद यादव के नाम की भी चर्चा है।

### दिल्ली में कांग्रेस की मैराथन बैठक में बनी सहमति

कांग्रेस कोटे के मंत्रियों का नाम तय करने के लिए मंगलवार को दिल्ली में मैराथन बैठकें हुईं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश समेत अन्य वरीय नेता शनिवार को ही इस सिलसिले में दिल्ली गये थे। उन्होंने वहां कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं से चर्चा की। बैठक के दौरान सभी निर्वाचित 16 विधायकों की सूची आलाकमान को सौंपी गयी। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार राहुल गांधी और के.सी. वेणुगोपाल की सहमति के बाद मंत्रियों का नाम भी तय कर लिया गया है। वहीं दूसरी तरफ दिल्ली से जो जानकारी मिल रही है उसके अनुसार ऐसी संभावना है कि इस बार कांग्रेस विधायक दल के नेता मंत्री नहीं बनेगा। वरिष्ठ विधायक को यह पद सौंपा जायेगा। दिल्ली में कांग्रेस आलाकमान के साथ हुई बैठक के बाद पांच दिसंबर का कांग्रेस की ओर से सीएम हेमंत सोरेन की तिथि तय करने को कहा गया, इसके बाद शपथ ग्रहण का समय तय किया गया। जानकारी के अनुसार कांग्रेस कोटे से मंत्रियों में पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव, जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी, कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी, महगामा विधायक दीपिका पांडेय सिंह, बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह आदि के नाम चल रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता के मुताबिक मंगलवार देर रात तक कांग्रेस कोटे के मंत्रियों का नाम तय हो जाने की संभावना है।

### समय से सिरमटोली फ्लाइओवर निर्माण होगा पूरा : हेमंत सोरेन



खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को मेकॉन चौक के पास से सिरमटोली चौक तक बन रहे निर्माणाधीन फ्लाईओवर का औचक निरीक्षण किया। उनके साथ विधायक कल्पना सोरेन, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, भवन निर्माण विभाग के सचिव सुनील कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से फ्लाईओवर की विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। श्री सोरेन ने अधिकारियों को इस फ्लाईओवर के निर्माण की गुणवत्ता और समय पर विशेष ध्यान देने को कहा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मीडिया से बातचीत में कहा कि इस फ्लाईओवर की देश और राज्य में एक अलग पहचान होगी। पूर्व में भी राज्य सरकार ने कांटाटोली से सिरमटोली चौक तक बने फ्लाईओवर परियोजना को निर्धारित समय सीमा से पहले ही राजधानी वासियों को समर्पित किया। मेकॉन चौक के नजदीक से सिरमटोली चौक तक बन रहे यह फ्लाईओवर भी निर्धारित समय सीमा से पहले ही रांची वासियों को समर्पित करने का प्रयास होगा, इसके लिए सरकार के पदाधिकारी, इंजीनियर एवं फ्लाईओवर निर्माण में लगे श्रमिक लगन के साथ निर्माण कार्य में जुटे हैं।

### पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की डिस्चार्ज याचिका खारिज



रांची। टेंडर कमीशन से प्राप्त 32.30 करोड़ रुपये नकद बरामदगी मामले में जेल में बंद पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की डिस्चार्ज याचिका पीएमएलए कोर्ट ने मंगलवार को खारिज कर दी। दाखिल डिस्चार्ज याचिका पर सोमवार को सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया था। मामले में अब जल्द ही आलमगीर आलम समेत अन्य आरोपियों पर आरोप तय किये जायेंगे। आलमगीर आलम ने मामले में अपने आप को निर्दोष बताते हुये 25 नवंबर को याचिका दाखिल की थी।

### चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़े मामलों की सुनवाई से सीजेआई ने खुद को किया अलग

एजेंसी



नयी दिल्ली। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति पर संसद से पारित नये कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करने से खुद को अलग कर लिया है। इस मामले पर अगली सुनवाई 6 जनवरी 2025 को होगी। याचिका एडीआर ने दायर की है। याचिका में चयन समिति में चीफ जस्टिस को भी रखने की मांग की गयी है। इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट में प्रैक्टिस करने वाले कुछ वकीलों ने भी याचिका दायर कर रखा है। याचिका में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद केंद्र सरकार की ओर से लाये गये नए कानून को चुनौती देते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्तियों में देश के चीफ जस्टिस को भी पैनल में शामिल करने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि चुनाव में पारदर्शिता लाने के मद्देनजर मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति करने वाले पैनल में चीफ जस्टिस को भी शामिल किया जाना जरूरी है।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 2 मार्च 2023 में अपने एक फैसले में कहा था कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति करने वाले पैनल में चीफ जस्टिस को भी शामिल किया जायेगा। जिसके बाद केंद्र सरकार ने इस फैसले पर एक नया कानून बनाकर नियुक्ति प्रक्रिया में चीफ जस्टिस की बजाय सरकार का एक कैबिनेट मंत्री शामिल कर दिया गया।

### राहुल का अर्थव्यवस्था को लेकर केंद्र पर हमला



नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर देश की अर्थव्यवस्था का बुरा हाल करने आरोप लगाया है। श्री गांधी ने कहा कि बिगड़ती अर्थव्यवस्था ने जनता को बेहाल कर दिया है। श्री गांधी ने कहा इस स्थिति में सुधार के लिए बिना समय गंवाए एक नयी सोच और बिजनेस के लिए एक नयी डील की जरूरत है। उन्होंने एक चार्ट भी पोस्ट किया है जिसमें कहा गया है कि जीडीपी 5.4 प्रतिशत है जो दो साल में सबके नीचे है और रुपये 84.50 रुपये है जो रिकार्ड निचले स्तर पर है। इसी तरह से खुदरा महंगाई दर 6.21 प्रतिशत है जो 14 महीने में सबसे ज्यादा है। बेरोजगारी की दर 45 साल में सबसे ज्यादा है।

# कल से कड़ाके की ठंड के आसार

### अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में 3-5 डिग्री की होगी गिरावट

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। राजधानी समेत पूरे झारखंड में कड़ाके की ठंड की शुरुआत होने लगी है। रात में तो शीत लहर जैसी स्थिति देखने को मिल रही है। सुबह धुंध और हल्का कोहरा भी देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग की मानें तो बुधवार को मौसम में कोई बड़े बदलाव की संभावना तो नहीं है, लेकिन उसके बाद से न्यूनतम तापमान में गिरावट हो सकती है। जिससे कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना है।

रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर जानकारी दी कि राज्य के दक्षिणी भाग में अगले 24 घंटे के दौरान तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है लेकिन अगले दो दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में 3-5 डिग्री की गिरावट हो सकती है। राज्य के बाकी हिस्सों में भी अगले 3 दिनों में न्यूनतम तापमान में 3-5 डिग्री की गिरावट हो सकती है।



**रांची में सुबह धुंध, दिन में साफ हुआ मौसम :** रांची में मंगलवार को सुबह हल्का धुंध छाया रहा। इसके बाद धीरे धीरे मौसम साफ हुआ और धूप खिली। इस दौरान अधिकतम तापमान 27 डिग्री रहा। वहीं राज्य के बाकी इलाकों में बीते 24 घंटे के दौरान हल्की बारिश हुई। इस दौरान सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 28.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 09.8 डिग्री सेल्सियस गढवा में दर्ज किया गया।

**शाम होते ही अलाव की व्यवस्था में लोग:** ठंड बढ़ने के साथ ही लोग शाम होते ही अलाव की व्यवस्था करना शुरू कर चुके हैं। लोग घर के अंदर हीटर या ब्लोअर का इस्तेमाल कर रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी बुजुर्गों को हो रही है। इस दौरान कई बीपी मरीज इलाज के लिए अस्पताल पहुंच रहे हैं।

## विपक्ष के हंगामे की भेंट चढ़ रहा शीतकालीन सत्र, छठे दिन भी जमकर हुआ हंगामा

# संसद में 5 दिन में मात्र 75 मिनट कामकाज

एजेंसी

नयी दिल्ली। संसद का शीतकालीन सत्र चल रहा है। इस बीच संसद के कामकाज को बात करें तो बीते 5 दिनों में महज 75 मिनट ही कामकाज हुआ है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि संसद में आखिर इतना कम काम क्यों हुआ है? वहीं मंगलवार को छठे दिन भी केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण के भाषण पर विपक्ष ने जमकर हंगामा किया।

**विपक्ष के हंगामे की भेंट चढ़ रही संसद की कार्यवाही :** दरअसल, संसद की कार्यवाही रोजाना विपक्ष के हंगामें की भेंट चढ़ रही है। जिस तरीके से विपक्ष लगातार संसद में हंगामा कर रहा है उससे संसद का समय बर्बाद हो रहा है। चौंकाने वाली बात यह है कि विपक्ष के हंगामे और गतिरोध के चलते बीते 5 दिनों में मात्र 75 मिनट ही संसद की कार्यवाही चल सकी। बताना चाहेंगे संसद में एक सप्ताह से अधिक समय से चल रहे गतिरोध के चलते लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को एक बैठक की थी जिसमें पक्ष और विपक्ष के सभी नेता शामिल हुए थे। बैठक में तय हुआ कि 3 दिसंबर से संसद के दोनों सदन सुचारू रूप से चलाए जाएंगे।

### सत्र में बना गतिरोध कब होगा खत्म

पांच दिन में सिर्फ पांच बैठकें

| | |
|---|---|
| 25 नवंबर (पहला दिन)- | 10 मिनट |
| 26 नवंबर (संविधान दिवस)- | संयुक्त संसद |
| 27 नवंबर (दूसरा दिन)- | 10 मिनट |
| 28 नवंबर (तीसरा दिन)- | 10 मिनट |
| 29 नवंबर (चौथा दिन)- | 10 मिनट |
| 2 दिसंबर (पांचवा दिन)- | 35 मिनट |



संसद के शीतकालीन सत्र में बना यह गतिरोध खत्म होगा या नहीं यह सवाल लगातार उठ रहा है। जानकारी के लिए बता दें, संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से शुरू हुआ था और तब से लेकर अब तक यह गतिरोध बना हुआ है। संसद में सिर्फ और सिर्फ हंगामा ही नजर आ रहा है जिसके चलते संसद की कार्यवाही आगे नहीं बढ़ पा रही है।

### सत्र में पिछले 5 दिन की कार्यवाही में क्या हुआ

**25 नवंबर (पहला दिन) :** संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन राज्यसभा में धनखड़-खड़गे के बीच बहस हुई। धनखड़ ने खड़गे से कहा कि हमारे संविधान को 75 साल पूरे हो रहे हैं। उम्मीद है आप इसकी मयार्दा रखेंगे। इस पर खड़गे ने जवाब दिया कि इन 75 सालों में मेरा योगदान भी 54 साल का है, तो आप मुझे मत सिखाइए।

**27 नवंबर (दूसरा दिन):** दूसरे दिन लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने हंगामा किया। विपक्ष ने यूपी के संभल में हिंसा का मुद्दा भी उठाया। इसके चलते कार्यवाही शुरू होने के कुछ देर बाद ही दोनों सदनों को 28 नवंबर तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

**28 नवंबर (तीसरा दिन) :** तीसरे दिन प्रियंका गांधी पहली बार संसद पहुंची। उन्होंने लोकसभा में सांसद पद की शपथ ली। प्रियंका वायनाड से उपचुनाव जीती हैं।

**29 नवंबर (चौथा दिन) :** चौथे दिन विपक्ष ने फिर लोकसभा और राज्यसभा में संसदीय कार्यवाही के दौरान लगातार हंगामा किया। स्पीकर बोले- सदन सबका है, देश चाहता है संसद चले। स्पीकर ओम बिरला ने कहा- सहमति-असहमति लोकतंत्र की ताकत है। सदन सबका है, देश चाहता है संसद चले।

**2 दिसंबर (पांचवां दिन) :** संसद की पिछली चार दिन की कार्यवाही हंगामे की भेंट चढ़ने को लेकर पांचवे दिन लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने पक्ष और विपक्ष के फ्लोर लीडर्स की मीटिंग बुलाई। मीटिंग में तय हुआ कि 3 दिसंबर से दोनों सदन ठीक से चलाए जाएंगे। पक्ष और विपक्ष के फ्लोर लीडर्स के बीच सदन चलाने को लेकर सहमति बनी।

### झारखंड में सीएसआर निधि से शिक्षा पर ₹163.15 करोड़ खर्च

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने मंगलवार को सदन में अतारांकित प्रश्न के माध्यम से केंद्र सरकार में कारपोरेट कार्य मंत्री से झारखंड में कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व निधि का उपयोग करने वाली शीर्ष कंपनियों के नाम और उनके द्वारा व्यय की गयी धनराशि की जानकारी मांगी। सीएसआर निधि का उपयोग झारखंड में शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण जैसे क्षेत्रों में किया जा रहा है अथवा नहीं तथा इसके लिए अलग से सीएसआर संबंधी योजनाएं की जानकारी मांगी। श्री प्रकाश के सवालों के जवाब में कारपोरेट राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने बताया कि प्रत्येक कंपनी जिसका तत्काल पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष के दौरान निवल मूल्य 500 करोड़ रुपये या उससे अधिक है या टर्नओवर 1000 करोड़ रुपये या उससे अधिक है या शुद्ध लाभ 5 करोड़ रुपये या उससे अधिक है, वह प्रत्येक वित्त वर्ष औसत शुद्ध लाभ का कम से कम 2 प्रतिशत व्यय करें। उन्होंने बताया कि एमसीए 21 रजिस्ट्री में कंपनियों द्वारा की गई वार्षिक फाइलिंग के आधार पर पिछले तीन वित्त वर्षों कुल 24 क्षेत्रों में 808 करोड़ रुपये खर्च किये गये हैं जिसमें से शिक्षा के क्षेत्र में 163.15 करोड़, स्वास्थ्य के क्षेत्र में 192.43 करोड़ एवं पर्यावरण के क्षेत्र में 63.09 करोड़ रुपये खर्च किए गये हैं। झारखंड में वित्त वर्ष 2022-23 में कुल 388.35 करोड़ की राशि शिक्षा, स्वास्थ्य एवम पर्यावरण के क्षेत्र में खर्च की गई। सबसे ज्यादा राशि देने वाली कंपनी है एनडीपीएफसी 86.41 करोड़, इसके अलावा टाटा स्टील लिमिटेड 67.66 करोड़ एवं सीसीएल ने 34.72 करोड़ व्यय किया है।


गहना आभूषण

सोना (बिक्री) 72000 रु./10 ग्राम
चांदी 93000 रु./प्रति किलो




## सीएम ने विधि-व्यवस्था, अवैध खनन समेत कई मुद्दों पर उच्चस्तरीय बैठक

# झारखंड में बेहतर विधि-व्यवस्था का संधारण सरकार की प्राथमिकता : सीएम

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड मंत्रालय में मंगलवार को राज्य में विधि व्यवस्था का संधारण एवं अपराध नियंत्रण, अवैध माइनिंग पर रोक, मादक पदार्थ पर नकेल कसने एवं साइबर क्राइम पर लगाम लगाने से संबंधित एक उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में पुलिस विभाग के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष पीपीटी के माध्यम से विधि व्यवस्था, अवैध माइनिंग पर रोक तथा विभिन्न प्रकार के अपराध नियंत्रण को लेकर की जा रही कार्रवाई की जानकारी रखी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि राज्य में बेहतर विधि व्यवस्था का संधारण हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुनियोजित अपराध को रोकने के लिए पुलिस एक प्रभावशाली प्लान तैयार कर चिन्हित अपराधियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करे। श्री सोरेन ने कहा- सुनियोजित अपराध तभी रुकेगा जब स्ट्रांग पुलिसिंग का डर अपराधियों के भीतर दिखाई दे। पुलिस का भय अपराधियों में होना आवश्यक है।

पुलिस अधिकारियों ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में विभिन्न अपराध कांडों में कमी आयी है। दहेज हत्या से प्रभावित जिलें पलामू गढवा, हजारीबाग, गिरिडीह, धनबाद एवं सामान्य हत्या बोकारो में ज्यादा फोकस करते हुए इन कांडों में नियंत्रण के किए कार्य किए जा रहे हैं। सामान्य हत्या शीर्ष में रांची, गुमला तथा चाईबासा में भी कार्रवाई की जा रही है।

### अवैध माइनिंग पर हर हाल में लगे रोक

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य में अवैध माइनिंग गतिविधियों पर हर हाल में रोक लगनी चाहिए। अवैध माइनिंग से राज्य की छवि धूमिल होती है। नदियों से अवैध बालू उठाव पर भी हर हाल में रोक लगाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नदियों का अस्तित्व खतरे में है। अब नदियों से बालू की जगह मिट्टी भी उठाई जा रही है। उन्होंने अवैध माइनिंग पर विशेष कार्य योजना बनाकर रोक लगाना सुनिश्चित करने को कहा।

### अवैध मादक पदार्थों का कारोबार रोकने को चलायें व्यापक अभियान

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पुलिस अवैध मादक पदार्थों के कारोबार की रोकथाम के लिए व्यापक विशेष अभियान चलाकर लोगों को कानून की जानकारी दें। शहरी एवं ग्रामीण सभी जगहों के विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले नुकसान के विषय पर जानकारी दें। जागरूकता से ही मादक पदार्थ के सेवन में कमी आएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत कई वर्षों से पुलिस ने अभियान चलाकर हजारों एकड़ में अफीम की तैयार फसल नष्ट भी की है, लेकिन वन भूमि में अफीम के धंधे को पूरी तरह रोक पाना मुमकिन नहीं हो पाया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि फॉरेस्ट डिपार्टमेंट के साथ बेहतर समन्वय बना कर वनभूमि में हो रही अफीम की खेती को जड़ से नष्ट करें।

### साइबर अपराध चुनौती, स्ट्रांग सेटअप तैयार करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराध पर रोक लगा पाना चुनौती साबित हो रही है। मुख्यमंत्री के समक्ष पुलिस अधिकारियों ने झारखंड साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर स्थापित करने की आवश्यकता के संबंध में विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि साइबर अपराध से निपटने के लिए स्ट्रांग सेटअप तैयार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस अधिकारी जल्द से जल्द टेक्निकल सेल का गठन कर टेक्निकल ऑफिसर की तैनाती करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आधुनिक तकनीक का उपयोग कर साइबर अपराध को कम किया जा सकता है। मुख्यमंत्री के समक्ष पुलिस पदाधिकारियों ने जानकारी साझा करते हुए बताया गया कि 'प्रतिबिंब एप' के जरिए 330 साइबर अपराधियों पर एफआईआर दर्ज कराए गए हैं, 1281 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है वहीं 3493 सिम कार्ड एवं 2524 मोबाइल जप्त किए गए हैं।

### अग्निशमन सेवा को को सुदृढ़ करें

मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य के भीतर अग्निशमन सेवा को सुदृढ़ करते हुए उसे नागरिकों की सेवा के साथ जोड़ा जाए। पुलिस के लिए वाहन एवं हथियार आदि का क्रय शीघ्र करें। सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जेल में कैदियों को दिए जाने वाले भोजन, चिकित्सा सुविधा सहित अन्य सुविधाओं की समीक्षा करें व जरूरत के अनुसार बजट बढ़ाने पर विचार करें।

### सीएम से मिला पुलिस सर्विस एसोसिएशन का दल

**रांची।** झारखंड पुलिस सर्विस एसोसिएशन के शिष्टमंडल ने मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। साथ ही, अपनी समस्याओं से भी अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने भी उनकी समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया।

### रांची जिले के जन शिकायत व्हाट्सएप नंबर पर 24 घंटे में मिलीं 281 शिकायतें

**रांची।** डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित प्रकोष्ठ में बैठक कर व्हाट्सएप नंबर में प्राप्त शिकायतों के संबंध में जानकारी ली। जिला प्रशासन ने सोमवार को व्हाट्सएप नंबर 9430328080 जारी किया था, जिसमें 24 घंटे के अंदर ही 281 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। दर्ज की गई कुल 171 शिकायतों का निस्तारण तेजी से किया जा रहा है। डीसी ने व्हाट्सएप नंबर पर रांची जिला के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से भी शिकायतें प्राप्त करने के लिए प्रणाली विकसित करने का निर्देश दिया।

### आजसू नेता बंटी यादव दुर्घटना में घायल

**रांची।** आजसू नेता बंटी यादव सड़क दुघर्टना में घायल हो गये हैं। उन्हें गंभीर चोट आयी है। उन्हें लालपुर में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बंटी यादव अपने चचेरी बहन की शादी समारोह में शामिल होने तिलता रिंग रोड स्थित एक बैंक्वेंट हॉल गये थे। सुबह-सुबह उनकी कार को एक ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया।

### क्यूरेस्टा हॉस्पिटल के डॉ रमेश दास ने फ्लोटिंग स्प्लिन का किया सफल ऑपरेशन

**रांची।** क्युरेस्टा हॉस्पिटल के डॉ रमेश दास ने फ्लोटिंग स्प्लिन का सफल ऑपरेशन मंगलवार को किया। पुरूलिया निवासी 37 वर्षीय नारायण चक्रवर्ती के पेट में असहनीय दर्द के कारण परिजन क्युरेस्टा हॉस्पिटल दीपाटोली में डॉ रमेश दास के पास ले कर आये। डॉ दास ने जब मरीज की जाँच की तब पाया कि वह एक असाध्य रोग जिसे फ्लोटिंग स्प्लिन या मोबाइल स्प्लिन भी कहा जाता है से पीड़ित है। मरीज की गंभीर हालत को देखते हुए डॉ दास ने तुरंत ऑपरेशन का निर्णय लिया औए और रात मे तीन घंटे तक चले सफल ऑपरेशन के बाद मरीज को बचा लिया।

### आइएसएम में फ्रेशर्स और फेयरवेल पार्टी



**रांची।** रांची स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड मैनेजमेंट (आईएसएम) में फ्रेशर्स और फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में अंतिम वर्ष के छात्रों को भावपूर्ण फेयरवेल दिया गया, वहीं 2024-2025 बैच के फ्रेशर्स का भी स्वागत किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के चेयरमैन आर.ए.के. वर्मा और निदेशक डॉ. गंगा प्रसाद सिंह ने अपने विचार रखे। छात्रों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से पूरे कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम में मिस फ्रेशर का खिताब सभ्यता कुमारी और मिस्टर फ्रेशर का खिताब सत्या बारला को प्रदान किया गया।

### कांग्रेस ने राजेन्द्र प्रसाद, खुदीराम बोस की जयंती और परमवीर अलबर्ट एक्का की पुण्यतिथि मनायी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डा. राजेन्द्र प्रसाद, क्रांतिकारी नेता खुदीराम बोस की जयन्ती एवं परमवीर चक्र विजेता अलबर्ट एक्का की पुण्यतिथि मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, कांग्रेस भवन, रांची में मनाई गयी। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने तीनों महान विभूतियों के चित्रों में माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि डा. राजेन्द्र प्रसाद का व्यक्तित्व विशाल था। डा. राजेन्द्र प्रसाद साधारण परिवार से राष्ट्रपति पद प्राप्त करना कठिन तपस्या का प्रतिफल था। उन्होंने कहा कि हमारी निष्ठापूर्ण श्रद्धांजलि तभी पूर्ण होगी जब हम कांग्रेसजन एवं झारखंड की जनता इन महान पुरूषों को आदर्श मानकर इनके बताये हुए पदचिन्हों पर चलें। वक्ताओं ने परमवीर अल्बर्ट एक्का एवं क्रांतिकारी नेता खुदी राम बोस के जीवनी पर भी प्रकाश डाला।

वक्ताओं ने कहा कि भारत-पाक युद्ध के महानायक एवं झारखंड के वीर सुपुत्र परमवीर अलबर्ट एक्का ने देश की आन-बान और शान के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। इसी तरह देश के महान स्वतंत्राता सेनानी खुदीराम बोस ने भारत की आजादी के लिए अंग्रेजों से लड़ते-लड़ते देश के लिए शहीद हो गये।

वक्ताओं ने कांग्रेसजनों एवं आम नागरिकों से अपील की कि वे भारत की अखंडता एवं सद्भावना के लिए एकजुट होकर संकल्प लें। श्रद्धासुमन अर्पित करनेवालों में जगदीश साहु, खुर्शीद हसन रूमी, सूर्य कांत शुक्ला, शशी भूषण राय, सलीम खान, राजन वर्मा, कामेश्वर गिरि, जितेन्द्र त्रिवेदी, राजू राम, दामोदर बालमीकि, छोटू सिंह, जग्रनाथ साहु, प्रभात कुमार, योग्रेन्द्र सिंह बेनी, रखी प्रियदर्शनी, नीतू देवी, मनोज सहाय, संजीव महतो, प्रदीप कुमार, सुरेश पासवान आदि थे।

## बाइक चोर गिरोह के सात अपराधी गिरफ्तार नाले में छुपाया गया हथियार भी हुआ बरामद

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राजधानी में बाइक चोर गिरोह के आतंक से मुक्ति दिलवाने के प्रयास में लगी पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। लालपुर इलाके से पुलिस ने बाइक चोर गिरोह के सात अपराधियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही चोरी की कई बाइक भी बरामद किए गए हैं। लालपुर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद और स्थानीय लोगों के सहयोग से बाइक चोरी कर उन्हें कम कीमत में बेचने वाले गिरोह के सात अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी में तनवीर आलम भी शामिल है, जो पुलिस के लिए मोस्ट वांटेड बना हुआ था।

रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि हाल के दिनों में कई बाइक चोरी की वारदातों को अंजाम दिया गया था। इसी बीच आम लोगों के द्वारा यह सूचना दी गई कि लालपुर इलाके से चोरी की गई बाइक को पीस रोड वाले इलाके से चोर लेकर भाग रहे हैं। जिसके बाद स्थनीय लोगों की मदद से पुलिस ने तीन बाइक चोरों को गिरफ्तार कर लिया और फिर गिरफ्तार चोरों की निशानदेही पर अन्य चार को भी धर दबोचा। गिरफ्तार अपराधियों के पास से चोरी के सात बाइक और स्कूटी भी बरामद किए गए हैं। जिन सात अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है, उनमें वांटेड अपराधी तनवीर आलम के अलावा अर्जुन महतो, वासुदेव शाह, रोशन दास, भरत दास ,अबीर अंसारी और गुरफान अंसारी उर्फ छोटू शामिल हैं। रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि तनवीर आलम खूंटी का कुख्यात अपराधी है। पुलिस ने जब तनवीर को गिरफ्तार किया, तब उसने अपने पास मौजूद पिस्टल को नाले में फेंक दिया। पूछताछ के दौरान पुलिस को जब जानकारी मिली तब नाले से पिस्तौल को बरामद कर जब्त कर लिया गया।

**चार से पांच हजार में बेचते थे बाइक** : गिरफ्तार अपराधियों ने पुलिस की पूछताछ में खुलासा किया है कि वे लोग हर दिन दो से तीन बाइक चुराते थे। बाइक की चोरी कर सबसे पहले उसका नंबर बदल दिया करते थे और फिर सोशल मीडिया के जरिए 4000 से 5000 में एक बाइक को बेच देते थे। ग्रामीण इलाकों में रहने वाले युवा सबसे ज्यादा बाइक खरीदते थे।

## 11 दिसंबर को महिलाओं के खाते में मंइयां सम्मान योजना की ₹2500 खटाखट भेजे जायेंगे : झामुमो

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि 11 तारीख को मंईयां सम्मान योजना की राशि 2500 रुपये महिलाओं के खाते में खटाखट भेज दी जायेगी। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम के बाद बीजेपी को झटका लगा है, कहा कि इस विधानसभा चुनाव में 28 रिजर्व सीटों में 27 हम जीते हैं, जो एक सीट बचा है, उसमें भी बहुत कम अंतर है, इसके बाद नतीजे के बाद बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी थोड़े सक्रिय हो गए हैं। कहा कि उन्होंने सरकार को कुछ सुझाव दिये हैं, बाबूलाल मरांडी ने आदिम जनजाति को लेकर सुझाव दिये हैं। इस सुझाव में खास तौर पर पहाड़िया जनजाति को लेकर चिंता व्यक्त की गई है। वह मंगलवार को पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों से बोल रहे थे। सुप्रियो ने कहा कि ओड़िशा और छत्तीसगढ़ में बीजेपी के ट्राइबल सीएम हैं और वहां 15 ट्राइब्स आदिम जनजाति के तौर पर चिन्हित किये गये हैं। उन्होंने बाबूलाल से निवेदन करते हुए कहा कि आप छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश व ओडिशा का दौरा करें। कहा कि मरांडी इन राज्यों की स्टडी करें, वहां की आदिम जनजातियों की स्थिति और आर्थिक सामाजिक व शैक्षणिक हालत क्या हैं, ये देखें। उन्होंने बाबूलाल मरांडी को सचेत करते हुए कहा कि आप बाहर के नेताओं के चक्कर में न पड़ें। उन्होंने सवाल किया, आपने क्या कभी असम के चाय बगान में काम करने वाले ट्री ट्राइब्स की चर्चा की।

**5 को मंत्रिमंडल का विस्तार किया जायेगा** : सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा, आपको ये सवाल असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा से करनी चाहिए। शिवराज सिंह चौहान से करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि झारखंड के आदिवासी मूलवासी लोगों ने हमें जो आशीर्वाद दिया, उन्हीं के बेटे को बीजेपी के तमाम नेता अपदस्थ करने के लिए बाहर से आए थे लेकिन झारखंड की जनता ने उनको नकार दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड का नया मंत्रिमंडल समावेशी होगा।

बता दें कि 5 दिसंबर को राजभवन के बिरसा मंडप में दोपहर 12 बजे इंडिया गठबंधन के हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल का विस्तार किया जायेगा। इसके लिए सभी औपचारिक तैयारियां पूरी की गई हैं।

### मार्च 2025 तक मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलनकारी करेंगे आत्मदाह

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की एक दिवसीय बैठक मंगलवार को डोरंडा स्थित झंडा चौक में हुई। इस दौरान राज्य सरकार को चेतावनी दी गई कि मार्च तक आंदोलनकारियों की मांगें पूरी नहीं हुई तो विशाल शहादत सभा कर 1001 आंदोलनकारी आत्मदाह करेंगे। बैठक में झारखंड आंदोलनकारियों को राजकीय सम्मान, अलग झारखंडी पहचान, रोजी-रोजगार व नियोजन की गारंटी, जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करते हुए समान रूप से सम्मान पेंशन राशि 50 हजार रुपये देने की मांग अबुआ सरकार से की गई। सहमति बनी कि 18 दिसंबर को विनोद बिहारी महतो, कामरेड महेंद्र सिंह की पुण्यतिथि, 25 दिसंबर को शहीद निर्मल महतो की जयंती, एक जनवरी को खरसावां गोलीकांड के शहीदों को याद करते हुए इस दिन को ब्लैक डे के रूप में मनाया जाएगा।

## एमएसएमई को बढ़ावा देने के लिए उपायुक्त ने अधिकारियों को कमेटी बनाने का दिया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में जिला परामर्शदात्री समिति (डीसीसी), जिलास्तरीय समीक्षा समिति (डीएलआरसी) एवं ऋण जमा अनुपात निगरानी उपसमिति की मंगलवार को बैठक हुई। बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक, रांची, जिला सहकारिता पदाधिकारी, नाबार्ड एवं सभी संबंधित बैंकों के पदाधिकारी और प्रतिनिधि उपस्थित थे।

बैठक में डीसी ने सीडी रेशियो, एनुअल क्रेडिट प्लान, मुद्रा ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड, एसएचजी क्रेडिट लिंकेज, पीएमईजीपी, पीएमएफएमई की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

डीसी ने सभी सीडी रेशियो की बैंकवार समीक्षा करते हुए खराब प्रदर्शनन करने वालें बैंकों को सुधार करने का निर्देश दिया। अभी सीडी रेशियो 46.28 प्रतिशत है जिसे बढ़ाने को कहा। किसान क्रेडिट कार्ड में सालाना वार्षिक योजना में दिए गए लक्ष्य की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी शाखा प्रबंधकों को लक्ष्य ससमय पूरा करने के निर्देश दिये। प्रखंडवार लंबित आवेदनों के जल्द निष्पादन का निर्देश, केसीसी के स्वीकृत आवेदनों का ऋण आवेदकों को उपलब्ध कराने का निर्देश सभी बैंकों को दिया गया।

**केसीसी ऋण की ली जानकारी**

डीसी ने केसीसी ऋण के बारें में जानकारी ली। जिस पर सम्बंधित पदाधिकारी ने बताया कि केसीसी ऋण वित्त वर्ष 2024-25 का लक्ष्य-76057 है, जिसमें सितंबर तक 34512 ऋण वितरण लाभुकों के बीच कर दिया गया है। मुद्रा लोन और स्वयं सहायता समूहों को ऋण प्रदान करने की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी बैंकों को कार्य में तेजी लाते हुए लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया। आरएसईटीआई एवं आरयूडीएसईटी के कार्यों की समीक्षा कर प्रशिक्षण कार्यक्रमों में ज्यादा से ज्यादा जरुरतमंदों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये।

### मुद्रा ऋण के लंबित आवेदनों का निष्पादन जल्द करें

डीसी ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को बढ़ावा देने के लिए जिला स्तर पर कमेटी गठित करने का निर्देश दिया। जिसमें उद्योग विभाग, जिला अग्रणी प्रबंधक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस एवं अन्य विशिष्ट प्रबंधन संस्थान एवं सीएसआर के क्षेत्र में कार्य करने वाले विशिष्ट संस्थानों को जोड़कर उनके अनुभवों, तकनिकी ज्ञानों का लाभ लेने का निर्देश दिया, ताकि लोगों को इसका लाभ मिल सके। डीसी ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि आजीविका संवर्धन के लिए झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसाइटी कार्य करती है। इसके अंतर्गत आने वाली जितनी महिलाएं हैं, उनका मुद्रा ऋण के लंबित आवेदनों को जल्द से जल्द निष्पादित कराएं।

## खबर एक नजर में

### सीएम-राज्यपाल ने राजेंद्र प्रसाद को श्रद्धांजलि



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को देश के प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद की जयंती के अवसर पर डोरंडा स्थित राजेन्द्र चौक में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं कल्पना मुर्मू सोरेन ने भी भारत रत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### राज्यपाल ने अल्बर्ट एक्का को दी श्रद्धांजलि



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को अल्बर्ट एक्का की पुण्यतिथि पर महात्मा गांधी मार्ग स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यपाल ने शहीद लांस नायक अल्बर्ट एक्का के अद्वितीय साहस, वीरता और मातृभूमि के प्रति अटूट समर्पण का उल्लेख किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं कल्पना मुर्मू सोरेन ने भी शहीद लांस नायक अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### आदिवासी छात्र संघ ने अल्बर्ट एक्का को दी श्रद्धांजलि

**रांची।** आदिवासी छात्र संघ के केंद्रीय अध्यक्ष सुशील उरांव की अगुवाई में परमवीर चक्र विजेता शहीद अल्बर्ट एक्का के शहादत दिवस पर मंगलवार को अल्बर्ट एक्का चौक पर स्थित शहीद की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। 1971 के युद्ध में पाकिस्तान के विरुद्ध जंग में देश की रक्षा करते हुए अपनी प्राण की आहुति देनेवाले इस आदिवासी योद्धा की वीरता को सलामी देकर उनके बताए मार्ग पर चलकर देश सेवा करने का संकल्प लिया। मौके पर प्रदीप उरांव, प्रकाश भगत, सुशांत उरांव, दीपक उरांव, बबलू उरांव, प्रदीप उरांव, विवेक उरांव आदि मौजूद थे।

### एनसीसी कैडेटों ने अल्बर्ट एक्का को किया याद

**रांची।** संत सेवियर कॉलेज के एनसीसी कैटेट्स ने मंगलवार को अल्बर्ट एक्का को श्रद्धांजलि दी। मेन रोड में स्थापित उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नुक्कड़ नाटक किया गया। इसमें ऑपरेशन हिलटॉप में अलबर्ट एक्का की बहादुरी और बलिदान के बारे में बताया गया। एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ प्रिया श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में कार्यक्रम हुआ।

### भाजपा ने परमवीर अल्बर्ट एक्का और देशरत्न राजेंद्र प्रसाद को दी श्रद्धांजलि



**रांची।** भाजपा रांची महानगर ने परमवीर चक्र विजेता अलबर्ट एक्का के शहादत दिवस पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविन्द्र कुमार राय ने कहा कि वीर शहीद की उनकी जीवनी और देशभक्ति को राज्य के लोग अपने दिल में बैठायें और सामाजिक विकृति से ऊपर उठकर देश भक्ति के माध्यम से समाज की एकात्मकता के अनुभूति को दिल में संजोने का काम करें। डॉ राय ने देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद की भी जयंती पर डोरंडा स्थित राजेंद्र चौक पर उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया।

### पूर्व मंत्री का पोता बना हाफिज-ए-कुरआन



**रांची।** पूर्व मंत्री स्व. हाजी हुसैन अंसारी का पोता असजद हसन कडरू मदरसा हुसैनिया से हाफिज-ए-कुरआन की डिग्री हासिल की। इस मौके पर मदरसा हुसैनिया में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मदरसा के बच्चे के अलावा शिक्षक मौजूद थे। मौके पर मदरसा हुसैनिया के मोहतमीम हजरत मोहम्मद साहब ने बताया कि पैगंबर-ए- इस्लाम ने फरमाया कि जिसने कुरान पढ़ा और उस पर अम्ल किया, उसके मां-बाप को कयामत के दिन ऐसा ताज पहनाया जाएगा।

### आजसू का प्रतिनिधिमंडल कुलपति से मिला

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ के एक प्रतिनिधि मंडल मंगलवार को रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजित कुमार सिन्हा से मिलकर ज्ञापन सौंपा। सौंपे गये ज्ञापन में बीपीएड कोर्स सत्र 2025-26 से शुरू करने की मांग की गयी। इसके अलावा मेमोरियल कॉलेज एवं रामलखन सिंह यादव कॉलेज की बिल्डिंग अविलंब बनाने की मांग की गयी। पिछले वर्ष की ऑडिट रिपोर्ट सार्वजानिक करने, रांची विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले सभी छात्रों का सार्वजनिक बीमा कराने, हर वर्ष छात्रसंघ चुनाव करवाने के लिये एक उच्च स्तरीय समिति बनाने की मांग की गयी।

### महात्मा बुद्ध के दर्शन से करुण भावना होती है जागृत : डॉ रामेश्वर उरांव

**रांची।** राज्य की खुशहाली और तरक्की के लिए झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने मंगलवार को डोरंडा नेपाल हाउस स्थित बुद्ध के मंदिर में भगवान बुद्ध के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि महात्मा बुद्ध के दर्शन समाज में करुणा की वृद्धि करते हैं और जीवन में नैतिकता और ईमानदारी की शिक्षा देते हैं। इस मौके पर छोटानागपुर बौद्ध सोसाइटी के अध्यक्ष एसके तमांग ने उनका स्वागत किया एवं डॉ उरांव को भगवान बुद्ध का पसंदीदा खादा भेंट कर अभिनंदन किया।

### फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन ने सीएम हेमंत सोरेन को दी बधाई



**रांची।** फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन के रांची जिला अध्यक्ष ज्ञान देव झा की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बधाई दी। संगठन की तरफ से मंत्रिमंडल गठन के बाद एक घंटा का किसी भी दिन अपना कीमती समय पीडीएस परिवार को नागरिक अभिनंदन करने को देने की बात को रखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें समय उपलब्ध करा दिया जाएगा। बधाई देने वालों में संजय कुंडू, सूर्य प्रताप, बहादुर मुंडा, तनवीर आलम, मदन महतो, हलदर महतो, विनोद कुमार सिंह, महेश चौधरी, पवन पासवान, राहुल पांडे, अमित गुप्ता, सुबोध उर्फ. टिंकू, अरविंद तिवारी, विक्रांत गुप्ता नवल किशोर, विनोद सिंह शामिल थे।

### सीएम से मिले कई पदाधिकारी, दी बधाई



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में सचिव मनीष रंजन, उद्योग निदेशक सुशांत गौरव, आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र, डीआईजी अनूप बिरथरे, डीसी नैंसी सहाय, एसएसपी किशोर कौशल एवं पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमान ने शिष्टाचार मुलाकात की।

# बेड़ो में विश्व विकलांगता दिवस का आयोजन

## बेड़ो, इटकी, लापुंग और भरनो के दिव्यांगजनों का योगदान रहा सराहनीय

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेड़ो।** विश्व विकलांगता दिवस के अवसर परमंगलवार को झारखंड दिव्यांग जागृति महासंघ, बेड़ो के प्रखंड टीम के सदस्य एवं इटकी, भरनो और लापुंग के सभी दिव्यांग जनों ने महादानी मैदान स्थित रंगमंच के समीप संयुक्त रूप से दिव्यांगता समारोह का आयोजन किया। जहां कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप जलाकर किया गया। मौके पर बीडीओ राहुल उरांव ने कहा कि जितने भी राशन कार्ड, पेंशन व यूडीआईडी कार्ड बनाने में जो भी समस्याएं आती हैं उसका तुरंत समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। वहीं सीओ प्रताप मिंज ने कहा कि जो भी कार्य हक अधिकार जो बाधित हो जाते हैं, उसका शीघ्र ही समाधान किया जाएगा। वहीं दिव्यांगजनों ने अपनी समस्याओं के संदर्भ में एक ज्ञापन बीडीओ व सीओ को सौंपा। जिसमें उन्होंने राज्य में सरकार बनते ही राज्य की निःशक्तता आयुक्त का नियुक्ति करने, दिव्यांगों को प्रोत्साहन राशि 5000 देने, दिव्यांगों के लिए खेल निधि व विभाग बनाने, दिव्यांगों के लिए राज्य के हर विभाग में पद चिन्हित कर नियुक्ति प्रक्रिया जल्द से जल्द शुरू करने, कम पढ़े लिखे दिव्यांगों को उनके स्वरोजगार के लिए पंचायत स्तर पर एक दुकान देने, आर्थिक सहायता नीति बनाने, राज्य के हर जिले में एक दिव्यांग होम का निर्माण करने, दिव्यांगों को सरकार की ओर से निःशुल्क सभी सरकारी और प्राइवेट हॉस्पिटल में चिकित्सा व्यवस्था मुहैया कराने, पूर्व से बनी राज्य दिव्यांग नीति को शीघ्र लागू करने, जिला के प्रत्येक प्रखंड स्तर पर दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने के लिए स्थाई व्यवस्था करने, हर स्तर के दिव्यांग खिलाड़ियों को उचित सम्मान एवं राशि देने तथा वैसे दिव्यांग जो गाड़ी चला सकते हैं उन्हें मुख्यमंत्री फंड से स्कूटी देने की मांग किया। इसके पूर्व दिव्यांग जनों द्वारा रैली भी निकाली गई। कार्यक्रम का संचालन अशोक महतो ने किया। मौके पर मुखिया सुशांति भगत, कुंवारी खलखो, सच्ची कुमारी अध्यक्ष लालू उरांव कोषाध्यक्ष सुनीता कुजूर सहित कई लोग मौजूद थे।

# छात्रों ने निकाली एड्स जागरूका रैली


जागरूकता रैली में शामिल कालेज के छात्र-छात्राएं।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** आरटीसी कालेज दड़दाग ओरमांझी के छात्र-छात्राओं द्वारा मंगलवार को एड्स जागरूकता रैली निकाली गई। रैली कालेज से शास्त्री चैक होते ओरमांझी होते हुए पुनः कालेज पहुंची। इस दौरान एड्स जागरूका बेनर पोस्टर व तख्ती लिए छात्र-छात्राएं जागरूकता संबंधी नारे लगा रहे थें। रैली में मुख्य रूप से शामिल निदेशक डॉ पारसनाथ महतो ने बताया विश्व एड्स दिवस को लेकर कालेज के छात्रों द्वारा रैली निकाली गई। उन्होने कहा एड्स से बचाव के लिए जानकारी, सुरक्षा व सावधनी जरूरी है। साथ ही उन्होने

**▸▸ बीमारियों से बचने के लिए योग अपनायें**

बीमारियों से बचाव में योग का महत्व बताया इस जागरूकता कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ भीम महतो, प्रोफेसर जोगेंद्र ठाकुर, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार मिश्र, प्रोफेसर गफ्फार अंसारी, प्रोफेसर इमरान अंसारी, एनसीसी के मेजर रंजीत सिंह, प्रोफेसर इकबाल अंसारी, प्रोफेसर राम नरेश पांडेय व कालेज के छात्र-छात्राएं शामिल थें।

## स्पीड न्यूज

### जरूरतमंदों के बीच 200 कंबल का वितरण



**इटकी।** ह्यूमन राइट्स काउंसिल के नेशनल डायरेक्टर सह युथ कांग्रेस के प्रदेश को-ऑर्डिनेटर आरिफ रजा ने मंगलवार को इटकी मौसी बाड़ी स्थित अपने आवासीय परिसर में जरूरतमंद गरीब, वृद्ध, वृद्धाओं के बीच 200 कंबल का वितरण किया। इस अवसर पर आरिफ राजा ने कहा की असहाय लोगों की मदद करना एक नेक कार्य है और यही सच्ची समाजसेवा है। इस ठंड में आगे भी जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया जाएगा। समारोह में अब्दुल्लाह, सैफुल्ला अथर, आसिद, सहित अन्य शामिल थे।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मनाया गया डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती



**पिपरवार।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर किचटो विद्यालय में सादे समारोह आयोजित कर डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थियों द्वारा राजेंद्र प्रसाद के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित की गई इसके बाद सभी शिक्षक इनके जीवनी और भारत के आजादी के आंदोलन में डॉ राजेंद्र प्रसाद के महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में विस्तृत रूप से विद्यार्थियों को जानकारी दी। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक रमेश कुमार, उपप्रधानाध्यापक श्री उमेश राम, सहायक शिक्षक शैलेन्द्र शर्मा, जालेश्वर महतो, मुकेश महतो, सतेन्द्र शर्मा, आरती कुमारी, सुमन कुमारी, किरण कुमारी आदि उपस्थित हुए।

### रस्सा कस्सी में संत कबीर पब्लिक स्कूल की टीम बनी विजेता

**सिकिदिरी।** जनकल्याण समर्पण संस्थान सिकिदिरी खेल महोत्सव में मंगलवार को बालक वर्ग सीनियर और जूनियर रस्सा कस्सी खेल में संत कबीर पब्लिक स्कूल सिकिदिरी की टीम बनी विजेता बनी। जेकेएसएस की टीम उपविजेता बनी, मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने दोनो टीमो के कप्तान और खिलाड़ियों को पदक, ट्रॉफी सर्टिफिकेट एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। अध्यक्षता संस्थान अध्यक्ष सुजीत कुमार एवं संचालन कोषाध्यक्ष रमण कुमार ने किया। मौके पर कुंती देवी, राष्ट्रीय तैराक अमन कुमार जायसवाल, राष्ट्रीय तैराक पिंकी कुमारी, महासचिव सत्यपाल राउत, विजय सिंह, गोविंदा कुमार, ब्रज किशोर प्रसाद, कमलेश पाहन, संदीप कुमार वर्मा, ओम प्रकाश कुमार, सुरेंद्र लोहार, नागेश्वर महतो, कृष्ण गोपाल भद्र पोप, ब्रजकिशोर प्रसाद,

# रातू में दोदिनी राज्य स्तरीय कला उत्सव का आगाज

**▸▸ राज्य के 641 प्रतिभागी ले रहे भाग**

**▸▸ विजेता राष्ट्रीय उत्सव में लेंगे हिस्सा**

## बच्चे बिखेर रहे मनमोहक कला की छटा


उत्सव का उद्घाटन करते अतिथि।


नृत्य करतीं छात्रायें।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू।** प्रखंड के डायट परिसर में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार का प्रमुख कार्यक्रम 'कला महोत्सव' का रंगारंग आगाज किया गया। पद्मश्री मधु मंसुरी हंसमुख, राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, जेसीईआरटी के उप निदेशक प्रदीप चौबे व एसडीईओ नवीन बाड़ा ने दीप प्रज्जवलित कर इसका उद्घाटन किया। गिरिडीह की छात्राओं ने 'मन की वीणा' संगीत से शुरूआत की। बच्चियों ने मनमोहक कला की छटा बिखेरी। वहीं, मधु मंसूरी ने 'झारखंड कर कोरा' गीत से समा बांधा। इस दौरान राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक शशि रंजन ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। धीरसेन सोरेंग ने महोत्सव को भाषा, संस्कृति और स्थानीय प्रतिभाओ के प्रोत्साहन का एक बेहतरीन मंच बताया। मधु मंसूरी ने शराब पीकर कला का प्रदर्शन करने को फैशन करार दिया और कहा कि इससे न केवल कला संस्कृति बल्कि, भारतीय भूमि अपमानित हो रहा है। संचालन चंद्रदेव सिंह कर रहे हैं।

### विजेताओं को दिया जाएगा नकद इनाम

उत्सव का समापन 4 दिसंबर की शाम होगा। बच्चे-बच्चियों को छह विधाओं में प्रतिभा के प्रदर्शन का अवसर दिया जा रहा है। इसमें शास्त्रीय, वादन, नृत्य, थियेटर, दृश्य कला व पारंपरिक कहानी वाचन शामिल है। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान के लिये क्रमशः 25, 20 और 15 हजार नकद इनाम दिया जायेगा और प्रशस्ति पत्र भी दिये जायेंगे। वह नयी दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय महोत्सव में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# बस ने बाइक को मारी टक्कर सेवानिवृत पोस्टमास्टर घायल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के पिस्का में हुई एक सड़क दुर्घटना में सेवानिवृत पोस्टमास्टर खिलेश्वर महतो 66 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। वह चुटूपालू पोस्ट ऑफिस का पोस्टमास्टर था। मंगलवार को दोपहर तीन बजे के करीब हुई दुर्घटना के संबंध में बताया गया कि बाइक में सवार हतनाटोली बरतुआ निवासी सेवानिवृत पोस्मास्टर खिलेश्वर महतो ओरमांझी की ओर से अपने घर जा रहा था। एनएच-20 फोर लेन पिस्का चैक के पास कट से वह जैसे ही अपने घर जाने के लिए मुड़ा बाइक के पिछे-पिछे तेज रफ्तार से रामगढ़ की ओर जा रही लक्ष्मी बस जेएच02एवी2266 ने बाइक को जोरदार ठोकर मार दिया। जिससे वह बाइक सहित सड़क पर फेका गया। पुलिस द्वारा स्थानीय लोगों की मदद से घायल को उपचार के लिए रिम्स भेज दिया गया। वहीं स्थानीय लोगों ने बस को पिछा कर टोल नाका ओरमांझी के पास से बस को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया।

# अनगड़ा में अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस मनाया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**अनगड़ा।** प्रखंड मुख्यालय मैदान में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के मौके पर दिव्यांग रोजगार अधिकार मंच के अध्यक्ष तबरेज अन्सारी की अगुवाई में अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस समारोह आयोजित किया गया। मौके पर प्रमुख दीपा उरांव ने कहा कि अन्तर्राष्ट्रीय विकालांग दिवस के इस मौके पर दिव्यांगजनों की खुशहाली और उनकी अत्मसम्मान की रक्षा के लिए हम सभी को सजग रहने का संकल्प लेने की आवश्यकता है। इस मौके पर दिव्यांगजनों के लिए मटका फोड़ साईकिल रेस दौड़ प्रतियोगिता इत्यादि जैसे खेल कूद भी आयोजित किए गए। जिसमें दिव्यांगजनों के बीच पुरुस्कार प्रदान कर उनका हौसला बढ़ाया गया कि वे भी किसी से कम नहीं हैं। समाज में उनका भी उतना हीं मान सम्मान है जितना एक साधारण व्यक्ति का है। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल सोय विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र मुन्डा उप प्रमुख जयपाल हजाम एतवा उरांव शिवदास गोस्वामी पूर्व जिप सदस्य रंथा महली सिद्धिक अन्सारी छोटे लाल महतो सहित सैकड़ों दिव्यांगजन उपस्थित थे। दिव्यांग रोजगार अधिकार मंच के सचिव लीला देवी कोषाध्यक्ष रामदयाल सिंह की कार्यक्रम के आयोजन में अहम योगदान रहा।

# मांडर : संत जेवियर उच्च विद्यालय में सरंक्षक संत का पर्व धूमधाम से मना

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मांडर।** मांडर स्थित संत जेवियर उच्च विद्यालय में मंगलवार को विद्यालय के संरक्षक संत फ्रांसिस जेवियर का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व मंत्री बंधु तिर्की उपस्थित थे, उन्होंने छात्र छात्राओं को अपने बेहतर भविष्य के लिए अभी से ही एक निश्चित उदेश्य लेकर पढ़ाई करने की बात कही और कहा की आज हमें संत फ्रांसिस के आदर्शो से शिख लेने की अवश्यकता है इस दौरान विशेष मिस्सा अनुष्ठान का आयोजन हुआ, विद्यालय के प्राचार्य फादर जोन शैलेन्द्र टोप्पो द्वारा मिस्सा अनुष्ठान सम्पन्न कराया गया और संत फ्रंसिस जैवियर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अपने लिए तो सभी जीते हैं। लेकिन कम ही ऐसे लोग होते हैं जो दूसरों की भलाई के लिए जीते हैं। वैसे लोगों में से ही संत फ्रांसिस जैवियर भी थे, समारोह में सीओ चंचला कुमारी, प्रखंड प्रमुख फिलिप सहाय एक्का, उप प्रमुख अमानत अंसारी, झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष रोशन इमानुवेल तिग्गा सहित अन्य ने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर छात्र छात्राओं द्वारा रंगा रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए, संचालन शाहिल अंसारी, जावेद अंसारी, अमर उराव, मलाइका परवीन, विक्की उरांव, कल्पना , स्वाति उरांव व उर्वशी ने किया। मौके पर बीईईओ तरसिला केरकेट्टा, बीपीओ गुलाम सरवर, फादर प्रसन्न तिर्की, फादर प्रदीप, फादर एडविन, अमृत विनय खलखो, फादर चोन्हस तिग्गा, जमालूद्दीन अंसारी, पितरूस खलखो, कारमेला बरबरा व अन्य उपस्थित थे।

# बेड़ो और जामटोली में मुखिया ने बच्चों के बीच किया स्वेटर का वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के अलग-अलग पंचायत में मुखिया ने बच्चों के बीच किया स्वेटर का वितरण। बेड़ों के करंज टोली गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में मंगलवार को पंचायत की मुखिया सुशांति भगत ने बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया। मौके पर मुखिया ने बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को पहली शिक्षा दी जाती है। जहां केंद्र की सेविकाओं के माध्यम से बच्चों को शिक्षा के अलावा गर्भवती धात्री महिलाओं का गृह भ्रमण कर पूरक पोषाहार लेने और खानपान के बारे में जानकारी दी जाती है। वहीं आंगनबाड़ी सेविका सरस्वती देवी ने बताया कि ठंड को देखते हुए संबंधित विभाग के द्वारा बच्चों को स्वेटर उपलब्ध कराया गया है। वही हरिहरपुर जामटोली पंचायत के महरु में बाल विकास परियोजना के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र में बढ़ती ठंड को देखते हुए आंगनवाड़ी केंद्र के बच्चों को पंचायत की मुखिया लक्ष्मी कोया ने स्वेटर का वितरण किया। मौके पर मुख्य रूप से सुशील भगत सहायिका सीता कुजूर आंगनबाड़ी सेविका नीलमणि देवी, सहियका सपना धान एवं पूर्व मुखिया सुनील कच्छप समाजसेवी सैयद खान बिरसा उरांव, मंगरी देवी समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे मौजूद थे।

## एक नजर में

### उप प्रमुख अफसाना प्रवीण ने डीसी से की मुलाकात



**पिस्का नगड़ी।** उप प्रमुख अफसाना प्रवीण ने उपायुक्त रांची मंजू नाथ भजंत्री से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान श्रीमती प्रवीण ने नगड़ी प्रखण्ड छेत्र के विभिन्न समास्याओं से अवगत कराया। उपायुक्त रांची ने श्रीमती प्रवीण की बातों को काफी गंभीरता से सुना तथा स समय समस्या के समाधान हेतु आश्वासन दिया। साथ ही साथ उपायुक्त रांची ने श्रीमती प्रवीण को कहा किसी भी तरह की समस्या हो,आप हमसे आकर कभी भी मिल सकते हैं। इसके अलावा उन्होंने अपने द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 9430328080 पर आम जनता को शिकायतों से सम्बंधित जानकारी देने हेतू ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करने को कहा।

### भाजपा जिला अध्यक्ष की माता जी की 24वीं बरसी में शामिल हुये भाजपा कार्यकर्ता



**पिपरवार।** भाजपा चतरा जिला अध्यक्ष रामदेव भोगता कि माता स्वः पतिया देवी की 24 वीं पूण्य तिथि समारोह में शामिल हुए पिपरवार भाजपा कार्यकर्ता। चतरा जिला अध्यक्ष रामदेव भोगता के तिलैया आवास पर उनकी तस्वीर पर पुष्पाजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके जिला अध्यक्ष रामदेव भोगता, सिमरिया विधायक उज्ज्वल दास, चतरा विधायक जर्नादन पासवान जिला महामंत्री मिथलेश गुप्ता, युवा जिला महामंत्री विकास मालाकार, जिला कार्यसमिति सदस्य धनराज भोगता, संजय भोगता ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष सुनील चौरसिया, युवा मंडल संयोजक रामलाल महतो परमेश्वर भोगता, बासुदेव गंझू, मनीष सिंह, भरत गंझू इत्यादि मौजूद थे।

### प्रतिनिधि मंडल ने परियोजना प्रबंधक से मिलकर छात्रों के लिए बस की मांग रखी

**सिकिदिरी।** हेसातु के पूर्व मुखिया राजेश पाहन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने स्वर्ण रेखा जल विद्युत रेखा सिकिदिरी के परियोजना प्रबंधक से मिलकर छह सूत्री मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में स्वर्ण रेखा उच्च विद्यालय के मान्यता के लिए उचित कार्रवाई, पावर हाउस एक और दो के लिए अधिग्रीहित क्षेत्र के छात्र छात्राओं के लिए रांची जाने के लिए बस सेवा उपलब्ध कराना, स्थानीय लोगों के लिए स्वास्थ्य सुविधा और निः शुल्क दवा की व्यवस्था, परियोजना में स्थानीय संवेदक को काम देने व स्थानीय खिलाडियों के लिए खेल सामग्री उपलब्ध कराने की मांग शामिल है। 15 दिनों के अंदर समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है। प्रतिनिधि मंडल में मुखिया अनिता बरला, सावन बेदिया, किशोर बेदिया, नरेश, ललित, दुति, बिरसा मनीनाथ, मुकेश आदि शामिल थे।

### विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांग राहत सेवा केंद्र झारखंड के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन

**बुढ़मू।** प्रखंड परिसर में मंगलवार को विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांग राहत सेवा केंद्र झारखंड के बुढ़मू ईकाई के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ धीरज कुमार, प्रमुख सत्य नारायण मुंडा, जिप सदस्य रामजीत गंझू, उपप्रमुख हरदेव साहु ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में कलाकार महावीर नायक ने अपने गीत संगीत से सभी का मन मोह लिया। मौके पर आये हुए सभी दिव्यांगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कंबल का वितरण मंगल मारूती परिवार के केंद्रीय अध्यक्ष विक्रम महतो के सौजन्य से किया गया। अतिथियों ने दिव्यांगजनों के उत्थान के लिए हरसंभव सहयोग करने की बात कही और योजनाओं का लाभ दिलाने की भी बात कही। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अध्यक्ष दिनेश नायक, सचिव रतन मुंडा, कोषाध्यक्ष सुनील राम, संजय महतो, जगेश्वर मुंडा, सुमन महतो, प्रकाश मुंडा, सावित्री कुमारी, यशोदा देवी, सुरेश महतो, सीता देवी सहित अन्य का सराहनीय योगदान रहा।

### बच्चों को मिला जाड़े में स्वेटर का सहारा



**ओरमांझी।** मौसम में ठंडक और माता पिता को अपने बच्चों को ठंड से बचाने की चिंता बढ गई है। खासकर छोटे बच्चों को ठंड से बचाना जरूरी हो जाता है। ऐसे में प्रखंड क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी केंद्र में मंगलवार को बच्चों के बीच स्वेटर वितरण किया गया। ओरमांझी के कुल्ही पुर्वी के आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका सुमित्रा देवी एक-एक कर सभी बच्चों को स्वेटर पहना रही थी। वहीं उपस्थित बच्चें नये स्वेटर मिलने व अपने बारी आने का वेसब्री से इंतजार कर रहे थें। जैसे ही किसी बच्चे का नाम पुकारा जाता अपने नाम सून बच्चा दौड़ कर सेविका दीदी के पास पहुंच जाते और सहिया दीदी से स्वेटर पहन रहे थें। वहीं सेविका दीदी सुमित्रा देवी भी सभी बच्चों को दुलार से स्वेटर पहना रही थी। वहीं स्वेटर पहनते ही बच्चों के चेहरे पर एक मिठी मुस्कान खिल जा रहे थें। मौके पर उपस्थित बच्चों की कई माताएं व अभिभवक महिलाएं को अपने बच्चों को जाड़े से बचने की चिंता भी दूर हो गई। इसके लिए अपने खुशी भी जताया गया।

### बेड़ो के असरो कैरो से 14 वर्षीय किशोर लापता

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के गांव असरो कैरो गांव से 14 वर्षीय किशोर के अचानक घर से गायब होने का मामला सामने आया है। पीड़ित पिता ने बेड़ो पुलिस थाने में अपने पुत्र की गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है। पीड़ित पिता राजू महतो ने बताया कि उसका 14 वर्षीय बेटा बालचंद महतो 1 दिसंबर की अपराह्न लगभग चार बजे घर से गायब हो गया। उन्होंने बताया कि वह अपने बेटे बालचंद के साथ रविवार को खेत गया था अपराह्न लगभग चार बजे खेत से आने के बाद वह बिना बोले घर से निकल कर कहीं चला गया। इसके बाद दो दिनों तक अपने बेटे बालचंद को तलाश किया लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पीड़ित ने रिश्तेदारों सहित आस पास के गांवों में भी तलाश की लेकिन बालक का पता नहीं लग सका। वहीं मंगलवार को राजू महतो ने बेड़ो थाना में अपने पुत्र के गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया।

# केडीएच कोयला खदान में आग लगी स्थल पर उत्खन, स्वास्थ्य पर पड़ रहा है असर

## केडीएच पदाधिकारी को सीसीएल कर्मियों से सिर्फ काम से मतलब है, कर्मियों की सेहत पर कोई ध्यान नही

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**खलारी।** विश्व बैंक से संपोषित केडीएच परियोजना पदाधिकारी को सीसीएल कर्मियों से सिर्फ काम से मतलब है, कर्मियों की सेहत पर कोई ध्यान नही। मजदूर की हालात जो भी हो कोयला उत्खन्नन कर अपना टास्क (प्रोडक्शन) पूरा कर बड़े अधिकारियों से पीठ थापथने में लगे हुए है। क्योंकि केडीएच परियोजना का विस्तारीकरण होने के बाद से दिन रात कोयला खनन करने का कार्य जोर शोर सभी नियमो को ताक में रख किया जा रहा है। सीसीएल के खनन कार्य में लगे बड़े बड़े मशीनों के जगहों से राख के गुब्बारे उठ रहे है। उसी राख के गुबार में सीसीएल कर्मी दिन रात परवाह किये बिना ही अंगारों में निरंतर कार्य कर रहें है। जला हुआ कोयले की गर्म राख के बीच कामगार जब मेरियन व शावेल मशीन से गर्म राख ओबी होलपेक डंफर में लोड करते है, उस समय मानो पूरा खनन कार्य के पास धूल गर्दा से अंधेरा छा जाता है। खनन कार्य से निकलने वाले जहरीले मिनथेन गैस से मजदूरो का

### सेफ्टी बोर्ड ने सुरक्षा का हवाला दिया

वही सीसीएल सुरक्षा बोर्ड के सदस्य गोल्डन यादव ने बताया कि सुरक्षा के दृष्टि से सेफ्टी बोर्ड मेम्बर ने जाँच किया गया था। जो भी समस्या होगी उसे परियोजना पदाधिकारी को ध्यान आकर्षित कर मजदूरो की सुरक्षा का ख्याल रख कर किया जाएगा।

### परियोजना पदाधिकारी को ग्रामीणों की परवाह नही

केडीएच परियोजना अंतर्गत में बसे जामुन दोहर, जेहली टाँड, करकट्टा, बर टोला, केकरही गढ़ा, खलारी, भूतनागर, बुकबुका, विश्रामपुर, खूंटी टोला सहित अन्य गांवों में केडीएच खदान से रोजाना उड़ रहे धूल गर्दा ग्रामीणों के खाना, पानी, कपड़े, आंगन, बरामदा, कुंआ, तालाबों में जले हुए कोयले की छाई की परत जम जाती है। उसके बाद सुंगधित जहरीली मीथेन गैस खदान के सामने बसे गांवों के लोगो को केडीएच धीरे धीरे बड़े ही घातक बीमारियों का घर मे तब्दील कर रहें है।

### सुरक्षा सलाहकार समिति के बैठक में केडीएच पर सभी प्रतिनिधि मौन

सीसीएल के बैठक में सुरक्षा के मानकों बड़े ही गर्म जोशी के साथ रखा जाता है। लेकिन धरातल पर कई कमियों के उजागर करता है। आश्चर्य की बात है कि बीते सप्ताह के गुरुवार को डकरा में त्रिपक्षीय सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक हुई थी। बैठक में डी जी एम एस के उपस्थिति में खान सुरक्षा को लेकर कई तरह के सुझाव पर चर्चा की गई। लेकिन केडीएच खदान में आगलगी स्थल पर मजदूर और ऑपरेटर जान जोखिम में डाल कर काम कर रहे इस मामले को किसी भी यूनियन के प्रतिनिधियों ने नहीं उठाया।

## खबर का असर: लोहा व स्क्रैप चोरी के विरुद्ध एक्शन में पुलिस

# अभिजीत प्लांट से टॉवर चोरी करते 4 धराये ऑटो, बाइक व 1200 सौ किलो स्क्रैप जब्त

- स्क्रैप माफिया भारत उरांव, अमित कुमार समेत 13 के खिलाफ मामला दर्ज

खबर मन्त्र संवाददाता


गिरफ्तार अपराधी।

**चंदवा।** चंदवा में विगत लंबे समय से अभिजीत पावर प्लांट से स्क्रैप व थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर हाइटेंशन टावर को काटकर चोरो द्वारा बेच कर मालामाल होने की खबर को मीडिया द्वारा प्रमुखता से उठाए जाने के बाद प्रशासन हरकत में आ गयी है। लातेहार एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना पर चंदवा पुलिस की टीम ने मंगलवार की अहले सुबह थाना क्षेत्र के नावाटोली गांव के समीप अभिजीत प्लांट एरिया के अंदर से टावर कटिंग कर रहे 4 स्क्रैप चोरो को धर दबोचा है जबकि आधा दर्जन से सधिक चोर पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहे हैं। मामले की जानकारी देते पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि मंगलवार की अहले सुबह लगभग 4:30 बजे थाना क्षेत्र के नवाटोली अभिजीत प्लांट के अंदर टावर को काटकर स्क्रैप को टेंपो व मोटरसाइकिल से लोड कर बेचने हेतु ले जाने वाले हैं। सूचना के आलोक में गश्ती दल मौके पर पहुंची तो कुछ लोग टावर पर चढ़कर लोहा कटिंग कर रहे थे, वहीं कुछ लोग टावर के कटिंग लोहा एंगल को इकट्ठा कर वाहन में लोड कर रहे थे, जो पुलिस को देखते ही भागने लगे, इसी क्रम में छापामारी दल के द्वारा घेरकर चार व्यक्तियों को पकड़ लिया गया।

**इनकी हुई गिरफ्तारी**

पूछताछ के क्रम में पकड़े गए लोगो ने अपना नाम मनु प्रजापति पिता सुरेश प्रजापति, अरुण नायक पिता स्व. राजेन्द्र नायक, पवन कुमार पिता महावीर साहू (तीनो नगर चंदवा) व इसराफिल मियां पिता हुसैन मियां भड़गांव भरनो गुमला बताया।

**भरत, अमित समेत कई चोर भागने में रहे सफल**

पकड़े गए व्यक्तियों से पूछताछ से किये जाने पर उन्होंने पुलिस को बताया कि उनके साथ भरत उरांव पिता रामवृक्ष उरांव (धाधु बालूमाथ), अमित कुमार पिता विजय साव (नगर चंदवा), सोनू साव पिता कैलाश साव (बसारटोला चंदवा), संजय नायक (सोंस चंदवा), गुड्डू खान (ब्राह्मणी चंदवा), दीपक (चेतर चंदवा), तपेश्वर सिंह पिता जानकी सिंह (चेतर चंदवा), तेजलाल सिंह उर्फ जीतू (चिरो चंदवा) भी शामिल थे। पुलिस ने जांच पड़ताल के क्रम में टावर के पास खड़ी इसराफिल मियां का टेम्पो जेएच-01-सीएच-8812 जिसपर लगभग एक टन स्क्रैप लोड, पवन कुमार के पास से बाइक जेएच-19-ए-0931 पर लगभग 200 किलो लोहा लदा बरामद किया है। पकड़े गए लोगों ने बताया कि वे लोहा चोरी कर विभिन्न कबाड़ी दुकानों में बेच देते हैं। मामले में चंदवा थाना में कांड संख्या 188/24 में विभिन्न धाराओं के तहत कुल 13 के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।

## तीन-तीन लाख रुपये एवं 20 दिन बाद दो-दो लाख देने की सहमति पर ट्रांसपोर्टिंग आरंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** रविवार की मध्य रात्रि लगभग 2:00 बजे अपराधियों द्वारा बालूमाथ एनएच 22 मुख्य पथ पर मकईयाताड के समिप दो हाईवा जलाने के बाद ग्रामीण एवं हाईवा ऑनर एसोसिएशन के बैनर तले अपने विभिन्न मांगों को लेकर मकईयाताड़ कुशमाही पथ पर टेंट लगाकर ट्रांसपोर्टिंग कार्य को ठप कर दिया था। जिससे एनएच 22 सड़क के किनारे कोयला लदे लगभग 200 वाहन खड़ी हो गई थी। जिससे मां अम्बे कंपनी को लाखों रुपये का नुकसान हो रहा था। संध्या 7:00 बजे बालूमाथ एसडीपीओ विनोद रवानी एवं मां अंबे कंपनी के कर्मी नीरू पासवान द्वारा संगठन के सदस्यों से वार्ता किया। जहां जानी जंगल में जलाए गए पांच हाईवा के सभी ओनरों को मंगलवार को तीन-तीन लाख रुपये एवं 20 दिन बाद दो-दो लाख और देने पर सहमति बनी। तथा संगठन के विभिन्न मांगो को कंपनी ने गंभीरता से लेते हुऐ 4 दिसंबर को बालूमाथ थाना परिसर में कंपनी के जीएम एवं एसोसिएशन के सदस्यों के साथ एक बैठक आयोजित कर सभी समस्या का समाधान निकालने का आश्वासन देने के बाद जाम हटाया गया। एसोसिएशन के सदस्यों ने रितेश यादव घर के सामने खड़ी हाईवा पर आग लगाने के मामले पर भी रितेश यादव को कंपनी द्वारा मुआवजा की मांग किया गया। इस पर कंपनी ने कहा कि यह हाईवा कंपनी के अंदर नहीं चलाया जा रहा था। इसलिए हम लोग मुआवजा नहीं दे सकते हैं। लेकिन एसोसिएशन के लोगों ने कहा कि यह हाईवा इसी ट्रांसपोर्टिंग की वजह से गलतफहमी में अपराधियों ने जलाया है। इसका भी मुआवजा पांच लाख दिया जाये। इस पर भी पुनर्विचार करने की बात कही गई। तब जाकर जाम हटाया गया। इस मौके पर हाईवा एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष चंद्रदीप प्रसाद, मोहम्मद शाहनवाज, मोहम्मद अफरोज, विकास यादव, सूरज जायसवाल, आसिफ अंसारी, संदीप यादव, चंदन सिंह, समेत कई हाईवा ऑनर मौजूद थे। ट्रांस्पोटिग का कार्य अहले सुबह 2 बजे से शाम 7 बजे तक 18 घंटा ठप रहा।

## सोलर जलमिनार पिछले कई माह से खराब गाड़ी गांव के लोगो को नहीं मिल रहा है पानी

- जल जीवन मिशन बारियातू लघु ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत सभी घरों मे जलापूर्ति करना था
- पिछले कई माह से सोलर जलमीनार खराब रहने से ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है पानी

संजय राम

**बारियातू।** प्रखंड के गाड़ी ग्राम स्थित महाबीर गंझु घर के पास लगे सोलर जलमिनार हाथी का दाँत साबित हो रहा है। जल नल योजना के तहत लगाए गए सोलर जलमिनार पिछले कई माह से खराब पड़े रहने के कारण ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति ठप है। गाड़ी गांव के ग्रामीणों ने बताया की महाबीर गंझु के घर के पास घर घर नल का जल योजना निर्माण वर्ष 2023-24 पेयजल एंव स्वच्छता प्रमंडल लातेहार के तहत सोलर जलमिनार लगाया गया है। ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति के लिए घर-घर पेयजल आपूर्ति करने के उदेश्य से लाखो खर्च कर सोलर जलमिनार लगाया गया है। परन्तु यहां संवेदक द्वारा मनमानी रवैया अपनाते हुए अनियमितता बरत कर कार्य किया है। पेयजल के लिए कनेक्शन किए गए पाईप लाइन कम गड्ढे मे बिछाया गया है। कई जगहों मे पाईप फटे रहने के कारण आधा से अधिक पानी बह जा रहा था। और पिछले कई माह से जलमिनार खराब रहने के कारण यहां के लोगों को सोलर जलमीनार का एक बून्द भी पानी नसीब नहीं हो रहा है। सरकार लाखो रुपए खर्च कर जल नल योजना के तहत लोगों को पेयजल आपूर्ति के लिए सोलर जल मीनार लगाया है लेकिन संवेदक के मनमानी के कारण धरातल मे योजना खोखला साबित हो रहा है। लगातार जल नल योजना का खबर सुर्खियों मे है लेकिन सम्बंधित विभाग द्वारा अभी तक कोई संवेदक के उपर कार्रवाई नहीं की गई है जिससे कई सवाल खड़े हो रहे हैं। सरकारी योजना का लाभ सभी ग्रामीणों को देना था परन्तु संवेदक लीपापोती कर काम किया है जिससे यहां के ग्रामीणों को दैनिक कार्य मे भारी असर पड़ रहा है। सोलर जलमिनार खराब रहने के कारण यहां के लोगों को इधर उधर से पानी की व्यवस्था करना पड़ रहा है। और विभाग मौन है। ग्रामीणों ने पेयजल आपूर्ति कराने की गुहार लगाई है। साथ ही उपायुक्त से संवेदक पर अविलम्ब कार्रवाई करने की आग्रह किया है।


खराब पड़ा जलमिनार।

## चंदवा में माल्हन पंचायत में जंगली हाथियों का उत्पात बदस्तूर जारी

# भुक्तभोगियों से मिले मुखिया, विभाग से की जानमाल की रक्षा व उचित मुआवजा देने की मांग

- मरमर व देवनदिया गांव में मचाया उत्पात, दर्जनों किसानों के खलिहानों में रखे धान के फसल को किया बर्बाद, ग्रामीण भयभीत

खबर मन्त्र संवाददाता


गुहार लगाते ग्रामीण।

चंदवा। प्रखंड अंतर्गत माल्हन पंचायत के विभिन्न गांवों में जंगली हाथियों के झुंड का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। विगत दो दिनों से जंगली हाथियों का झुंड पंचायत में डेरा जमाये हुए है व रात होते ही एक गांव से दूसरे गांव पहुचकर तांडव मचाना शुरू कर दे रहा है। जिससे ग्रामीण खौफजदा है व ग्रामीणों की रात खौफ के साये में गुजर रही है। ग्रामीणों को सबसे ज्यादा जद्दोजहद तैयार धान के फसल को बचाने के लिए करना पड़ रहा है, क्योंकि जंगली हाथियों का झुंड गांव में प्रवेश करने के बाद सबसे अधिक नुकसान फसलों को ही पहुंचा रहे हैं। ताजा मामला सोमवार की रात्रि की है। जंगली हाथियों ने झुंड ने पंचायत के मरमर व देवनदिया ग्राम में किसान मुखर्जी मुंडा, गुड्डू मुंडा, कामेश्वर मुंडा, झाड़ू मुंडा, विशुन मुंडा, बुधन तुरी, जगतू मुंडा, मनोज मुंडा, फजत तुरी, सुकर मुंडा, बेनिया गंझु समेत कई किसानों के धान के फसल को खा गया व बर्बाद भी कर दिया। सूचना मिलते ही मंगलवार की सुबह पंचायत के मुखिया जतरू कुमार मुंडा गांव पहुंचे व वन विभाग की टीम को हुए नुकसान से अवगत कराया। जिसके बाद वन विभाग के कर्मी भी गांव पहुंचे व ग्रामीणों के साथ वार्ता की। मुखिया ने किसानों को हाथियों के उत्पात से सुरक्षा प्रदान करने की मांग करते हुए कहा कि किसानों व ग्रामीणों को जान माल की रक्षा के साथ हो रहे क्षति के बदले उचित मुआवजा दिया जाए साथ ही ग्रामीण को वन विभाग व जिला प्रशासन से लाइट व टॉर्च मुहैया कराए ताकि गांव में हाथियों के प्रवेश करने पर पता चल सके।

मांग करने वालो में कामेश्वर मुंडा, रामकिशुन गंझु, सुनील मुंडा, अजीत मुंडा, सुनील ठाकुर, कृष्णा मुंडा, राजकुमार मुंडा, मुबारक अंसारी, विजय गंझु व सैकड़ों ग्रामीण शामिल है।

## बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार के खिलाफ जनसभा और धरना प्रदर्शन कार्यक्रम आज

**लातेहार।** बांग्लादेश में सनातन समाज के उपर हो रहे अत्याचार के खिलाफ सर्व सनातन समाज लातेहार के द्वारा जनसभा व धरना प्रदर्शन कार्यक्रम चार नवंबर को किया जाएगा। ज्ञात को कि बुधवार को बांग्लादेश के अल्पसंख्यक समाज सनातनियों के विरूद्ध लगातार हो रहे बर्बर अत्याचार खिलाफ ध्वनि विस्तारक के साथ बाजार टांड़ लातेहार मेन रोड होते हुए समाहरणालय परिसर तक जाएगा व राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपने के बाद कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। उपयुक्त जानकारी सर्व सनातन समाज के राजमणि प्रसाद, सौरभ जायसवाल ने दी।

## डीवीसी तुबेद कोयला खान में यूनियन का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न, परिणाम आज


मौके पर मौजूद अधिकारी।

**लातेहार।** दामोदर घाटी निगम तुबेद कोयला खान मे यूनियन चुनाव-2024 सम्पन हुआ। वहीं परिणाम की घोषणा चार दिसंबर को की जाएगी। चुनाव में छह यूनियन ने भाग लिया था। इस चुनाव मे मतदाता के रूप में एनसीडब्ल्यू (राष्ट्रीय कोयला वेतन समझौता) के 12 और अन्य कर्मचारियों जो डीवीसी के है वो सभी ने भाग लिया। लेबर ऑफिस से अबू जफर ने भाग लिया। नोडल पदाधिकारी के रूप मे रवि प्रकाश तिवारी (प्रबंधक, मानव संसाधन) ने चुनाव के सभी कार्यों की व्यवस्था की देख रेख की। चुनाव का निरीक्षण दीपक कुमार, उप महाप्रबंधक (खनन) के द्वारा किया गया। एएसआई एन. एन. मिश्रा की उपस्थिति में चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन हुआ। इस अवसर पर अकाउंटेंट संजय कुमार, अकाउंटेंट बिमलेश कुमार, ब्रजेश कुमार, एवं डीवीसी के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## जिप अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने हेरहंज के विभिन्न विद्यालय व सड़क निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

- जिला परिषद टीम मध्य विद्यालय केंडु का निरीक्षण किया जिसमें पाया गया कि 15 बच्चों का उपस्थिति बनाया गया है और 10 बच्चे उपस्थित थे

खबर मन्त्र संवाददाता

**हेरहंज।** जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी एवं उपाध्यक्ष अनिता देवी ने प्रखण्ड क्षेत्र में संचालित कई योजनाओं एवं विद्यालय का किया निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में पाया कि खपिया से सेरनदाग तक हो रहे सड़क निर्माण में भारी अनियमितता बरती गई है जिसके कारण सड़क का किनारा एवं बीच मे कई जगहों पर सड़क टूट गया है। पूनम देवी ने बताया कि सड़क निर्माण एवं पुल निर्माण में भारी अनियमितता बरती गई है। विभाग के द्वारा सही तरीके से जांच नहीं करना एवं लापरवाही बरतना यह साफ तरीके से दिख रहा है। तत्पश्चात जिला परिषद टीम मध्य विद्यालय केंडु का निरीक्षण किया जिसमें पाया गया कि 15 बच्चों का उपस्थिति बनाया गया है और 10 बच्चे उपस्थित थे। साथ ही मध्यान भोजन में भी भारी गड़बड़ी देखने को मिला। जांच के क्रम में रसोईघर में दाल के बोरी में कीड़ा लगा ढेला मिला। साथ ही झारखंड सरकार खाद्य आपूर्ति विभाग से मिलने वाला नमक मिला। जांच के क्रम में पाया कि मध्याह्न भोजन लकड़ी से बनाया जाता है गैस का उपयोग नही होता है। वही मध्य विद्यालय खपिया में भी 2 बजे तक बच्चों का उपस्थिति पंजी में उपस्थिति नही बनाया गया था। जिसपर अध्यक्ष ने बताया कि इससे साफ जाहिर होता है कि प्रधानाध्यापक फर्जी हाजरी बनाकर मध्याह्न भोजन के पैसे का बन्दरबांट करते हैं।

**अण्डा के स्थान पर बच्चों को दिया जाता है बिस्किट**

वहीं बच्चों से पूछने के क्रम में पता चला कि अंडा के जगह बच्चों को बिस्कुट दिया जाता है। वही लातेहार जिला परिषद की टीम उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बिदिर पहुंची जहाँ विद्यालय चाहरदीवारी निर्माण कार्य चल रहा था। जहाँ निरीक्षण के क्रम में भारी अनियमितता देखने को मिला। निर्माण कार्य मे बांगुर सीमेंट का उपयोग, घटिया किश्म का बंगला भट्टे का ईंट,पिलर में लगभग डेढ़ फीट में रिंग बाँधा जा रहा था। जिसे देख जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी ने काफी नाराजगी जताई। ततपश्चात जिला परिषद सदस्य की टीम प्रखण्ड कार्यालय हेरहंज पहुंची। जहां बी डी ओ अमित कुमार से मुलाकात कर सभी मामलों से अवगत कराया एवं जीप अध्यक्ष ने बी डी ओ से सभी स्टॉफ के बारे में जानकारी ली एवं योजनाओं के बारे में जानकारी ली। मौके पर लातेहार जीप सदस्य विनोद उरांव, बालूमाथ पूर्वी जीप सदस्या प्रियंका कुमारी, हेरहंज जीप सदस्या चंचला देवी, शिवनाथ रजक उपस्थित थे।

## बरवाडीह रेलवे स्टेशन में कैंप अदालत का हुआ आयोजन



**बरवाडीह।** मंगलवार को रेलवे के न्यायिक दंडाधिकारी प्रगेश रमण के द्वारा बरवाडीह रेलवे स्टेशन में विशेष कैम्प अदालत का आयोजन किया आयोजन किया गया। विशेष कैम्प अदालत के माध्यम से न्यायिक दंडाधिकारी प्रगेश रमण के निर्देश पर चेकिंग अभियान चलाने का काम विशेष टीम के द्वारा कई सवारी ट्रेन में एक दर्जन से अधिक लोगों से विभिन्न धारा में जुमार्ना वसूल किया गया। जिसके बाद सभी को मुक्त कर दिया गया। वहीं न्यायिक दंडाधिकारी रेलवे से जुड़े धारा और अपराध को लेकर भी रेलवे सुरक्षा अधिकारियो को जानकारी देने का काम किया गया। इस दौरान मौके पर इंस्पेक्टर राकेश रंजन, सब इंस्पेक्टर विनोद कुमार, रंजीत कुमार सिंह समेत अन्य अधिकारी कर्मी मौजूद थे।

## उप मुखिया ने मुखिया पर 15वें वित्त के अंतर्गत कराये जा रहे कार्य को बताया अनियमितता


जानकारी देते उपमुखिया।

**लातेहार।** मनिका प्रखंड के मटलोंग पंचायत के उप मुखिया रायपाल उरांव ने मटलोंग पंचायत के मुखिया पर 15 वें वित्त के अंतर्गत कराये जा रहे सभी योजनाओ पर भारी अनियमितता बरतने का आरोप लगाया है। और इस मामले को लेकर उपायुक्त को लिखित आवेदन दिया है। आवेदन के माध्यम से उप मुखिया ने कहा की मुखिया माया रानी देवी की मनमानी दिन ब दिन बढ़ती जा रही है। मुखिया बिना ग्राम सभा के ही योजनाओं को पास कर अपने निजी लोगों को मिलाकर उनको ही योजनाओं का लाभ देने का काम कर रहे हैं। जबकि पंचायत के उप मुखिया होने के नाते उनका कर्तव्य बनता है कि पंचायत में चल रहे सभी योजनाओं का जानकारी मुझे भी दें। लेकिन मेरे जानकारी के बिना ही मुखिया कुछ बिचौलियों के साथ मिलीभगत कर एक ही परिवार के पिता पुत्र को अध्यक्ष सचिव बनाकर योजना स्वीकृत कर दिया गया है। जिससे आम ग्रामीण भी काफी परेशान हो गये है। साथ ही साथ इन लोगो के द्वारा जितने भी कार्य किये गये है। उसमें भारी अनियमितता बरती गई है। योजनाओं में लूट की छुट मच गई है। जीसका नतिजा है क्षेत्र का विकास नहीं हो पा रहा है। आगे उन्होंने कहा कि मुखिया माया रानी के द्वारा डिजिटल पंचायत केंद्र के पूर्व चयनित भीएलो को मनमानी तरीके से हटा कर अपने पति को चयैन किया गया है। आगे उन्होंने जिले के उपायुक्त से योजनाओं की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।

## आंगनबाड़ी केंद्र में स्वेटर का वितरण



**सरयू।** नवनिर्मित सरयू प्रखंड क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्र में बाल विकास परियोजना के द्वारा बढ़ती ठंड को देखते हुए बच्चों के बीच नि:शुल्क स्वेटर का वितरण किया जा रहा है। वही घासी टोला आंगनबाड़ी केंद्र 1 के सेविका संगीता देवी ने बताई कि इन दिनों ठंड का प्रकोप काफी तेजी से बढ़ रही है। जिसे देखते हुए बाल विकास परियोजना के द्वारा हर एक आंगनबाड़ी केंद्र में तीन वर्ष से लेकर पांच वर्ष तक के बच्चों के बीच निशुल्क स्वेटर का वितरण किया जा रहा है। वही घासी टोला आंगनबाड़ी केंद्र 1 में मंगलवार को दर्जनों बच्चों के बीच निशुल्क स्वेटर का वितरण किया गया जहां बच्चों में खुशियों का हर्ष देखा गा। मौके पर स्थानीय ग्रामीण महिला तैरून बीबी, रूकसाना खातून, रौनक खातून, समेत आदि लोग मौजूद थे।

## गरीब व असहायों के बीच कंबल का वितरण



**चंदवा।** बाल सृष्टि विद्यालय के द्वारा गरीबी एवं असहाय लोगों के बीच कामता रेलवे स्टेशन विद्यालय प्रांगण एवं स्वास्थ्य केंद्र चंदवा में कुल 70 लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया साथ ही साथ स्वास्थ्य केंद्र में 12 कुपोषण बच्चों के बीच गर्म कपड़े एवं बिस्केट का वितरण वरिष्ठ पत्रकार राजेश चंद्र पांडेय तथा रवि कुमार डे, बाल सृष्टि विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज सिंह एवं विद्यालय के रंजू मैडम, सोनू मेहता सहित अस्पताल के डॉ. एवं अस्पताल के सहयोगी द्वारा किया गया। इस मौके पर राजेश चंद्र पांडेय ने कहा कि गरीब, असहायों की सेवा से बढ़कर परोपकार का कोई कार्य नही हो सकता है। इसलिए प्रत्येक सक्षम नागरिकों को आगे आकर जरूरतमंदों की सेवा करनी चाहिए। इधर कंबल मिलने के बाद असहायजनों के चेहरे में खुशी देखी गई।

## राजकीय मध्य विद्यालय बभंडीह की बदहाल शिक्षा व्यवस्था, बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़

# शिक्षा की गुणवत्ता पर खड़े हो रहे हैं सवाल

खबर मन्त्र संवाददाता


राजकीय मध्य विद्यालय बभंडीह।

**बरवाडीह।** राजकीय मध्य विद्यालय बभंडीह में शिक्षा व्यवस्था का हाल बद से बदतर हो गया है। कक्षा 1 से 8 तक के इस विद्यालय में कुल 175 बच्चों का नामांकन है। लेकिन नियमित उपस्थिति महज 60 से 70 बच्चों तक सिमट कर रह गई है। विद्यालय की स्थिति देखकर यह स्पष्ट होता है कि बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। विद्यालय में पढ़ाई के लिए चार शिक्षक हैं। जिनमें एक प्रधानाध्यापक, एक सहायक शिक्षक और 2 शिक्षिकाएं शामिल हैं। लेकिन प्रधानाध्यापक विभागीय कार्यों का बहाना बनाकर अधिकतर समय विद्यालय से अनुपस्थित रहते हैं। अन्य शिक्षकों में से यदि किसी एक ने भी छुट्टी ले ली तो बाकी बचे दो शिक्षकों को पूरे विद्यालय का जिम्मा संभालना पड़ता है। मंगलवार को सुबह 11 बजे देखा गया कि विद्यालय के लगभग कमरे बंद पड़े हैं। बच्चों को अलग-अलग कक्षा में बांटने की बजाय, कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों को एक साथ और कक्षा 6 से 8 तक के छात्रों को एक साथ पढ़ाया जा रहा है। यह व्यवस्था बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता पर गंभीर प्रश्न खड़ा करती है। वहीं 175 बच्चों का नामांकन होने के बावजूद केवल 62 बच्चों की उपस्थिति इस बात का संकेत है कि विद्यालय में शिक्षा के प्रति बच्चों और उनके अभिभावकों का भरोसा खत्म हो रहा है।

**बीडीओ को दी गई जानकारी**

विद्यालय की इस दुर्दशा की जानकारी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज को को दे दी गई है। उन्होंने मामले की जांच कराने की बात कही है। वहीं प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अपने कार्यालय में मौजूद नहीं थे। अब देखना यह है कि अधिकारी इस मामले में क्या संज्ञान लेते हैं और दोषियों पर क्या कार्रवाई की जाती है।

**शिक्षा व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता**

शिक्षा बच्चों का मौलिक अधिकार है, लेकिन राजकीय मध्य विद्यालय बभंडीह विद्यालय की स्थिति इस अधिकार का माखौल उड़ाती नजर आती है। यह आवश्यक है कि शिक्षा विभाग इस मामले पर तत्काल ध्यान दें और जिम्मेदार लोगों पर सख्त कार्रवाई करे। साथ ही बच्चों और अभिभावकों का विद्यालय पर विश्वास बहाल करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं।

## प्रखंड स्तरीय सामाजिक अंकेक्षण सह जनसुनवाई का हुआ आयोजन

**चंदवा।** प्रखंड सह अंचल मुख्यालय सभागार में मनरेगा के सामाजिक अंकेक्षण सह प्रखंड स्तरीय जन सुनवाई का आयोजन किया गया। प्रमुख मनीषा उरांव, जिप सदस्य सरोज देवी, लोकपाल संतोष कुमार पंडित, डीआरपी प्रवीण कुमार, बीआरपी दिलीप पाठक समेत अन्य की मौजूदगी में विभिन्न पंचायतों में संचालित मनरेगा योजना के कार्यों की समीक्षा करते संबंधित जानकारी ली गई। कागजातों को दुरूस्त करने, बेहतर कार्य करने समेत अन्य जानकारियां दीं गई। मनरेगा बीपीओ रतन शाहदेव, एई निशांत कुमार व अन्य ने ज्यूरी टीम को बताया कि मनरेगा मे अब मजदूरी भुगतान सीधा मजदूर के खाते में होता है। बीआरपी दिलीप पाठक द्वारा उठाए गए मामलों का समाधान ज्यूरी द्वारा किया गया। मौके पर प्रयाग यादव, एसएचजी शीला उरांव, प्रभु तूरी, सीतमोहन मुंडा, राजु उरांव, मुखिया पंचायत सेवक, रोजगार सेवक व अन्य मौजूद थे।

## विश्व दिव्यांग दिवस पर पीवीयूएनएल द्वारा जरूरतमंदो के बीच किया स्पोर्ट स्टीक का वितरण


स्टीक देते पीवीयूएनएल।

**चंदवा।** विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर मंगलवार को पीवीयूएनएल की बनहरदी कोयला खनन परियोजना द्वारा जरूरतमंदो के बीच छड़ी (सपोर्ट स्टिक) का वितरण किया। बता दें कि 3 दिसंबर 2024 को विश्व भर में दिव्यांगता दिवस के रूप मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने का सबसे महत्त्वपूर्ण उद्देश्य अशक्त जनों की अक्षमता के मुद्दों को लेकर समाज में लोगों की जागरूकता, समझ और संवेदनशीलता को बढ़ावा देना है।पीवीयूएनएल की बनहरदी कोयला खनन परियोजना द्वारा भी विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर सामुदायिक विकास गतिविधियों के तहत मंगलवार को बनहरदी, सीएमपी, पीवीयूएनएल के अंतर्गत आने वाले ग्राम बारी, आन और एटे के वृद्धजनों तथा दिव्यागजनों के बीच सपोर्ट स्टिक का वितरण किया गया। मौके पर संबंधित ग्राम पंचायतों के मुखिया, गांव के प्रतिनिधि, बनहरदी कोयला खनन परियोजना के महाप्रबंधक के चंद्रशेखर, अपर महाप्रबंधक आर .बी . सिंह, सिद्धार्थ शंकर (उप महाप्रबंधक), अमरेश चंद्र राहुल (उप महा प्रबंधक), अबीर लाल नाथ व शुभंकर मंडल कार्यपालक मौजूद थे।

## कृषि विज्ञान केंद्र में प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन



**बालूमाथ।** बालूमाथ कृषि विज्ञान में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला सहकारिता पदाधिकारी जगमनी टोपनो द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र लातेहार के प्रभारी वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान महेश चंद्र जेरई, डॉ अरविंद मिश्रा वरीय वैज्ञानिक एवं वैज्ञानिक प्रसार डॉक्टर एस कुमार वैज्ञानिक उद्यान डॉक्टर आरती विना इक्का वैज्ञानिक उद्यान प्रखंड सहकारी पदाधिकारी सुमन कुमार सिंह लैंपस पैक्स के अध्यक्ष सचिव कार्यकारिणी सदस्य कृषि विज्ञान केंद्र लातेहार एवं सहकारिता विभाग के कर्मचारियों का उपस्थित थे। सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत डॉक्टर अरविंद मिश्रा के द्वारा किया गया और कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा की गई कार्यक्रम के उद्देश्यों और उनसे होने वाले लाभ से प्रशिक्षणार्थियों को अवगत कराया गया।

# असीमित संत्रास

देश आने वाली पीढ़ियों के लिये छोड़कर जाएंगे। वायु प्रदूषण की विभीषिका, गहराते जल संकट, सिमटते प्राकृतिक संसाधन व रोजगार की विसंगतियों के बीच आने वाली पीढ़ी के बच्चों का जीवन निस्संदेह संघर्षपूर्ण होगा। बच्चों के भविष्य पर जलवायु संकट का खतरा अलग से मंडराने लगा है। यही वजह है कि संयुक्त राष्ट्र बाल कोष यानी यूनिसेफ ने बच्चों के भविष्य की तस्वीर उकेरते हुए विभिन्न चुनौतियों के मुकाबले के अनुरूप नीति निर्माण की जरूरत बतायी है। यह एक हकीकत है कि वर्ष 2021 तक भारत बच्चों पर जलवायु जोखिम सूचकांक में 163वें स्थान पर रहा है। लेकिन इस सदी के मध्य तक स्थिति खासी चुनौतीपूर्ण होने की आशंका है। यूनिसेफ का आकलन है कि ग्लोबल वार्मिंग के चलते वर्ष 2050 तक बच्चों को वर्ष 2000 की तुलना में आठ गुना अधिक तपिश झेलनी पड़ सकती है। दरअसल, हाल ही में यूनिसेफ ने द फ्यूचर ऑफ चिल्ड्रेन इन चेंजिंग वर्ल्ड शीर्षक अपनी सालाना रिपोर्ट में भारत में बच्चों के भविष्य को लेकर उत्पन्न चुनौतियों का मंथन किया है। जिक्र है कि साल 2050 तक भारत में 35 करोड़ बच्चे जनसांख्यिकीय बदलावों, जलवायु संकट और तकनीकी बदलावों की चुनौतियों का सामना कर रहे होंगे। उल्लेखनीय है कि उस समय देश जनसांख्यिकी बदलावों की चुनौती से जूझ रहा होगा। इस बदलाव के चलते ही वर्तमान की तुलना में बच्चों की संख्या में करीब दस करोड़ की कमी आएगी। ऐसे वक्त में जब पूरी दुनिया में एक अरब बच्चे वर्तमान में उच्च जोखिम वाले जलवायु खतरों का मुकाबला कर रहे हैं, तो 2050 की स्थिति का सहज आकलन किया जा सकता है। दरअसल, मौजूदा दौर में जिस तेजी से गांवों से शहरों की ओर पलायन बढ़ रहा है, अनुमान लगाया जा रहा है कि वर्ष 2050 तक देश की आधी आबादी शहरों में रह रही होगी।

## कार्टून वर्ल्ड






**मेष :** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9

**वृष :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गो का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9

**मिथुन :** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8

**कर्क :** राजकीय कार्यो से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यो में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9

**सिंह :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9

**कन्या :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

**तुला :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

**वृश्चिक :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8

**धनु :** आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-6-9

**मकर :** अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-4-6-8

**कुंभ :** जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7

**मीन :** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9

# सोशल मीडिया पर अफसरी कितनी जायज ?



**सिविल** सर्विसेज में सोशल मीडिया आचरण की उभरती चुनौतियां सचमुच परेशान करने वाली हैं। सोशल मीडिया सार्वजनिक दृश्यता को बढ़ाता है, जिससे अधिकारी द्वारा दिया गया हर बयान सार्वजनिक मूल्यांकन के अधीन हो जाता है, जिससे प्रशासन की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचने का जोखिम होता है। उदाहरण के लिए सोशल मीडिया पर केरल सरकार के कृषि विभाग के विशेष सचिव की हालिया टिप्पणियों की व्यापक आलोचना हुई, जिससे सार्वजनिक अधिकारियों द्वारा विवेकपूर्ण ऑनलाइन आचरण की आवश्यकता पर ध्यान आकर्षित हुआ। ₹सेवा के सदस्य के लिए अनुचित₹ शब्द की व्याख्या की जा सकती है, जिससे उचित सोशल मीडिया व्यवहार के बारे में अस्पष्टता पैदा होती है। उद्योग निदेशक, 2024 (केरल) द्वारा एक व्हाट्स ऐप समूह का निर्माण विभाजनकारी माना गया, जिसमें दिशा-निर्देश निजी डिजिटल इंटरैक्शन के लिए सीमाओं को स्पष्ट रूप से परिभाषित करने में असमर्थ थे। व्यापक अनुशासनात्मक प्रावधानों को चुनिंदा रूप से लागू किया जा सकता है, जिससे पक्षपात और लक्ष्यीकरण की धारणाएं बनती हैं। आचरण नियमों के असमान प्रवर्तन के परिणामस्वरूप अक्सर कनिष्ठ अधिकारियों को कड़ी जांच का सामना करना पड़ता है, जबकि वरिष्ठ अधिकारियों के साथ नरमी बरती जा सकती है।

सोशल मीडिया पर संवेदनशील सरकारी डेटा या आंतरिक चर्चाएं साझा करना, यहां तक कि अनजाने में भी, गोपनीयता भंग कर सकता है और राष्ट्रीय सुरक्षा जोखिम पैदा कर सकता है। सोशल मीडिया गतिविधि के कारण अनुशासनात्मक कार्रवाई का डर अधिकारियों के मनोबल को प्रभावित कर सकता है, जिससे खुली बातचीत और नवाचार में बाधा आ सकती है। व्यक्तिगत अधिकारों के साथ प्रशासनिक अनुशासन को संतुलित करने के सकारात्मक पहलू। संतुलित दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करता है कि अधिकारी अपने अधिकारों का सम्मान करते हुए जवाबदेह हों, व्यावसायिकता को बढ़ावा दें। पारदर्शी नियम जनता के विश्वास को मजबूत करते हैं, क्योंकि नागरिक अधिकारियों को नैतिक और उचित दोनों मानकों का पालन करते हुए देखते हैं। यह निष्पक्ष प्रशासन के बारे में जनता की धारणा को मजबूत करता है। स्पष्ट दिशा-निर्देशों के साथ, सिविल सेवक शासन के मामलों पर जनता से जुड़ने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग कर सकते हैं, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी। आईएएस अधिकारियों द्वारा सार्वजनिक आउटरीच अभियान सेवा वितरण और नागरिक भागीदारी में सुधार कर सकते हैं। परिभाषित नियम अस्पष्टता को कम करते हैं, डिजिटल क्षेत्र में अधिकारियों के लिए एक स्पष्ट नैतिक ढांचा प्रदान करते हैं। सोशल मीडिया के उपयोग के लिए एक उदाहरणात्मक आचार संहिता अधिकारियों का मार्गदर्शन कर सकती है, जिससे गलत व्याख्या का जोखिम कम हो जाता है। निष्पक्ष नियम अधिकारियों को मनमानी कार्रवाई से बचाते हैं, जिससे उन्हें अपनी पेशेवर जिम्मेदारियों को व्यक्तिगत स्वतंत्रता के साथ संतुलित करने की अनुमति मिलती है। सुरक्षा को निर्दिष्ट करने वाले दिशानिर्देश व्यक्तिगत शिकायतों के आधार पर अनुशासनात्मक कार्रवाइयों के दुरुपयोग को रोकने में मदद करते हैं।



-प्रियंका

> व्यक्तिगत अधिकारों के साथ प्रशासनिक अनुशासन को संतुलित करने के नकारात्मक पहलू। अत्यधिक प्रतिबंध व्यक्तिगत अभिव्यक्ति में बाधा डाल सकते हैं, जिससे एक कठोर वातावरण बन सकता है जो खुलेपन को रोकता है। अधिकारी अनुशासनात्मक कार्रवाई के डर से लाभकारी जानकारी साझा करने से बच सकते हैं, जिससे पारदर्शिता कम हो सकती है।

व्यक्तिगत अधिकारों के साथ प्रशासनिक अनुशासन को संतुलित करने के नकारात्मक पहलू। अत्यधिक प्रतिबंध व्यक्तिगत अभिव्यक्ति में बाधा डाल सकते हैं, जिससे एक कठोर वातावरण बन सकता है जो खुलेपन को रोकता है। अधिकारी अनुशासनात्मक कार्रवाई के डर से लाभकारी जानकारी साझा करने से बच सकते हैं, जिससे पारदर्शिता कम हो सकती है। सोशल मीडिया पर पेशेवर और व्यक्तिगत आचरण के बीच अंतर करना मुश्किल है, जिससे अकसर भ्रम की स्थिति पैदा होती है। नियमों को राजनीतिक एजेंडे से प्रभावित होकर चुनिंदा तरीके से लागू किया जा सकता है, जिससे अधिकारी की स्वतंत्रता प्रभावित होती है। ऐसे मामले जहां अधिकारियों को चुनिंदा तरीके से अनुशासित किया जाता है, प्रवर्तन तंत्र की तटस्थता में विश्वास को कम करता है। सोशल मीडिया की निगरानी अधिकारियों के व्यक्तिगत अधिकारों का उल्लंघन कर सकती है, जिससे निगरानी के बारे में नैतिक सवाल उठते हैं। अनुशासन पर अत्यधिक जोर देने से मनोबल प्रभावित हो सकता है, जिससे अधिकारियों की जनता के साथ सक्रिय रूप से जुड़ने की इच्छा सीमित हो सकती है। आईएएस अधिकारियों के लिए सोशल मीडिया पर स्वीकार्य सामग्री और व्यवहार को रेखांकित करने वाले विशिष्ट नियम विकसित करें। नियम, 1968 में बदलाव किए जाने चाहिए, जिसमें सोशल मीडिया आचरण के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देशों का अभाव है।

1968 के नियमों में ₹सेवा के सदस्य के लिए अनुचित₹ जैसे शब्दों को किसी भी तरह की मनमानी कार्रवाई को हटाने के लिए निष्पक्ष रूप से परिभाषित किया जाना चाहिए। सुनिश्चित करें कि रैंक या स्थिति की परवाह किए बिना अनुशासनात्मक कार्रवाई समान रूप से लागू की जाती है। अधिकारियों के गोपनीयता अधिकारों की रक्षा के लिए व्यक्तिगत सोशल मीडिया खातों की निगरानी पर सीमाएं निर्धारित करें। व्यक्तिगत और आधिकारिक खातों के बीच स्पष्ट सीमांकन अनावश्यक गोपनीयता उल्लंघनों से बचने में मदद कर सकता है। अधिकारियों का मार्गदर्शन करने के लिए सोशल मीडिया के नैतिक और जिम्मेदार उपयोग पर नियमित प्रशिक्षण आयोजित करें। सोशल मीडिया नैतिकता पर कार्यशालाओं से अधिकारियों को डिजिटल इंटरैक्शन के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं के बारे में शिक्षित किया जा सकता है। एक ऐसा प्लेटफार्म विकसित करें जहां अधिकारी अनुशासनात्मक कार्रवाई के खिलाफ अपील कर सकें, जिससे निष्पक्ष सुनवाई सुनिश्चित हो सके।

मिशन कर्मयोगी के पारदर्शी और जवाबदेह सिविल सेवा के दृष्टिकोण जैसे क्षमता निर्माण पहलों के साथ तालमेल बिठाते हुए, भारत को सिंगापुर के सार्वजनिक अधिकारियों के लिए आचार संहिता जैसी वैश्विक प्रथाओं से प्रेरित होकर सोशल मीडिया आचरण पर स्पष्ट दिशा-निर्देश अपनाने चाहिए। यह संतुलित दृष्टिकोण अनुशासन और व्यक्तिगत अधिकारों दोनों को मजबूत करेगा, डिजिटल युग के लिए एक लचीली सिविल सेवा का निर्माण करेगा और उन्हें भारत के स्टील फ्रेम के रूप में मजबूत करेगा।

(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

## लेटर टू एडिटर

### न्याय की तार्किकता

**सत्तारूढ़** बीजेपी सरकारों द्वारा गंभीर अपराधों, अनधिकृत कब्जों के खिलाफ पीला पंजा इस्तेमाल कर मकानों को गिराने की नीति के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिशा-निर्देश जारी करने पर चर्चा करने वाला था। अपराध साबित होने से पहले किसी का मकान गिराना उसके पूरे परिवार से अन्याय है, अगर बाद में व्यक्ति बेकसूर साबित हो जाए तो इसकी क्षतिपूर्ति कौन करेगा। कई बार देखा गया है कि बुलडोजर की कार्रवाई समाज के एक वर्ग विशेष के लोगों के खिलाफ ही की जाती है। बुलडोजरी न्याय पर प्रतिबंध, जनहित में न्याय संगत तथा काबिलेतारीफ है।

**-अनिल कौशिक, रांची**

### गरिमापूर्ण जीवन

**सुप्रीम** कोर्ट का आदेश जेलों में जाति के आधार पर काम के बंटवारे में सुधार लाने के लिए ऐतिहासिक और स्वागतयोग्य है। यह अंग्रेजी शासन की बर्बरता को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**-ईश्वर गर्ग, हजारीबाग**

## एक्स - ट्वीट

**किसान** कल्याण की यात्रा भारत के विकास की गाथा बनी है। केंद्र सरकार के प्रयासों से आज भारतीय कृषि विकसित भारत के विराट संकल्पों को नई गति दे रही है।

**- शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय मंत्री, भारत सरकार**

**बांग्लादेश** में इस्कॉन टेंपल के संत की गिरफ्तारी और अल्पसंख्यक हिंदुओं के खिलाफ लगातार हो रही हिंसा की खबरें अत्यंत चिंताजनक हैं। मेरी केंद्र सरकार से अपील है कि इस मामले में हस्तक्षेप किया जाए और बांग्लादेश सरकार के समक्ष अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का मुद्दा मजबूती से उठाया जाए।

**-प्रियंका गांधी, सांसद**

# गैंगस्टर का समर्थन न करें राजनीतिक पार्टियां

**योगेश कुमार सोनी**

चुनाव 2024

**महाराष्ट्र** अगले महीने विधानसभा चुनाव का सामना करने वाला है। उत्तर भारतीय विकास सेना के नेता सुनील शुक्ला पश्चिम बांद्रा निर्वाचन क्षेत्र से कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की तरफ से नामांकन दाखिल करना चाहते हैं। यह निर्वाचन क्षेत्र राकांपा के दिवंगत नेता बाबा सिद्दीकी का रहा है। समझ यह नहीं आता कि इस तरह की बातों से ऐसे लोग क्या साबित करना चाहते हैं। गैंगवार को लेकर देश विषम परिस्थितियों से गुजर रहा है जिसको लेकर हर कोई चाहता है कि देश में अमन-चैन बना रहे लेकिन सुनील शुक्ला जैसे लोग ऐसी बातें करके युवाओं के भविष्य को गलत हवा दे रहे हैं। बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद से कुछ लोग लारेंस बिश्नोई की सोशल मीडिया पर प्रशंसा कर रहे हैं और उसे कई तरह की उपाधियों से नवाजा जा रहा है। सबसे बडा दुर्भाग्य यह है कि युवा, लारेंस को अपना आदर्श मान रहे हैं। लेकिन यह लोग इतनी सी बात नहीं समझ रहे कि मौत का खेल दूर से देखने में ही मजा आता है, खुद खेलने में जिंदगी में आग लग जाती है।

भारतीय राजनीति में कड़े नियम-कानून-कायदे न होने की वजह से इस तरह की तमाम तरह की आजादी है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि अपराधी भी चुनाव लड़ सकता है और आश्चर्य की बात वह आरोपी भी है और जेल में हैं तब भी चुनाव लड़ सकता है। इससे एक बात तो तय है कि जिस तरह हमारे यहां छूट है उसी का ऐसे लोग बेजा फायदा उठाते हैं। सवाल यह है कि आखिर ऐसे प्रावधान में बदलाव क्यों नहीं हो सकता। क्या इस तरह की संचालन प्रक्रिया आने वाले मौजूदा व आने वाले समय में युवाओं को नकारात्मकता की ओर नहीं ले जाएगी? चुनाव लड़ना देश की सेवा के लिए प्रेरित करने के लिए होना चाहिए या शक्ति प्रदर्शन दिखाने के लिए ? आजकल लोगों की सोच तो शक्ति प्रदर्शन दिखाने की ओर इशारा कर रही है।

हमें ऐसी सोच पर नियंत्रण पाना होगा, क्योंकि ऐसे लोगों के लिए चुनाव लड़ने का मतलब केवल सत्ता पर काबिज होना ही होता है। यदि लारेंस बिश्नोई जैसे गैंगस्टर चुनाव लड़ते हैं तो इस बात का क्या अर्थ निकाला जाए। मतलब जिससे देश असुरक्षित महसूस कर रहा है और सुनील जैसे लोग उनके हाथ में जनता की सुरक्षा देने चाहते हैं। जो पार्टी या नेता गलत व सही के बीच फर्क नहीं समझ सकती उसका पंजीकरण रद्द होना चाहिए। जब उनके मंसूबे इस तरह के हैं तो उनसे सकारात्मक राष्ट्र के निर्माण की उम्मीद करना बेमानी होगा। गुणवत्ता पर बात हो, मुद्दों पर बात हो, तथ्यात्मक घटनाओं पर बात हो, हमें इस तरह की पार्टी व नेता की जरूरत है।

हम पहले से ही बाहरी दुश्मनों से परेशान हैं और यदि अपने देश की आंतरिक व्यवस्था भी आतंकवाद से घिर जाएगी तो चुनौती बड़ी हो सकती है। जम्मू- कश्मीर में बीते मात्र 15 दिनों में 19 लोगों की जाने जा चुकी है। इस समय केन्द्र व राज्य सरकार का सारा ध्यान आतंकवाद पर केन्द्रित है। इसके अलावा दिल्ली में गैंगस्टर के नाम से कुछ लोग दहशत फैला रहे हैं। बहुत सारे तो ऐसे लोग हैं जिनका गैंगस्टर से किसी भी प्रकार का कोई संबंध नहीं है और वह उनके नाम पर उगाही तक भी कर रहे हैं। निश्चित तौर पर व्यापारी वर्ग सहमा हुआ रहता है।

लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर ऐसा हो रहा है और निश्चित तौर पर उसको यह नहीं पता होगा कि उसके नाम का कौन-कौन प्रयोग कर रहा है। हमें इस ट्रैक पर चल रहे युवाओं को समझाना होगा कि किसी भी गैंगस्टर या बदमाश के जीवन का कोई अर्थ नहीं होता। वो चाहे कितना भी पैसा और नाम बना ले लेकिन वह अपनी जिंदगी नहीं जी सकता। वह सारी जिंदगी जेल में ही रहता है। युवाओं को यह नहीं मालूम की इस राह में कितने कांटे है और न तो ऐसे लोगों का कोई जीवन होता और न ही घरवाले कभी सुरक्षित रह पाते।

यदि किसी को कॉपी करना है तो ऐसे लोगों को कॉपी करें, जिससे आपका भविष्य बने। अपनी जिंदगी की कीमत समझें चूंकि यह मानव जीवन आसानी से नहीं मिलता। इसका हर पल व क्षण अपने भविष्य बनाने व परिवार का भविष्य संवारने में लगाएं।

गैंगस्टर की जिंदगी में किसी भी प्रकार की खुशी नहीं होती। वह आपसी रंजिश या पुलिस एनकाउंटर में मारे जाते हैं या फिर पकड़े जाने पर पूरी जिंदगी जेल में सड़ते हैं। इसलिए राजनीतिक पार्टी छोटी हो यहा बड़ी सबको अपना कर्तव्य को याद रखना होगा चूंकि आप सभी समाज को लीड करते हो जिसकी वजह से जैसा आप कहते व प्रस्तुत करते हो वैसे राष्ट्र का निर्माण होता है। किसी भी गलत व्यक्ति के विषय में आप इस तरह की बातें करेंगे तो निश्चित तौर पर समाज में गलत संदेश जाएगा।

# भारत-जर्मनी के मजबूत होते संबंध और अंतर्राष्ट्रीय ताकत बनता भारत

**कमलेश पांडे**

सामयिक

**भारत** दौरे पर आए जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिस तरह से यूक्रेन और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को द्विपक्षीय चिंता का विषय बताया और वैश्विक संघर्षों से निपटने के लिए अंतर्राष्ट्रीय कानूनों पर आधारित राजनीतिक समाधान की वकालत की, उसका अपना कूटनीतिक महत्व है।

भारत और जर्मनी के द्विपक्षीय सम्बन्ध वैसे नहीं हैं, जैसे भारत और फ्रांस के हैं, भारत और इजरायल के हैं, भारत और जापान के हैं या फिर भारत और ऑस्ट्रेलिया के हैं। यही नहीं, भारत और जर्मनी के आपसी सम्बन्ध भारत और अमेरिका या भारत और इंग्लैंड जैसे भी नहीं हैं। इसलिए भारत और जर्मनी के द्विपक्षीय रिश्तों को मजबूत बनाना दोनों देशों के नेतृत्व के लिए बहुत जरूरी है। बहुचर्चित तानाशाह हिटलर की भूमि जर्मनी में भारत और भारतीयों की दिलचस्पी स्वाभाविक है। जर्मनी से भारत के प्रगाढ़ रिश्ते इसलिए भी जरूरी हैं, ताकि पारस्परिक कारोबार बढ़े और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत को एक और दिलाजिज मित्र का साथ मिले, उसी तरह से जैसे कि फ्रांस देता आया है।

हालांकि, गत दिनों भारत के दौरे पर आए जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज और इंडिया के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच जो रणनीतिक बातचीत हुई है, उससे इस बात के संकेत मिल रहे हैं कि जर्मनी का नेतृत्व भी वैश्विक नजाकत और जरूरत को देखते हुए भारत के प्रति अपने पुराने रुख में बदलाव ला रहा है, जिससे दोनों देशों को फायदा होगा। वास्तव में, फोकस ऑन इंडिया और लेबर स्ट्रैटिजी नाम से जारी दो जर्मन रिपोर्ट्स में इस बात का जिक्र किया जा चुका है कि जर्मनी में भारतीय मूल के ढाई लाख लोग हैं, जिनमें छात्र और स्किल्ड प्रोफेशनल्स शामिल हैं। हालिया वर्षों में यह संख्या दुगुनी हुई है। जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज ने इसे समझा है और भारत के दौरे के क्रम में कहा भी है कि दुनिया में हमें मित्रों और सहयोगियों की आवश्यकता है- जैसे भारत और जर्मनी हैं। इसलिए दोनों देशों के बदलते और नव प्रगाढ़ हो रहे द्विपक्षीय सम्बन्धों के अंतर्राष्ट्रीय निहितार्थ को समझने की जरूरत है।

पहला, भारत और जर्मनी के बीच 18 डाक्यूमेंट्स पर साझा सहमति बनी है। जिसमें म्युचुअल लीगल असिस्टेंट इन क्रिमिनल मैटर्स, क्लासिफाइड इन्फॉर्मेशन, ग्रीन हाइड्रोजन रोड मैप, टेक्नोलॉजी और इनोवेशन पर रोड मैप, श्रम और रोजगार, अडवांस मटीरियल्स में रिसर्च एंड डिवेलपमेंट को लेकर सहयोग, ग्रीन अर्बन मोबिलिटी पार्टनरशिप, के साथ स्किल डिवेलपमेंट और वोकेशनल एडुकेशन एंड ट्रेनिंग में सहयोग सहमति बनी है, जिससे न सिर्फ दोनों देश लाभान्वित होंगे बल्कि समकालीन विश्व के देशों को भी इससे फायदा पहुंचेगा। क्योंकि भारत हमेशा तीसरी दुनिया के देशों यानी ग्लोबल साउथ की बात करता आया है।

वहीं, भारत दौरे पर आए जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिस तरह से यूक्रेन और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को द्विपक्षीय चिंता का विषय बताया और वैश्विक संघर्षों से निपटने के लिए अंतर्राष्ट्रीय कानूनों पर आधारित राजनीतिक समाधान की वकालत की, उसका अपना कूटनीतिक महत्व है। वहीं, उनका यह कहना कि 20वीं सदी में स्थापित वैश्विक मंच 21वीं सदी की चुनौतियों से निपटने में सक्षम नहीं हैं। इसलिए सुरक्षा परिषद सहित विभिन्न बहुपक्षीय संस्थानों में सुधार की आवश्यकता है।

वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने जर्मनी से घोषित 'फोकस ऑन इंडिया' रणनीति का स्वागत करते हुए कहा है कि, 'मुझे खुशी है कि अपनी साझेदारी को विस्तार देने और बढ़ाने के लिए हम कई नई और महत्वपूर्ण पहल कर रहे हैं। क्रिटिकल और इमर्जिंग टेक्नॉलजी, स्किल डिवेलपमेंट और इनोवेशन पर सरकार की अप्रोच को लेकर सहमति बनी है। इससे एआई (अक) सेमीकंडक्टर और क्लीन एनर्जी जैसे क्षेत्रों में सहयोग को बल मिलेगा। वहीं, रक्षा क्षेत्रों में बढ़ता सहयोग गहरे आपसी विश्वास का प्रतीक है।

वहीं, पीएम ने गोपनीय सूचनाओं (क्लासिफाइड इन्फर्मेशन) पर सामने आए समझौतों को बेहद अहम बताया। जबकि साझा लीगल असिस्टेंट ट्रीटी को आतंकवादी और अलगाववादी तत्वों से निपटने की दिशा में अहम कदम करार दिया। साथ ही कहा कि ग्रीन और सस्टेनेबल ग्रोथ के साझा कमिटमेंट पर दोनों देश लगातार काम कर रहे हैं। इसके तहत दोनों देशों ने ग्रीन अर्बन मोबिलिटी पार्टनरशिप के दूसरे दौर पर सहमति बनाई है। दोनों देशों ने ग्रीन हाइड्रोजन रोडमैप भी लॉन्च किया।

बहरहाल, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जर्मनी की कंपनियों को देश में आमंत्रित करते हुए ठीक ही कहा कि निवेश के लिए भारत से बेहतर कोई जगह नहीं है और देश की विकास गाथा का हिस्सा बनने का यह सही समय है। उन्होंने 'एशिया पैसिफिक कॉन्फ्रेंस ऑफ जर्मन बिजनेस' के 18वें सम्मेलन में कहा कि विदेशी निवेशकों के लिए भारत की विकास गाथा का हिस्सा बनना, 'मेक इन इंडिया' और 'मेक फॉर द वर्ल्ड' पहल में शामिल होने का यह 'सही' समय है। जर्मनी ने भारत के कुशल वर्क फोर्स में जो विश्वास जताया है, वह अद्भुत है।

इस यूरोपीय देश ने कुशल भारतीय वर्क फोर्स के लिए वीजा की संख्या 20,000 से बढ़ाकर 90,000 करने का निर्णय लिया है। मोदी ने आगे यह भी कहा कि, भारत वैश्विक व्यापार और मैन्युफैक्चरिंग का केंद्र बन रहा है। यह आज डेमोक्रेसी, डेमोग्राफी, डिमांड और 'डेटा' के मजबूत स्तंभों पर खड़ा है। भारत सड़कों और बंदरगाहों में रेकॉर्ड निवेश कर रहा है। साथ ही हिंद-प्रशांत क्षेत्र और दुनिया के भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

## स्पीड न्यूज

### श्री अग्रसेन स्कूल में अल्बर्ट एक्का की पुण्यतिथि पर कई प्रतियोगिताएं



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल में मंगलवार को परमवीर चक्र विजेता अमर शहीद अल्बर्ट एक्का की पुण्यतिथि मनाई है। उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। सेवानिवृत्त शिक्षक पात्रिक मिंज ने कहा कि 1971 में अलबर्ट एक्का ने पाक सेना का बंकर उड़ा दिया। पाक सैनिकों को मार गिराया। रेलवे के आउटर सिग्नल इलाका को कब्जे में लेने के बाद वापस आने के दौरान टॉप टावर मकान के ऊपर में खड़ी पाक सेना ने अचानक मशीनगन से उन पर हमला कर दिया। इसमें 15 भारतीय सैनिक मारे गए। तब अलबर्ट दौड़ते हुए टॉप टावर पर चढ़ गए और मशीनगन को कब्जे में लेकर दुश्मनों को तहस–नहस कर दिया। इस दौरान अलबर्ट एक्का को 20 से अधिक गोलियां लगीं। वह टॉप टावर से नीचे गिर गए और अपनी अंतिम सांस ली। पुण्यतिथि के मौके पर क्विज, निबंध, भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को अल्बर्ट एक्का की जीवनी से परिचित कराया गया। इस अवसर पर अरविंद दुबे, सूफियान अख्तर उपस्थित थे।

### सेवा मंच ने मनाया दिव्यांग दिवस



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर मंगलवार को समाजसेवी संस्था राष्ट्रीय सेवा मंच के तत्वावधान में भुरकुंडा बाजार में कई कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के जन्म दिवस पर उनके तस्वीर पर मंच के लोगों द्वारा पुष्प अर्पित कर की गई। मंच ने दूर–दराज ग्रामीण क्षेत्रों से आये दिव्यांगों को बैसाखी, कंबल एवं गर्म वस्त्र का वितरण किया। अध्यक्ष डब्लू सिंह ने कहा कि ठंड को देखते हुए आने वाले समय में गरीबों के बीच और भी कंबल का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, रिंकू वर्णवाल, रविंदर मिस्त्री, कारू यादव, शिवकुमार यादव, लखन राम, अशोक झा, सनी नायक, संजू सिन्हा आदि का विशेष योगदान रहा।

### कुल्ही चौक पर खुला मोटर शोरूम




**रजरप्पा।** गोला रोड कुल्ही चौक में सोमवार को आरके प्राइम मोटर का उदघाट्न ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और दीप जलाकर किया। शोरूम के ऑनर राजेंद्र करमाली ने लोगों को बताया कि आरके प्राइम मोटर शोरूम में देश के कई नामी गिरामी कंपनी ने ग्राहकों को उचित मूल्य पर मुहैया कराए जाएंगे। दीपावली और धनतेरस पर इस शोरूम में गाड़ियों पर ग्राहकों को दस से पच्चीस प्रतिशत छूट पर दिए जाएंगे. यहां पहुँचे अथितियों का माला पहनाकर एवं बुके देकर भव्य स्वागत किया गया. मौके पर देवनन्दन महतो सलखु महतो, राजकुमार करमाली, रामकिशन भोगता (मुखिया) अनिल तुरी, मनोहर महतो, कालीचरण महतो, राज करमाली, हेमंत महतो, रविरतन महतो, पिंटू करमाली, कार्तिक करमाली, सिंगर श्रवण आदि उपथित थे।

### विधायक ने छिन्नमस्तिके मंदिर में की पूजा



**रजरप्पा।** पोटका विधानसभा क्षेत्र से झामुमो के विधायक संजीव सरदार मंगलवार को चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद पहली बार पत्नी रानीता सरकार के साथ रजरप्पा पहुंचे। यहां पर उन्होंने विधिवत रूप से मां छिन्नमस्तिके की पूजा–अर्चना कर मां भगवती के आगे माथा टेककर उनका आशीर्वाद लिया। उसके बाद 101 नारियल बलि देकर पंडित छोटू पंडा द्वारा रक्षा सूत्र भी बंधवाया। पूजा अर्चना कर माता से राज्य की सुख और समृद्धि की कामना की। इस दौरान कांग्रेस और जेएमएम कार्यकताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह जीत मेरा जीत नहीं है. यह पोटका विधानसभा की जनता की जीत है। जनता ने मुझ पर जो विश्वास किया है, उस विश्वास को कभी कम नहीं होने दूंगा. मौके पर मानिक पटेल, पवन केवट आदि मौजूद थे।

### जुबिली कॉलेज के खिलाड़ी हजारीबाग गये



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बिनोवा भावे अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स प्रतियोगिता (2024–2025) में भाग लेने के लिए मंगलवार को जुबिली कॉलेज भुरकुंडा से कोच के साथ 16 खिलाड़ी संत कोलंबस कॉलेज हजारीबाग के लिए रवाना हुए। इन सबों को रवाना करते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एकेएस झा एवं खेल विभागाध्यक्ष मनोज प्रसाद ने बताया कि 4 दिसंबर से 6 दिसंबर 2024 तक संत कोलंबस कॉलेज हजारीबाग में होने वाले एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कोच नवीन कुमार के साथ कुल 16 प्रतिभागी रवाना हुए है। रवाना होने वाले प्रतिभागियों में अंजली मुंडा, आकृति उरांव, अनुराधा कुमारी, मुस्कान विश्वकर्मा, सोनी कुमारी, भारती कुमारी, पूजा कुमारी, गीता कुमारी, अंजली कुमारी, आयषा कुमारी, सिमरन भारती, विशाल मांझी, मुन्ना बेदिया, विकास उरांव, राजेंद्र उरांव, कृष्णा कुमार मुंडा शामिल हैं। खिलाड़ियों के रवानगी पर जुबिली महाविद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते जीत की शुभकामनाएं दी।

# सांसद व विधायक ने हजारीबाग में बढ़ते अपराध पर जतायी गहरी चिंता

**खबर मंत्र संवाददाता**

- सरकार अपराध पर अंकुश लगाये नहीं तो आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे: जायसवाल
- सुरक्षा के लिए सख्त कदम उठाये प्रशासन : प्रदीप प्रसाद
- हजारीबाग जिले में हो रही हत्या लोग दहशत में : मनोज यादव



**हजारीबाग।** जिले में हाल के दिनों में बढ़ते अपराधों को लेकर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, सदर विधायक प्रदीप प्रसाद व बरही विधायक मनोज यादव ने गहरी चिंता जताई है। ज्ञात हो कि सोमवार की रात को कटकमदाग प्रमुख के पति उदय साव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि यह घटना समाज को कलंकित करने वाली हैं और बेहद हृदयविदारक हैं। उन्होंने इस घटना की कड़ी भर्त्सना करते हुए कहा कि हजारीबाग पुलिस प्रशासन को ऐसी घटनाओं से जागृत होकर आरोपियों को जल्द चिन्हित कर कठोर कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए ताकि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति हजारीबाग में ना हो। सांसद मनीष जायसवाल ने यह भी कहा कि अगर प्रशासन और सरकार जल्द ऐसी आपराधिक घटनाओं पर नकेल नहीं कसती है तो हम सड़क पर उतरकर आंदोलन करने को बाध्य होंगे। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की हजारीबाग में अपराधों का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है, जो कि चिंता का विषय बन चुका है। यह तीसरी बड़ी घटना है, जो केवल डेढ़ महीने के भीतर हुई है। पहले मंजीत यादव की हत्या, फिर प्रकाश ठाकुर की हत्या, और अब उदय साव की हत्या ने हजारीबाग को भय और असुरक्षा के माहौल में तब्दील कर दिया है। विधायक ने आगे कहा इन घटनाओं से पूरे जिले में डर का माहौल उत्पन्न हो रहा है। एक ही स्थान पर पांच गोलियां चलाना यह दर्शाता है कि ये घटनाएं कोई आकस्मिक नहीं, बल्कि सुनियोजित साजिश का परिणाम हैं। मैं प्रशासन, पुलिस और सरकार से अनुरोध करता हूं कि अपराधियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जाए, ताकि हजारीबाग में कानून और व्यवस्था बहाल हो सके। सभी दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। बरही विधानसभा के विधायक मनोज यादव ने कहा कि हजारीबाग जिले में हो रही हत्या की घटनाओं ने पूरे क्षेत्र को दहशत में डाल दिया है। कटकमदाग प्रमुख के पति उदय साव की हत्या एक भयावह घटना है, जो हमारे समाज की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़ा करती है। ऐसी घटनाएं केवल हजारीबाग ही नहीं, बल्कि पूरे जिले में असुरक्षा का माहौल बना रही हैं। सरकार और पुलिस प्रशासन से यही अपील है कि अपराधियों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएं। किसी भी निर्दोष नागरिक की जान से खिलवाड़ नहीं होने चाहिए। ऐसे मामलों में शीघ्र कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि दोषियों को जल्द से जल्द सजा मिल सके और भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोका जा सके। समाज में शांति बनाए रखने के लिए प्रशासन को प्रभावी कदम उठाने होंगे।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले के खिलाफ हजारीबाग में प्रदर्शन



**हजारीबाग।** बांग्लादेश में सनातनी समाज (हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध) और उनके धार्मिक स्थलों पर हो रहे लगातार हमलों और अत्याचारों के खिलाफ मंगलवार को कंचन ग्राउंड हजारीबाग स्टेडियम में एक विशाल रैली और जनसभा हुआ। इस रैली में नवनिर्वाचित विधायक प्रदीप प्रसाद और बरही विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक मनोज कुमार यादव के साथ कई लोगो ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और जनता को संबोधित किया। रैली में बड़ी संख्या में सनातन धर्म से जुड़े श्रद्धालु और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। भगवा झंडों के साथ शहर के विभिन्न मार्गों पर जय श्री राम और सनातन धर्म की जय के नारों से गूंज उठा। रैली का मुख्य उद्देश्य बांग्लादेश में सनातनी समाज पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ न्याय की मांग को पुरजोर तरीके से उठाया गया । विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की बांग्लादेश में सनातन धर्म के अनुयायियों और उनके मठ-मंदिरों पर हो रहे हमले सिर्फ धार्मिक हिंसा नहीं हैं, बल्कि यह मानवता और सभ्यता के खिलाफ अपराध हैं। हम इन घटनाओं की कड़ी निंदा करते हैं और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील करते हैं कि वह इन अमानवीय कृत्यों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करे। भारत सरकार को भी इस मुद्दे पर सख्त रुख अपनाते हुए बांग्लादेश सरकार से जवाबदेही सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा हम इस लड़ाई में हर सनातनी के साथ खड़े हैं और यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक न्याय सुनिश्चित नहीं होता। विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि सनातन धर्म दुनिया को शांति, करुणा और मानवता का संदेश देता है। लेकिन बांग्लादेश में इसके अनुयायियों के साथ जिस तरह की बर्बरता हो रही है, वह निंदनीय है। यह सिर्फ सनातनियों पर हमला नहीं है, बल्कि यह धार्मिक स्वतंत्रता और मानवाधिकारों पर सीधा प्रहार है। बांग्लादेश के पीड़ित सनातनी समाज के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए हर मंच पर आवाज उठाएंगे। यह हमारा नैतिक और धार्मिक कर्तव्य है कि हम अपने भाई-बहनों के साथ खड़े हों। सभी से अपील करता हूं कि इस आंदोलन को और मजबूत करें, ताकि पड़ोसी देश में सनातनियों को सुरक्षा और सम्मान मिल सके। रैली के दौरान सैकड़ों की संख्या में सनातनी ने शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए एकजुटता दिखाई।

### सीनियर नेशनल आर्चरी टीम में तमन्ना का चयन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लपंगा कॉलोनी चोरधरा निवासी रूबी वर्मा और शेखर वर्मा की पुत्री सह सौंदा डी उच्च विद्यालय के 10वीं की छात्रा सह तीरंदाज तमन्ना वर्मा का झारखंड के सीनियर नेशनल आर्चरी टीम में चयन हुआ है। रांची होटवार में 1 से 2 दिसंबर को आयोजित चयन ट्रायल में तमन्ना वर्मा ने टॉप थ्री में दो ओलंपिक खिलाड़ी अंकिता भगत और कोमालिका बारी के बीच जगह बनाई है। उसकी रैंकिंग दो है, जबकि पहले नंबर पर ओलंपिक खिलाड़ी अंकिता भगत है और तीसरे नंबर पर कोमालिका बारी शामिल है। तमन्ना की इस उपलब्धि से कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो में खुशी की लहर है। इसी वर्ष अंडर 17 कैटेगरी में तमन्ना ने स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से गुजरात के नाडियाद में 11-12 नवंबर को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता था।

# अडाणी एंटरप्राइजेज लि. को मिला तीन सीएसआर पुरस्कार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बड़कागांव।** अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड को 2024 संस्करण में तीन प्रतिष्ठित भारतीय सीएसआर पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।सम्मान स्वास्थ्य सेवा,महिला सशक्तिकरण और सतत ऊर्जा के क्षेत्रों में समाज के प्रति कंपनी के प्रतिबद्ध योगदान के लिए दिए गए हैं। भारतीय सीएसआर पुरस्कार, इंडिया सीएसआर नेटवर्क द्वारा प्रस्तुत किए जाते हैं, जो नवाचार,स्थिरता, विस्तार और पुनरुत्पादन में उत्कृष्ट कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहलों को मान्यता देते हैं।अडाणी एंटरप्राइजेज को दिल्ली में आयोजित एक समारोह में तीन पुरस्कार प्राप्त हुए। पुरस्कार वितरण समारोह दिल्ली में हुआ, जहां सम्मान प्रतिष्ठित व्यक्तियों द्वारा प्रदान किए गए। इसमें केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री रामनाथ अठावले और पुरी से संसद सदस्य संबित पात्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। आयोजक ब्रांड होन्चोज के नेतृत्व और अरुण मिश्रा ने पुरस्कार प्रदान किए।

# सांसद के निर्देश पर मेडिकल कॉलेज के नये सुप्रिटेंडेंट से मिले रंजन चौधरी

**खबर मन्त्र संवादाता**



हजारीबाग। हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज अस्पताल के नए सुप्रिटेंडेंट प्रोफेसर (डॉ.) अनुकरण पूर्ति से सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर उनके मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने मुलाकात की। रंजन चौधरी ने उनसे शिष्टाचार मुलाकात की और मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जन- जरूरतों के प्रति सजग रहते हुए यहां की चिकित्सा व्यवस्था को दुरुस्त करने, ओपीडी में सीनियर चिकित्सकों की उपस्थिति पर ध्यान देने, विशेषकर दूसरी पाली और रात्रि के समय सीनियर और विशेषज्ञ चिकित्सकों की मौजूदगी सुनिश्चित कराने, अस्पताल के विभिन्न वार्डों में ससमय राउंड कराने, नर्सिंग स्टॉफ और आउटसोर्स कर्मियों को ड्यूटी के प्रति सक्रिय और सजग करने के साथ मेडिकल कॉलेज अस्पताल में करीब डेढ़ वर्ष से बंद पड़े दो पीएसए ऑक्सीजन प्लांट को यथाशीघ्र शुरू कराने, अस्पताल परिसर में 108 एंबुलेंस सेवा को दुरुस्त करने के साथ हॉस्पिटल कैंपस में सीसीटीवी कैमरे चालू कराने सहित अन्य कई विषयों पर विस्तार से चर्चा- परिचर्चा की । रंजन चौधरी को अधीक्षक डॉ. अनुकरण पूर्ति ने आश्वस्त करते हुए कहा कि मैं खुद हर दिन अस्पताल परिसर में विजिट कर रहा हूं और यहां आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों को किसी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए हम सदैव तत्पर रहेंगे।

# रामगढ़ में राष्ट्रीय युवा महोत्सव को लेकर बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- 10 दिसंबर तक प्रतिभागी कर सकते हैं रजिस्ट्रेशन



**रामगढ़।** 13 दिसंबर को राष्ट्रीय युवा महोत्सव को लेकर जिला खेल पदाधिकारी रामगढ़ की अध्यक्षता में सोमवार को अनुमंडल कार्यालय स्थित जिला खेल कार्यालय में बैठक हुई।

खेल पदाधिकारी मारकस हेमरोम ने बैठक में उपस्थित नेहरू युवा केंद्र के पदाधिकारी, एन सी सी रामगढ़ के पदाधिकारी एवं जिले के सभी महाविद्यालय के प्रभारी पदाधिकारियो को 13 दिसंबत को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 में भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु एवं महोत्सव के दौरान होने वाली विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2025 स्थानीय मैक्स इंस्टीट्यूट आफ टीचर ट्रेनिंग इ.म्क कॉलेज में जिला स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें सामूहिक लोक नृत्य, सामूहिक लोकगीत, एकल लोक नृत्य, एकल लोकगीत, कविता लेखन, कहानी लेखन, चित्रकला, भाषण प्रतियोगिता, विज्ञान मेला एकल,विज्ञान मेला सामूहिक एवं फोटोग्राफी का आयोजन किया जाना है प्रतियोगिता में वैसे प्रतिभागी जिनकी आयु 18 वर्ष से 29 वर्ष के बीच हो भाग ले सकते हैं चयनित प्रतिभागी अनुमंडल स्तरीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे एवं राज्य स्तर पर सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी के रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 10 दिसंबर होगी। प्रतियोगिता में रजिस्ट्रेशन हेतु दिए गए लिंक पर कर सकेंगे । लिंक एचटीटीपीएस/ फॉर्मस.जीएलई/ वीसीएमएफजीवाइके आइआजेडीबी 9वीयू8 है। वही रजिस्ट्रेशन एवं प्रतियोगिता संबंधित अधिक जानकारी के लिए महेश प्रसाद संपर्क नंबर 9801121528, नीतीश कुमार मोदी के नंबर 9135 9 73356 , 8 709 16456 में संपर्क कर सकते हैं। बैठक में मुख्य रूप से राहुल सिंह, डॉ कमल राज, श्रीधर मुंडा, अनामिका, डॉ अशोक राम, डॉ विशेश्वर रविदास, प्रो उत्तम कुमार, विकास कुमार, नितीश कुमार मोदी सहित अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर में

### दबंग उदय साव की हत्या से सनसनी



**हजारीबाग।** हजारीबाग झील रोड के पास सोमवार रात 9 :15 के करीब अज्ञात अपराधियों ने सर में गोली मारकर दबंग व पूर्व मुखिया की हत्या कर दी। घटना के सम्बन्ध में बताया जा रहा है की उदय साव काम के सिलसिले में अपने महिला मित्र से मिलने उसके आवास पर गए थे। जब वे उससे मिलकर अपने वाहन बोलेरो से लौट रहे थे उसी वक़्त पहले से घात लगाए बैठे अज्ञात अपराधियों ने उनके वाहन पर ताबड़तोड़ गोली चला दी जिसमे एक गोली उनके सर में लगी और वे वही ढेर हो गए । उन्हें बाद में आरोग्यम अस्पताल ले जाया गया जहा चिकित्सको ने उन्हें मृत घोसित कर दिया। ज्ञात हो की उदय साव दबंग प्रकृति के युवक थे और विवादित जमीन की सुलह सफाई का कार्य करते थे। पूर्व में वे जेल भी जा चुके थे। उनपर कई गंभीर आरोप थे और कई केस चल रहा था और कई केसो से बरी भी हो गए थे। ज्ञात हो की इधर एक माह के अंदर तीन जमीन कारोबारी व दबंग प्रवृति की लोगो की हत्या से जिले में सनसनी का माहौल है। कुछ दिन पूर्व मंजीत यादव, तीन दिन पूर्व राजेश ठाकुर और उदय साव की हत्या से जमीन कारोबार से जुड़े और विवादित जमीन से जुड़े कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। इधर घटना के बाद हजारीबाग के पुलिस कप्तान अरविन्द कुमार सिंह आरोग्यम अस्पताल पहुंचे और मामले की जानकारी ले रहे है। इस मामले में दो युवतियों से पूछताछ की जा रही है।

### प्रकाश ठाकुर हत्याकांड में एक गिरफ्तार



**बड़कागांव ।** थाना क्षेत्र के चेपा गांव निवासी प्रकाश ठाकुर की हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। मंगलवार को पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी पवन कुमार ने पत्रकार वार्ता में बताया कि मृतक प्रकाश ठाकुर की पत्नी सावित्री देवी ने थाने में दिए लिखित आवेदन में 6 लोगों को नामजद आरोपित बनाया था। इसमें एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार आरोपित चिपकला बड़का गांव निवासी उमेश कुमार साहू है। पुलिस अन्य पांच आरोपितों की तलाशी कर रही है। पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी ने यह भी बताया कि घटनास्थल से तीन कारतूस एवं एक खोखा भी बरामद किया गया है। पकड़े गए आरोपित उमेश साव ने पुलिस को बताया कि प्रकाश ठाकुर ने उसके भाई राम लखन साव की गोली मार कर हत्या करने का प्रयास वर्ष 2019 में किया गया था। इसके अलावा ठेकेदारी को लेकर कई बार विवाद उत्पन्न हुआ था। इसी को लेकर घटना का अंजाम दिया गया है।

### चिल्लर लेकर पहुंचे आरटीआइ एक्टिविस्ट



**हजारीबाग।** मतस्य विभाग के अधिकारियों को आरटीआई एक्टिविस्ट मनोज गुप्ता को हलके में लेना महंगा पड़ गया। हुआ यूं की विभाग की किसी मामले की जानकारी के लिए मनोज गुप्ता ने आरटीआई के तहत जानकारी मांगी थी। जिसपर विभाग ने उन्हें एक नोटिस कर सूचना और लिखित पन्ने के एवज में 37,000 रुपये की मांग की थी। नोटिस के बाद मनोज गुप्ता विभाग द्वारा मांगे गए रकम को जमा करने मंगलवार को ऑटो लेकर पहुंच गए। और ऑटो से जब एक व दो रुपये के चिल्लर को निकालकर जमा करना शुरू किये तो वहा उपस्थित अधिकारी व कर्मियों के पसीने छूट गए। मनोज गुप्ता ने वहा कैश यानी नोट के रूप में 11,500 रुपये जमा किये। बाकी की रकम चिल्लारो के रूप में जमा किया गया। इस दौरान पैसा गिनते गिनते कर्मियों की हालत खराब हो गयी। मौके पर उपस्थित मनोज गुप्ता ने कहा की सरकारी विभाग में भ्रस्टाचार चरम पर है। सरकारी विभागों से जब भी आरटीआई के तहत कोई भी जानकारी मांगी जाती है तो वहा कोई न कोई बहाना टाल मटोल की नीति अपनायी जाती है। विभाग दरअसल कोई जानकारी ही नहीं देना चाहती है। इस बार मतस्य विभाग ने पन्नो के एवज में 37,000 की मांग की है। यानी इसके हिसाब से 18,000 पन्ने। जबकि जानकारी 100 पन्नो से भी कम में उपलब्ध हो जाएगी। लेकिन इनको जानकारी देना कहा था। इन्होने सोचा होगा की कोई गरीब आरटीआई एक्टिविस्ट होगा। बड़ी रकम की मांग करने पर किनारा कर लेगा। लेकिन मैंने रकम अदा कर दी है। अब विभाग की बारी है। जल्द जानकारी उपलब्ध कराया जाए।

### मध्य विद्यालय बरसोत में साइकिल वितरित

**बरही।** बरसोत स्थित मध्य विद्यालय के प्रांगण में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें आठवीं कक्षा के छात्र–छात्राओं को कुल 48 साइकिलें वितरित की गईं। यह कार्यक्रम स्थानीय मुखिया मोतीलाल चौधरी की पहल पर आयोजित हुआ। विद्यालय के प्रधानाध्यापक शशि भूषण ने साइकिल वितरण के दौरान छात्रों को साइकिल के सही रखरखाव और उपयोग के तरीके समझाए। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि साइकिल उनकी पढ़ाई और भविष्य को बेहतर बनाने में सहायक होगी। कुल 24 छात्रों और 24 छात्राओं को साइकिलें वितरित की गईं। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्तियों और शिक्षकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में चंदेश्वर भगत, अमरनाथ प्रधान, जगदीश प्रसाद, दिवाकर मिश्रा, मुनमुन शर्मा, बृजेंद्र रविदास, जानकी रविदास, आशा लता, सुशीला कुमारी, और महादेव महतो ने अपनी सहभागिता दी। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार कुशवाहा और सदस्य प्रदीप कुशवाहा भी इस आयोजन में उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि साइकिल के माध्यम से छात्र–छात्राएं अपनी शिक्षा में और अधिक प्रगति करेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को शैक्षिक यात्रा में सहूलियत प्रदान करना था, जिससे बच्चे अपनी पढ़ाई को और बेहतर तरीके से जारी रख सकें। साइकिल प्राप्त कर बच्चों के चेहरे पर खुशी देखते ही बन रही थी।

### दिव्यांगों के समस्याओं को सदन में उठायेंगे : रोशन



**बड़कागांव।** बड़कागांव +2 हाई स्कुल के मैदान में विश्व दिव्यांग दिवस समारोह बड़कागांव /केरेडारी प्रखंड के दिव्यांग संगठन ट्रस्ट द्वारा आयोजित किया गया।आयोजन के मुख्य अथिति विधायक रौशनलाल चौधरी थे। मौके पर उन्होंने दिव्यांगों को गर्म वस्त्र और ट्राई साइकिल का वितरण किया। वही कहा की दिव्यांग भाई बहन हमारे घर का एक हिस्सा है इनके साथ भेदभाव बिलकुल नही होना चाहिए, मै इनके समस्याओ को लेकर सदन में आवाज उठा कर हल करने की कोशिश करूँगा। जब एक सही सलामत खुद से सक्षम लोगों के लिए 2500/= का योजना सरकार चला सकती है तो ये लोग तो दूसरे पर निर्भर है इनलोगों को तो कम से 5000/= पेंशन मिलना ही चाहिए, उन्होंने पिछले 6 महीने से दिव्यांगों के रुके पेंशन पर चिंता जहिर की, इस पर कल्याण पदाधिकारी से तुरंत इस पर पहल करने को कहा। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत कुमार, विकलांग संघ जिला अध्यक्ष सचिन सोनी,प्रखण्ड संयोजक रामेश्वर महतो,अध्यक्ष लोकनाथ राणा, प्रखण्ड सचिव प्रभावती देवी सहित अन्य मौजूद थे।

# क्रिप्टोकरेंसी और डार्कनेट की चुनौतियों को सही ढंग से समझें

**विनायक गोडसे, सीईओ, भारतीय डेटा सुरक्षा परिषद**

**क्रिप्टोकरेंसी** आधारित अर्थव्यवस्था का स्वरूप सही मायनों में वैश्विक है, और यह जरूरी नहीं है कि जिस भी देश में इसका लेन-देन होता है, वहां इसका संचालन या नियंत्रण बेहतरीन ढंग से हो। वैसे तो मुद्रा लिस्टिंग और ट्रेडिंग एक्सचेंज पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता बढ़ाने और इसका आपराधिक इस्तेमाल होने से बचाने के लिए अपने-अपने नियंत्रण को सख्त कर रहे हैं, लेकिन संबंधित चेन में शामिल क्रिप्टो टोकन और अंतर्निहित विभिन्न लेन-देन का दुरुपयोग किए जाने की अभी भी व्यापक गुंजाइश है। कुछ टोकन ऐसे होते हैं जिनमें गोपनीयता और गुमनामी काफी अधिक होती है। यही कारण है कि ये टोकन स्वाभाविक रूप से अपराधियों को काफी लुभाते हैं। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 20% खतरनाक आपराधिक हमले अब क्रिप्टोकरेंसी की फंडिंग से जुड़े होते हैं। आम इंटरनेट उपयोगकताओं से संवेदनशील संवाद को छि?पाने के लिए एक सीक्रेट नेटवर्क बनाने के प्रयास के रूप में जो कुछ भी शुरू हुआ था उसने अब एक पूर्ण डार्कनेट का रूप ले लिया है। यह दरअसल अंतर्निहित प्रौद्योगिकियां उन सीक्रेट नेटवर्कों को दे देता है, जहां मानक ब्राउजरों के माध्यम से नहीं पहुंचा जा सकता है और इनका सूचीकरण सर्च इंजनों द्वारा नहीं किया जाता है। इसके तहत विभिन्न तरह के फोरम, चैट रूम, फाइलों और पिक्चर होस्ट के माध्यम से संवाद कराया जाता है। इतना ही नहीं, इसने वाणिज्यिक सुविधाएं भी विकसित कीं जिससे अवैध लेन-देन के लिए विभिन्न बाजार उभर कर सामने आ गए। क्रिप्टोकरेंसी और डार्कनेट के बीच सांठगांठ होने के परिणामस्वरूप यह संदिग्ध लेन-देन एक नए स्तर पर पहुंच जाता है। बड़े पैमाने पर क्रिप्टोकरेंसी की चोरी करने या क्रिप्टोकरेंसी द्वारा वित्त पोषित अन्य कार्यों को अंजाम देने के प्रयासों के तहत साइबर अपराधी बड़ी तेजी से डार्क वेब की ओर रुख कर रहे हैं। इस तरह के माहौल में आपराधिक जांच करना बेहद कठिन हो गया है।

जो डार्कनेट होता है वहां वेबहोस्टिंग प्रदाताओं से संपर्क करने, क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय प्राधिकरणों के माध्यम से काम करने, अदालती आदेशों की तामील करने एवं इनका अनुपालन सुनिश्चित करने, और संबंधित चीजों को हटाने के आदेश जैसे मानक कार्य नहीं हो पाएंगे। यूएनओडीसी की डार्कनेट खतरा आकलन रिपोर्ट 2020 के अनुसार, अवैध डार्कनेट बाजार में साइबरस्पेस और क्रिप्टोकरेंसी का उपयोग किया जाना दरअसल कानून पर अमल करने के मार्ग में एक बड़ी चुनौती है। इस रिपोर्ट के अनुसार, टोर नेटवर्क में बाजारों की संख्या वर्ष 2011 के महज 1 से बढ़कर वर्ष 2019 में 118 हो गई। संबंधित उत्पादों की संख्या और विविधता भी बेहद ज्यादा बढ़ गई। उदाहरण के लिए, वल्हल्ला, जो कि एक डार्कवेब बाजार है, वर्ष 2015 के 5,000 से बढ़कर वर्ष 2018 में 13,000 हो गया। नशीली दवाओं (कोकीन, हेरोइन, एवं दर्द निवारक सहित), आग्नेयास्त्र और गोला-बारूद, हैकिंग उपकरणों एवं सेवाओं, और कई अन्य वस्तुओं की बिक्री वहां होती है। कुछ ऑनलाइन बाजारों में तो यहां तक कि क्रेडिट कार्ड संबंधी जानकारियां और नकली दस्तावेज भी बेचे जाते हैं। इसके लिए पसंदीदा भुगतान विकल्प कोई और नहीं, बल्कि क्रिप्टोकरेंसी ही है। वैसे तो बिटकॉइन ही अभी भी इसके लिए प्रमुख मुद्रा है, लेकिन कहीं अधिक गोपनीयता और गुमनामी सुनिश्चित करने वाले टोकन का चलन काफी तेजी से बढ़ता जा रहा है। कोविड का प्रकोप बढ़ने के बाद टोर के उपयोगकताओं की संख?या काफी तेजी से बढ़ गई थी।

प्रमुख डार्कनेट में अक्सर डेटा को कई भागों में विभाजित करने, उसे एन्क्रिप्ट करने और फिर समकक्ष नोड्स के बीच उसे वितरित करने की विकेंद्रीकृत वितरित विधि का उपयोग किया जाता है। केवल इच्छित उपयोगकर्ता ही उनके साथ साझा की गई विभिन्न सीक्रेट की के माध्यम से इस तक पहुंच पाते हैं। उनमें से जो भी अगुवाई करता है वह एकतरफा टनल पर निर्भर करता है, जो कि या तो किसी गंतव्य पर ट्रैफिक भेजने के लिए बाहर की ओर अग्रसर हो सकती हैं या ट्रैफिक स्वीकार करने के लिए अंदर की ओर अग्रसर हो सकती हैं। वहीं, दूसरी ओर टोर ब्राउजर दरअसल टोर सर्किट नामक नेटवर्कों पर चलता है ताकि वेबसाइटों को ब्राउज करते समय उपयोगकर्ताओं को गुमनाम रखा जा सके। यह वितरित नेटवर्क रिले के माध्यम से उपयोगकर्ता ट्रैफिक को भेजता है जिसका प्रबंधन स्वयंसेवकों द्वारा किया जाता है, जो कि टोर नेटवर्क के रूप में भी जाने जाते हैं। डिस्क फोरेंसिक, मेमोरी फोरेंसिक, और नेटवर्क फोरेंसिक को जब डार्कवेब की मॉनिटरिंग के साथ जोड़ा जाता है, तो वे कलाकृतियों के निष्कर्षण, एम्बेडेड एंटी-फोरेंसिक तत्वों का पता लगाने, टोर ब्राउजर के पथ को जानने, संबंधित ट्रैफिक में अवरोध उत्पन्न करने, फाइल सिस्टम की मैपिंग करने और समयावधि का विश्लेषण करने में काफी मददगार साबित हो सकते हैं।



कानून प्रवर्तन एजेंसियां इन चुनौतियों से निपटने के लिए पूरी तैयारी कर रही हैं। क्रिप्टो टोकन से जुड़ी आपराधिक जांच और संबंधित संचालन कार्य धीरे-धीरे बेहतर हो रहे हैं। निजी क्षेत्र के साथ सहयोग देश की सीमाओं के भीतर और उसके पार काफी अधिक देखा जाता है। क्रिप्टोकरेंसी बाजार के हितधारकों, विशेषकर क्रिप्टो एक्सचेंजों ने गैरकानूनी इस्?तेमाल पर लगाम लगाने के लिए शिकंजा कसना शुरू कर दिया। जिम्मेदार क्रिप्टो एक्सचेंज कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ सक्रिय रूप से जुड़े हुए प्रतीत होते हैं। ब्लॉकचेन के विश्लेषण और क्रिप्टो जांच के अनेक तरीके उभर रहे हैं। इस प्रयास में सहायता के लिए अब विशिष्ट उपकरण, क्षमताएं, और सेवाएं तैयार की गई हैं।

दुनिया भर की कई कानून प्रवर्तन एजेंसियों के संयुक्त प्रयासों से कुछ सफलता मिली। वे कुछ मामलों में कुछ लोगों या बाजारों की पहचान करने में सक्षम साबित हुई थीं। ठोस कार्रवाई के लिए खुफिया जानकारी जुटाने और समन्वित कार्यों का समय पर निष्पादन करने के लिए उच्च स्तर पर सहयोग की आवश्यकता होती है। भौगोलिक सीमाओं से बाधाएं उत्पन्न होती हैं, क्षेत्राधिकार संबंधी चिंताएं बाधाओं का कारण बनती हैं, खुफिया जानकारियों के आदान-प्रदान के लिए अनुकूल नियम न होने से संबंधित जांच पटरी से उतर सकती है, और कानूनी प्रावधान न होने से आपराधिक अवसंरचना को जब्त करना मुश्किल हो सकता है।

सुसंगत, मात्रात्मक और गुणात्मक डेटा की कमी अभी भी एक चुनौती है, जो कानून प्रवर्तन एजेंसियों की खतरा-पहचान क्षमता, प्राथमिकता निर्धारित करने और संसाधन जुटाने को काफी सीमित कर रही है। हालांकि, ओपन-सोर्स इंटेलिजेंस [ओएसआईएनटी] तरीकों को देखते हुए संबंधित सूचनाएं साझा करने, डेटा विश्लेषण, विशेष उपकरणों का उद्भव करने, और विशेष कौशल का उपयोग करने को अक्सर क्रिप्टो और डार्क वेब से जुड़े अपराधों की जांच के लिए निर्दिष्ट किया जाता है। कानून प्रवर्तन अधिकारियों को अपनी क्षमताओं में वृद्धि करनी चाहिए, विभिन्न युक्तियां सीखनी चाहिए, विभिन्न उपकरणों एवं तरीकों के बारे में स्वयं सचेत रहना चाहिए, और निजी क्षेत्र में उपलब्ध कौशल के साथ सहयोग करना चाहिए। उन्हें संबंधित जानकारियों को आपस में जोड़ने, डार्कनेट पर हो रही विभिन्न गतिविधियों का खुलासा करने, और इस नेटवर्क के खिलाफ अभियानों में सक्रिय रूप से शामिल होने के तरीके तलाशने चाहिए। डार्कनेट नेटवर्कों, सेवाओं, क्रिप्टोकरेंसी जांच, और सूचना एकत्र करने की विशेष राजनीतिक, नीतिगत और परिचालन समझ ही इसमें सफलता की कुंजी होगी, जैसा कि यूएनओडीसी ने सलाह दी है।

एनएफटी, एआई, और मेटावर्स के मौजूदा दौर में 13 और 14 जुलाई को एनसीआर में अपराध और सुरक्षा पर होने वाले जी20 सम्मेलन में इस बात पर व्यापक विचार-विमर्श किया जाएगा कि एक समाज के रूप में हम क्रिप्टोकरेंसी और डार्कनेट के वर्तमान जमाने में कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने में व्यापक प्रगति आखिरकार कैसे हासिल करते हैं।

# ब्रिजस्टोन ने 200 महिलाओं को दी मैकेनिक और कमर्शियल ड्राइवर की ट्रेनिंग

**महिलाओं** को सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ी पहल की शुरूआत करते हुए ब्रिजस्टोन इंडिया ने यंत्रिका कार्यक्रम के तहत, सम्मान सोसायटी के साथ मिलकर इंदौर में 200 से ज्यादा महिलाओं को पेशेवर ड्राइवर और मैकेनिक बनने की ट्रेनिंग दी गई है। इस पहल के तहत, 60 महिलाओं को दोपहिया वाहन मैकेनिक और 149 महिलाओं को ड्राइवर के रूप में प्रशिक्षण दिया गया है। इनमें से 10 महिला मैकेनिक, जून 2023 से मैकेनिक ऑन व्हील्स सर्विस में शामिल हो चुकी हैं। जो लोगों के घरों में दोपहिया वाहनों की सर्विसिंग के अलावा जरूरत पड़ने पर सड़क के किनारे आपातकालीन मरम्मत की सुविधा भी प्रदान करती हैं। इंदौर शहर के भीतर सभी लोग इन सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।

पहले बैच में प्रशिक्षण पाने वाली महिलाएं अब मास्टर ट्रेनर बन चुकी हैं, और वे दूसरी महिलाओं को प्रशिक्षण दे रही हैं। प्रशिक्षण पाने वाली ज्यादातर महिलाओं को दोपहिया वाहनों के शोरूम, सर्विस सेंटरों में रोजगार मिल चुका है, और कुछ ने तो अपना गैरेज भी शुरू कर दिया है। इस सफलता को बरकरार रखते हुए, 'मैकेनिक ऑन व्हील्स' इस कार्यक्रम के तहत लेटेस्ट पेशकश है।

## सकरात्मक पहल

इस मौके पर ब्रिजस्टोन इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर स्टेफानो सांचिनी ने कहा, ब्रिजस्टोन को मोबिलिटी सॉल्यूशंस मुहैया कराने के साथ-साथ विविधता, समानता और सभी के समावेश को बढ़ावा देने वाली कंपनी के रूप में खुद पर नाज है। महिला सशक्तिकरण की अपनी पहलों में हमने अपने दृष्टिकोण और अपने मूल्यों को अच्छी तरह से शामिल किया है। महिलाओं को ड्राइवर और मैकेनिक के रूप में प्रशिक्षित करना इसका एक बेहतरीन उदाहरण है।

प्रशिक्षण पाने वाली प्रतिभाओं को आगे बढ़ाना मोबिलिटी सॉल्यूशंस के प्रमुख स्तंभों में से एक है। धीरे-धीरे बड़ी संख्या में महिलाएं मोबिलिटी का विकल्प चुन रही हैं, और वे पहचाने जाने योग्य सहायता सेवाओं की तलाश करती हैं। इस महत्वपूर्ण और अपरंपरागत क्षेत्र में प्रशिक्षित कर्मचारियों की जरूरत को देखते हुए महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया, जिससे यह पता चलता है कि अब महिलाएं भी मुख्यधारा के क्षेत्रों में काम-काज करने की इच्छुक हैं। इस पहल की मदद से उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने का मौका मिलता है। मैं इन सभी महिलाओं को बधाई देता हूँ, जिन्होंने सच्ची लगन और पूरी मेहनत के साथ एक नया कौशल सीखा है।

# नंदनी राज ने चुना न्यायिक क्षेत्र में अपना करियर, परिवार से मिला पूरा सहयोग

**एनके मुरलीधर**

**नंदनी राज** ने न्याय के क्षेत्र में अपना करियर चुना तो उनके परिजनों ने कहा कि यह लड़कियों का क्षेत्र नहीं है। लेकिन नंदनी को इस क्षेत्र की चुनौतियां पसंद थी और उन्होंने खबर मन्त्र के साथ बात चीत में बताया कि उन्हें न्यायिक क्षेत्र में ही सफलता अर्जित करना है।

रांची के शहीद चौक स्थित सुबोध लॉ इंट्रेंस क्लासेस के डायरेक्टर सुबोध कुमार से मार्गदर्शन प्राप्त कर उन्होंन छोटानागपुर लॉ कॉलेज रांची के प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। सुबोध कुमार के उचित मार्गदर्शन से उन्हें प्रेरणा मिली। नंदनी ने बताया कि सर के पढ़ाने का ढंग इतना अच्छा है कि न्यायिक विषयों में भी छात्रों को सहजता से सब कुछ समझ में आ जाता है। नंदनी ने मारवाड़ी कॉलेज रांची से बी कॉम की परीक्षा 8.8 एसजीपीए से प्राप्त की। उसके पहले से ही लॉ के क्षेत्र में पढ़ाई आंरभ कर दिया।

नंदनी की आदर्श मां है जो रेल विभाग में हेल्थ सुपरिटेंडेंट हैं। उन्होंने हर मोढ़ पर उनका साथ दिया। लॉ में करियर चुनने पीछे एक बड़ी सोच है और न्यायिक व्यवस्था में सक्रियता के साथ सीधे उन लोगों को लाभ पहुंचाने का है। बिहार के डेहरी ऑन सोन से 12 वीं की परीक्षा पास करने के बाद उसने रांची के शैक्षणिक माहौल को अपने अनुकूल पाकर यहां आकर आगे की पढ़ाई के लिये चुना। उनके सपनों को कोरोना काल की कठिनाई से भी दो चार होना पड़ा लेकिन सुबोध सर ने उनका हौसला बढ़ाये रखा। अपनी तैयारी के लिये यूनिर्वसल प्रकाशन के स्तरीय पुस्तकों का प्रयोग किया।



न्यायिक परीक्षा में सफलता के लिये सामान्य अध्ययन, सामान्य ज्ञान, अंग्रेजी, लीगल एवरनेस और लीगल 'ऐसे की बेहतर तैयारी सुबोध सर ने करायी। मेरे मामा जी कोडरमा कोर्ट में पेशकार है इसके अतिरिक्त न्यायिक क्षेत्र में मेरा कोई रिश्तेदार नहीं है।

लड़कियों के न्यायिक क्षेत्र में कम आने के सवाल पर कहती है कि लड़कियों के जीवन में जल्दी विवाह की भी एक बड़ी समस्या है। मेरे साथ पढ़ रही कई लड़कियों का विवाह जल्दी हो जाने के कारण वो निर्णय की स्थिति में ही नहीं होती है। उनका निर्णय और जीवन उनके पति और परिजनों के द्वारा उनकी स्थितियों पर ही निर्धारित होता है। यह पूछे जाने पर कि न्यायिक क्षेत्र में लड़कियों आना चाहिए और क्या कारण है कि इस क्षेत्र में लड़कियों की संख्या कम है नंदनी ने बताया कि लड़कियों को परिवार का सपोर्ट अवश्य मिलना चाहिए। इसके बिना वो न्यायिक क्षेत्र को चुनने में बहुत हिचकती है। इस क्षेत्र में सुरक्षा और सुविधा का भी कोई इश्यू नहीं है लेकिन आम जनों की एक नकरात्मक भाव के कारण कि यह क्षेत्र अति कठिन है इस क्षेत्र में लड़कियां कम आती है। लेकिन वर्तमान समय में परिवर्तन हो रहा है और उम्मीद हैकि आने वाले समय में न्यायिक क्षेत्र में लड़कियां तेजी से अपना करियर बनायेंगी। सुबोध लॉ इंट्रेस क्लासेस लॉ के क्षेत्र में देश के शीर्ष संस्थानों में एडमिशन की तैयारी के साथ ही न्यायिक परीक्षा की तैयारी के लिये जाना-माना व्यक्तित्व है। पूर्ण से गोल्ड मेडल के साथ लॉ की उच्च शिक्षा ग्रहण करने वाले सुबोध कुमार के पढ़ाने का ढंग एकदम हटकर है। यही कारण है कि विगत दो दशक में सस्थान से सैकड़ों छात्र सुबोध कुमार के मार्ग दर्शन में देश-विदश में न्यायिक क्षेत्र में उचें पदों पर जा चुके हैं। विशेषकर क्लैट की तैयारी के लिये विशेष बैच भी चलाया जाता है। न्यायिक क्षेत्र में करियर आज भी गौरवमयी करियर है जो देश के तीन स्तंभों में एक है। वकालत के साथ आज देश की बड़ी-बड़ी कंपनियों में न्यायिक सलाहकार फर्मो के माध्यम से विधि का क्षेत्र लगातार व्यापक होता जा रहा है।

# चीनी कंपनी बीवाईडी भारत में एक अरब का निवेश करेगी

## टेस्ला को टक्कर देने की तैयारी

अमेरिका की प्रमुख ईवी कंपनी टेस्ला को चुनौती देने के लिए बीवाईडी दुनिया भर में विस्तार कर रही है। इसीलिए वह भारत में कारखाना लगाना चाहती है।

चीन की कंपनी बीवाईडी ने भारत में एक स्थानीय कंपनी के साथ मिलकर इलेक्ट्रिक कार और बैटरी बनाने के लिए 1 अरब डॉलर के निवेश का प्रस्ताव दिया है। कंपनी की इस योजना की सीधी जानकारी रखने वाले तीन व्यक्तियों ने यह बताया।

नाम नहीं छापने की शर्त पर इन लोगों ने बताया कि बीवाईडी और हैदराबाद की निजी कंपनी मेघा इंजीनियरिंग ऐंड इन्फ्रास्ट्रक्चर ने ईवी बनाने के लिए साझा उपक्रम स्थापित करने का प्रस्ताव भारतीय नियामकों को दिया है।

**ईवी**

> चीन की कंपनी बीवाईडी ने भारत में एक स्थानीय कंपनी के साथ मिलकर इलेक्ट्रिक कार और बैटरी बनाने के लिए 1 अरब डॉलर के निवेश का प्रस्ताव दिया है।



## बीवाईडी इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी

कंपनी की योजना भविष्य में बीवाईडी ब्रांड की सभी इलेक्ट्रिक कारें भारत में उतारने की है। इनमें हैचबैक से लेकर लक्जरी मॉडल तक सभी शामिल होंगे। बीवाईडी इलेक्ट्रिक वाहन और प्लग-इन हाइब्रिड वाहन बनाने वाली दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी है।

इस बारे में पूछे जाने पर बीवाईडी ने तत्काल कुछ नहीं कहा। उसने पहले कहा था कि वह भारत में अपना कारखाना लगाना चाहती है। वाणिज्य और भारी उद्योग मंत्रालय ने भी इस मसले पर कोई जवाब नहीं दिया।

## टेस्ला को चुनौती देना चाहती है बीवाईडी

अमेरिका की प्रमुख ईवी कंपनी टेस?ला को चुनौती देने के लिए बीवाईडी दुनिया भर में विस्तार कर रही है। इसीलिए वह भारत में कारखाना लगाना चाहती है। भारत में उसका प्रस्ताव मंजूर हो गया तो अमेरिका के अलावा सभी प्रमुख वैश्विक बाजारों में उसकी पहुंच हो जाएगी।

बीवाईडी भारत में 20 करोड़ डॉलर का निवेश पहले ही कर चुकी है। इसके तहत वह कंपनियों को उनके इस्तेमाल के लिए एटो 3 इलेक्ट्रिक एसयूवी और ई6 ईवी बेचती है। इस साल लक्जरी इलेक्ट्रिक सिडैन सील उतारने की भी उसकी योजना है।

सूत्रों ने बताया कि निवेश प्रस्ताव में बीवाईडी और मेघा इंजीनियरिंग ने भारत में चार्जिंग स्टेशन लगाने तथा अनुसंधान एवं विकास और प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने की योजना का भी खुलासा किया है। बीवाईडी भारत में देसी कंपनी टाटा मोटर्स और चीन की कंपनी एमजी मोटर को टक्कर देगी।

# अदाणी विवाद से बड़ा झटका, फिर भी भारत पर विदेशी निवेशकों का भरोसा कायम



**निवेशक अब भारतीय कंपनियों की गवर्नेंस और पारदर्शिता पर अधिक ध्यान देने की उम्मीद कर रहे हैं।**

अदाणी समूह पर रिश्वत के आरोपों के बाद भारतीय शेयर बाजार की धारणा पर असर पड़ सकता है, लेकिन विदेशी निवेशकों का कहना है कि इससे भारत की लंबी अवधि की संभावनाओं पर कोई खास असर नहीं होगा। उनका मानना है कि भारत का तेजी से बढ़ता हुआ बाजार अगले साल फिर से पटरी पर लौट सकता है।

अमेरिका के आरोपों के मुताबिक, अदाणी समूह ने पावर सेल्स हासिल करने के लिए रिश्वत दी और भ्रामक जानकारी दी। हालांकि, कंपनी ने इन आरोपों को खारिज किया है। इन खबरों से अदाणी समूह की कंपनियों के शेयर और ऋण बाजारों में उथल-पुथल मच गई है।

निवेशक अब भारतीय कंपनियों की गवर्नेंस और पारदर्शिता पर अधिक ध्यान देने की उम्मीद कर रहे हैं। हालांकि, उनका कहना है कि इन मामलों से भारत में निवेश के प्रमुख कारण, जैसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और बड़ा उपभोक्ता बाजार, प्रभावित नहीं हुए हैं। बैल्फोर कैपिटल के चीफ इन्वेस्टमेंट ऑफिसर स्टीव लॉरेंस ने कहा, विदेशी निवेशक भारतीय कंपनियों की पारदर्शिता और गवर्नेंस पर अधिक सतर्क हो सकते हैं।

फिर भी, अदाणी समूह की खबरों के बाद भी निफ्टी 50 इंडेक्स में 3% की बढ़ोतरी यह दशार्ती है कि बाजार में विश्वास बना हुआ है। हालांकि, इसी अवधि में अदाणी समूह की 10 कंपनियों के शेयरों से 14 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है।भारत के 5.5 ट्रिलियन डॉलर के इक्विटी बाजार में विदेशी निवेशकों की हिस्सेदारी 20% से कम है, लेकिन वे बाजार की धारणा और प्रदर्शन को लेकर काफी सतर्क हैं। चीन की अर्थव्यवस्था में धीमापन और वहां के बाजार की गिरावट के बीच भारत निवेशकों के लिए आकर्षक विकल्प बनता जा रहा है।

सेंसेक्स, जो 2020 के महामारी के दौरान अपने निचले स्तर पर था, अब दोगुने से अधिक बढ़ चुका है। यह प्रदर्शन एसएंडपी 500 को भी पीछे छोड़ चुका है। निवेशकों का मानना है कि एक कंपनी के विवाद से भारत के इस प्रदर्शन पर लॉन्गटर्म असर नहीं पड़ेगा।

लंदन स्थित एसेट मैनेजर अल्क्विटी के वैश्विक उभरते बाजार इक्विटी प्रमुख, माइक सेल का कहना है कि अदाणी समूह के खिलाफ आरोपों को सिर्फ शेयर विशेष मामला माना जा रहा है। उन्होंने कहा, इससे भारत के प्रति निवेशकों की भावना पर कोई नकारात्मक असर नहीं पड़ा है। ग्राहक अब भी भारत में अधिक निवेश के लिए उत्सुक हैं।

एलएसईजी डेटा के अनुसार, अक्टूबर में मुनाफावसूली और अमेरिका के चुनावों से पहले की अनिश्चितता के कारण विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार से $11 बिलियन निकाले। हालांकि, नवंबर में इन फ्लो में स्थिरता आ गई है।

### निवेशकों की चिंताएं और सकारात्मक पहलू

अदाणी विवाद के अलावा, निवेशकों की मुख्य चिंता हालिया कमजोर कमाई का सीजन रहा है। इससे कुछ लोकप्रिय उपभोक्ता शेयरों से निवेशकों का रुझान हटा है। इसके बावजूद, लंबी अवधि के लिए बाजार में विश्वास मजबूत बना हुआ है। अबर्डन के एशियाई इक्विटी निदेशक, जेम्स थॉम का मानना है कि कमाई में सुधार होगा। उन्होंने कहा, ह्लसरकार की सहायक नीतियां और पिछले दशक के जरूरी आर्थिक सुधार लंबी अवधि में सकारात्मक प्रभाव डालेंगे।

उन्होंने सलाह दी कि निवेशकों को ऐसे हाई क्वालिटी वाले शेयरों में निवेश करना चाहिए जो मजबूत बैलेंस शीट, अच्छी वित्तीय स्थिति और मजबूत बुनियादी ढांचे वाले हों।

### मूल्यांकन और शेयरों की स्थिति

हालांकि, कुछ जोखिम अब भी बने हुए हैं, जैसे बाजार का ऊंचा मूल्यांकन। सेंसेक्स का प्राइस-टू-अर्निंग रेशियो 23 है, जो चीन के ब्लू-चिप इंडेक्स (20.79) और जापान के निक्केई (18) से ज्यादा है। पहले पसंदीदा रही कंपनियां जैसे हिंदुस्तान यूनिलीवर, नेस्ले इंडिया और डाबर इंडिया को हालिया कमजोर नतीजों की वजह से बड़े नुकसान का सामना करना पड़ा है। अदाणी विवाद के चलते अब कंपनियों की पारदर्शिता और जानकारी के खुलासे पर सख्त जांच और गहराई से समीक्षा की उम्मीद की जा रही है। अशमोर इंडिया के सीईओ राशी तलवार के अनुसार, निवेशक अब लेन-देन की बारीकियों पर पहले से अधिक ध्यान दे रहे हैं।

स्पीड न्यूज

### भीम मुंडा के निधन पर अर्जुन मुंडा से मिले कुलवंत सिंह बंटी



जमशेदपुर। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के बड़े भाई भीम सिंह मुंडा के निधन पर टाटा हिटाची के पूर्व एमडी रणवीर सिन्हा व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुलवंत सिंह बंटी अर्जुन मुंडा से उनके निवास घोड़ाबंधा पर मिले इस दुख की घड़ी में उन्हें सांत्वना दी। भीम सिंह मुंडा पिछले कुछ माह से अस्वस्थ चल रहे थे।

### करनडीह में 80 युवाओं ने रक्तदान किया



जमशेदपुर। करनडीह क्षेत्र के गैंताडीह स्थित बी एम पॉलिक्लिनिक परिसर में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर खेरवाल फाउंडेशन और नई जिंदगी परिवार जमशेदपुर के संयुक्त प्रयास से किया गया। इस शिविर में एकमात्र महिला रक्तदाता छीता टुडू ने दुसरी बार रक्तदान कर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एक मिसाल बनी। वहीं युवाओं में रक्तदान के प्रति जबरदस्त उत्साह देखा गया तथा कुल 80 युवाओं ने अपने पारंपरिक परिधान में रक्तदान किया, जिनमें 25 रक्तदाता अपने जीवन में पहली बार रक्तदान करने का सौभाग्य प्राप्त किया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि डॉ हीरालाल मुर्मू, जुगसलाई तोरोप पारगाना बाबा दासमत हांसदा, डॉ विजय कुमार मुर्मू, जमशेदपुर के पूर्व सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी एवं खेरवाल फाउंडेशन की उपाध्यक्ष सुमित्रा बेसरा ने सर्वप्रथम पंडित रघुनाथ मुर्मू के चित्र पर माल्यार्पण कर शिविर का विधिवत उद्घाटन किया। वही सरप्राइज अतिथि के रूप में संताली फिल्म स्टार रोमियो बास्के ने भी अपने जीवन में कुल तीसरी बार रक्तदान कर साहसिक परिचय दिया तथा 75 बार रक्तदान कर चुके आदिवासी रक्तदाता राजेश मार्डी सभी रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते नजर आएं।

### थाना प्रभारी आनंद मिश्रा को पितृ शोक

जमशेदपुर। साकची थाना प्रभारी आनंद मिश्रा को पितृ शोक हुआ है। 79 वर्षीय सुरेश मिश्रा पिछले तीन महीने से टीएमएच में भर्ती थे। सीसीयू में कैंसर बीमारी का इलाज चल रहा था। बेटे आनंद मिश्रा एवं भाई तथा ब्राह्मण समाज के प्रमुख दिनेश कुमार मिश्रा ने बताया कि वे पिछले आठ सालों से कैंसर की बीमारी से पीड़ित थे। बुधवार दस बजे कदमा गणेश वाटिका स्थित आवास से अंतिम यात्रा शुरू होगी और पार्वती बर्निंग घाट में अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# एटिपिकल एडवांटेज के संस्थापक विनीत सरायवाला को राष्ट्रपति ने किया पुरस्कृत

खबर मन्त्र ब्यूरो

## दिव्यांगों को सशक्त बनाने के लिए मिला राष्ट्रीय पुरस्कार



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से पुरस्कार ग्रहण करते विनीत सरायवाला।

जमशेदपुर/चक्रधरपुर। जमशेदपुर के जुगसलाई निवासी विनीत सरायवाला को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया गया। मंगलवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कार ग्रहण के लिए विनीत अपने पिता कैलाश सरायवाला और माता मीना सरायवाला के साथ पहुंचे थे। इसके अलावा इस ऐतिहासिक पल के गवाह बनने के लिए विनीत के बड़े मामा सुशील भगेरिया और ममेरे भाई सुजन भगेरिया भी उपस्थित रहे। गौरतलब हो कि विनीत का ननिहाल चक्रधरपुर में है। यहां के प्रख्यात समाजसेवी बिनोद भगेरिया और मनोज भगेरिया विनीत के मामा है। विनीत की इस सफलता पर ननिहाल में भगेरिया परिवार में जश्न सा माहौल है। विनीत सरायवाला दिव्यांग व्यक्तियों के लिए काम करने वाले देश के सबसे बड़े आजीविका मंच एटिपिकल एडवांटेज के संस्थापक हैं। यह मंच दिव्यांगों के लिए एक ऐसा अवसर प्रदान करता है, जहां वे अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन कर सकते हैं और विभिन्न कंपनियों और एजेंसियों से जुड़ सकते हैं। उनके इस योगदान के कारण ही उन्हें सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चुना गया। गौरतलब है कि एटिपिकल एडवांटेज को दिव्यांग सशक्तिकरण हेतु सर्वश्रेष्ठ संस्थान (एनजीओ) श्रेणी में यह पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

**दिव्यांगों के लिए प्लेटफॉर्म है एटिपिकल एडवांटेज**

एटिपिकल एडवांटेज एक पंजीकृत कंपनी एटिपिकल प्लेटफॉर्म प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित एक ब्रांड है। यह दिव्यांग व्यक्तियों के लिए एक मंच है, जहां वे अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित कर सकते हैं और दुनिया भर के कॉर्पोरेट्स, व्यक्तियों, तथा एजेंसियों से जुड़ने के अवसर प्राप्त कर सकते हैं। उनका कहना है कि एटिपिकल केवल एक नियुक्ति मंच नहीं है, बल्कि यह जीवन को बदलने और एक अधिक समावेशी समाज की ओर कदम बढ़ाने के लिए एक उत्प्रेरक है।

### विनीत का अनुभव और एटिपिकल एडवांटेज की शुरूआत

विनीत सरायवाला भारतीय प्रबंधन संस्थान बैंगलोर के पूर्व छात्र हैं और वे रेटिनाइटिस पिगमेंटोसा नामक बीमारी से ग्रस्त थे, जिससे उनकी दृष्टि धीरे-धीरे चली गई। इस व्यक्तिगत अनुभव ने उन्हें एटिपिकल एडवांटेज शुरू करने के लिए प्रेरित किया। पिछले साल विनीत शार्क टैंक के सीजन-2 में भी नजर आए थे, जहां उन्होंने अपनी यात्रा, एटिपिकल एडवांटेज की शुरूआत और दृष्टिकोण की अहमियत के बारे में बात की थी। शो अपनी 2 मिनट से भी कम की अपनी स्पीच में विनीत ने अपनी आइआइएम यात्रा के बारे में बताया था, उन्होंने यह भी बताया था कि एटिपिकल एडवांटेज क्यों शुरू किया, उन्होंने अब तक जो प्रभाव पैदा किया है, उसके बारे में बताया कि नजजरिया किसी के भी नजजर (आंखों की रोशनी) से अधिक महत्वपूर्ण क्यों है। शार्क टैंक में उनकी उपस्थिति के दौरान उन्हें जजों द्वारा 3 फीसदी इक्विटी के बदले 30 लाख रुपये का प्रस्ताव मिला था, जिसे उन्होंने स्वीकार किया। इस शो के दौरान उन्हें देशभर से जबरदस्त समर्थन मिला।

**दिव्यांगता को अभिशाप समझने वालों लिए प्रेरणास्त्रोत है विनीत** : देश और विदेश में दिव्यांग लोग हमारे गौरव का कारण बन रहे हैं। इस बदलाव के पीछे सिर्फ उनकी कठिन मेहनत नहीं, बल्कि उनके साहस और हौसले को ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाले प्रेरणास्त्रोत भी हैं। विनीत ऐसे ही प्रेरणास्त्रोतों में से एक हैं। यही वजह है कि उन्हें दिव्यांगों को सशक्त बनाने के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा गया है। यह न केवल जमशेदपुर, बल्कि पूरे झारखंड के लिए भी गर्व का क्षण है।

# कैंसर से पीड़ित भीम मुंडा का निधन भुइयांडीह श्मशान घाट पर हुई अंत्येष्टि

अर्जुन मुंडा ने एक्स पर उनके निधन से संबंधित जानकारी देते हुए लिखा कि दु:खद समाचार, व्यथित मन से बताना पड़ रहा है कि मेरे अभिभावक, मेरे बड़े भाई आदरणीय भीमसेन मुंडा अब हमारे बीच में नहीं रहे। यह पीड़ा असहनीय है

## पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा के बड़े भाई थे भीम





दिवंगत भीम मुंडा की फाइल फोटो।

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। झारखंड के पूर्व सीएम और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के बड़े भाई भीम सिंह मुंडा (65) का मंगलवार की अहले सुबह निधन हो गया।

वे गले के कैंसर से पीड़ित थे, और नयी दिल्ली के एक अस्पताल में लंबे अरसे से इलाज चल रहा था। वहां चिकित्सकों ने जवाब दे दिया तो उन्हें टाटा मोटर्स अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया था जहां उन्होंने आज सुबह अंतिम सांस ली। भीम मुंडा के अनुज अर्जुन मुंडा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर उनके निधन से संबंधित जानकारी देते हुए लिखा कि दुःखद समाचार।

व्यथित मन से बताना पड़ रहा है कि मेरे अभिभावक, मेरे बड़े भाई आदरणीय भीमसेन मुंडा अब हमारे बीच में नहीं रहे। यह पीड़ा असहनीय है और उनकी कमी को कोई भी पूरा नहीं कर सकता। वे लंबे समय से बीमारी से संघर्ष कर रहे थे।

भीम मुंडा की अंतिम यात्रा मंगलवार सुबह 11:30 बजे घोड़ाबांधा स्थित आवास से भूइंयाडीह घाट के लिए निकली। इसमें शहर के कई जाने-माने लोग शामिल हुए। इस दुख की घड़ी में टाटा हिटाची के पूर्व एमडी रणवीर सिन्हा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुलवंत सिंह बंटी समेत कई विशिष्ट लोगों ने अर्जुन मुंडा से उनके घोड़ाबांधा स्थित आवास पर मिले और उन्हें सांत्वना दी। इसरो के अध्यक्ष रूपेश कतरियार ने भी भीम मुंडा के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है, और भगवान से प्रार्थना की है कि मुंडा के परिवार को इस दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

## एक नजर में

### 21 को गोपेश्वर जयंती पर वॉलीबॉल टूर्नामेंट तीन मार्च को मेगा ब्लड डोनेशन कैंप



जमशेदपुर। टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन कार्यालय में कमेटी मंगलवार को मीटिंग का आयोजन सुबह 10:00 बजे से किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष गुरमीत सिंह ने किया। विषय प्रवेश करते हुए महामंत्री आरके सिंह ने बैठक का एजेंडा पेश किया। साथ ही प्रथम बैठक होने के कारण परिचय का कार्यक्रम, विभिन्न डिवीजन के समस्याओं पर चर्चा, 21 दिसंबर को स्वर्गीय गोपेश्वर लाल दास जी की जयंती पर वॉलीबॉल टूर्नामेंट आयोजन आदि पर भी चर्चा को आमंत्रित किया गया। सभी कमेटी मेंबरों ने बारी-बारी से अपना परिचय के साथ अपने विचार को बैठक में रखे। बैठक में विशेष अतिथि के तौर पर यूनियन के सलाहकार प्रवीण सिंह उपस्थित हुए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा मजदूर के हितों की रक्षा के लिए आप सब कमेटी मेंबर के रूप में यूनियन से जुड़े हैं। आप ज्यादा से ज्यादा समय कर्मचारी साथियों को दे। संस्था में एक नेतृत्व पर विश्वास और उसके पीछे सभी लोगों की कार्य शक्ति होनी चाहिए। जैसे मां दुर्गा का चेहरा एक दिखता है पर कई देवी देवताओं का शक्ति रुपी हाथ 10 आपने देखा होगा इस तरह से सभी कमेटी मेंबरों की शक्ति नेतृत्व करता पर होनी चाहिए और नेतृत्वकर्ता का एक चेहरा मजदूर हित के लिए कार्य करने के लिए एक होना चाहिए। यही यूनियन है यही यूनियन का सही मतलब है। अध्यक्ष गुरमीत सिंह ने नए सदस्यों का स्वागत किया और तालमेल अनुशासन के साथ कार्य करने की सलाह सभी को दिया। कार्यक्रम के आरंभ में अध्यक्ष, महामंत्री एवं सलाहकार महोदय को फूलों का गुलदस्ता देकर सभी पदाधिकारी द्वारा उन्हें सफल चुनाव कराने के लिए बधाई दी। बैठक में सभी की बातों को सुनने के बाद महामंत्री आर के सिंह ने कहा आज यह पहली बैठक है हम लोग अगले 3 महीने का कार्यक्रम तय करेंगे 21 दिसंबर को गोपेश्वर जयंती के पूर्व वॉलीबॉल टूनार्मेंट का आयोजन करना है। साथ ही साथ 3 मार्च को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन करना है। यूनियन की शक्ति अनुशासन और एकता होती है। टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन इसे पालन कर ट्रेड यूनियन के क्षेत्र में अपना नाम कायम किया है। आप सभी से हम आशा करते हैं वही तालमेल और जोश के साथ हम लोग आगे भी कार्य करेंगे। मजदूर हित को सर्वोपरि रखते हुए युनियन के कार्यों को आगे बढ़ाएंगे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन अनिल शर्मा ने किया। पूर्व ऑफिस वेयरर पी के मोहंती का देहांत होने के कारण उनकी आत्मा की शांति के लिए 1 मिनट का मौन रखा गया। मंच का संचालन प्रकाश विश्वकर्मा ने किया।

### अग्निबालक शहीद खुदीराम बोस की 135वीं जयंती मनायी गयी



जमशेदपुर। अग्निबालक वीर शहीद खुदीराम बोस के 135वीं जन्मजयंती के उपलक्ष में मंगलवार की सुबह 10:00 बजे झारखण्ड बंगभाषी समन्वय समिति के द्वारा भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सब से पहले कार्यकारी अध्यक्ष श्री नेपाल चंद्र दास, महासचिव सन्दीप सिन्हा चौधरी, पी के नंदी, उदय सोम, रंजीत मित्रा, मिहिर दास, परितोष बोस, गौतम दास, पूर्वी दत्ता, बनश्री सरकार, अरूप चौधरी, श्यामली रॉय सहित कई लोगों ने वीर शहीद खुदीराम बोस के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम में महासचिव संदीप सिन्हा चौधरी ने भारत के आजादी में शहीद खुदीराम बोस के बिरगाथा की संपूर्ण जानकारी मौजूद लोगों को देते हुए कहा कि वर्तमान परिस्थिति में हम सभी का जिम्मेदारी है की अपनी आजादी को सुरक्षित रखने के लिए इन शहीदों को स्मरण करें। चौधरी ने कहा कि, मानगो में हो रहे फ्लाई ओवर के काम में खुदीराम बोस चौक को किसी भी तरह का नुकसान न हो, इस बात का ध्यान सरकार एवं प्रशासन को रखना होगा।

### कांग्रेस कार्यालय में मनायी गयी प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र बाबू की जयंती



जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में प्रथम राष्ट्रपति स्व डॉ राजेन्द्र प्रसाद जी का जयन्ती कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय बिष्टूपुर में आयोजित की गई। सर्वप्रथम जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने प्रथम राष्ट्रपति स्व: डॉ राजेन्द्र प्रसाद जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने कहा कि डॉ राजेन्द्र प्रसाद जी ने सादगी के मिशाल थे। डॉ राजेन्द्र प्रसाद जी संविधान सभा के चेयरमैन रहे। डॉ भीमराव अंबेडकर के साथ भारत के संविधान में सभी को समाहित करने का सफल कार्य किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सामंता कुमार, ब्रजेन्द्र तिवारी, अरूण कुमार सिंह, संजय सिंह आजाद, राजा ओझा, मो नौशाद, मनोज उपाध्याय, अजय शर्मा, रंजीत सिंह, निखिल तिवारी सहित कांग्रेसजन शामिल हुए।

### टाटा मोटर्स के कान्वाई चालकों के धरने का दस माह पूरे : ज्ञानसागर प्रसाद



जमशेदपुर। टाटा मोटर्स के कान्वाई चालकों के धरने के 10 माह पूरे हो गए हैं। किन्तु उनकी मांगों पर कोई संज्ञान न तो श्रम विभाग ने लिया है, और न ही प्रबंधन ने। कान्वाई नेता ज्ञान सागर प्रसाद ने आज धरना स्थल पर कहा कि विगत 10 माह से चल रहे कान्वाई चालकों के धरने की सच्चाई जानकार सभी लोग आश्चर्यचकित है? न्यूनतम मजदूरी, 8 घंटे से अधिक काम का वेतन, सालाना बोनस, फर्स्ट पार्टी इंश्योरेंस जिसमें ड्राइवर का इंश्योरेंस सम्मिलित है,पीएफ जैसे, मजदूर का मौलिक अधिकार जो टाटा मोटर को देना है क्योंकि ड्राइवर उन्हीं की गाड़ियों से जुड़े काम को करते हैं, और यह सब अधिकार कई वर्षों से रोककर रखा गया है, ना देना एक तरह से बहुत बड़ी धोखेबाजी कहा जाए, गुंडागर्दी कहा जाए ,मनमानी कहा जाए ,फिर भी कम है? जिसकी जानकारी सभी को है, जिसे टाटा मोटर्स कंवाई संगठन धरने के माध्यम से मजबूर हो कर उठाया है जिससे टाटा मोटर्स की बोलती बंद है, कानून एवं समाज का रक्षक इतने दिन, जिला प्रशासन, क्या कर रहा है? सभी के लिए सवाल है ,गंभीर विषय हो गया है, साथ ही कंवाई संगठन अपने 10 माह के धरने के क्रम में लगभग सभी जगह पत्र दिया, लोगों से मिला, सम्मानित हर नेताओं से मिला, झारखंड विधानसभा में सवाल उठवाया, यहां तक की कई बार माननीय, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड सरकार एवं उनकी धर्मपत्नी से भी मिले, कुछ बाकी नहीं छोड़ा। फिर भी न्याय नहीं मिलना और धरना जारी रहना पूरी व्यवस्था को झकझोर रहा है! जो समाचार महत्वपूर्ण है। धरना कार्यक्रम पर आज हरिशंकर प्रसाद ,धर्मेंद्र प्रसाद, जुगल प्रसाद, उमेश प्रसाद, विनोद कुमार सिंह, त्रिलोचन सिंह, श्याम बिहारी सिंह, वीरेंद्र पाठक, एन रामचंद्र राव, मो इश्तियाक, सलीम उपस्थित थे।

## बिहार एसोसिएशन ने धूमधाम से मनाया डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती

खबर मन्त्र ब्यूरो



जमशेदपुर। बिहार एसोसिएशन, साकची के तत्वावधान में देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती भव्य तरीके से मनायी गई। समारोह में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा और एसोसिएशन के अध्यक्ष बीएन चौधरी ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अध्यक्ष बीएन चौधरी ने स्वागत भाषण दिया और बिहार एसोसिएशन की कार्यप्रणाली और इसकी संस्थाओं राजेंद्र विद्यालय और बीए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा ने अपने संबोधन में संस्था की उपलब्धियों को सराहा और संस्थान के अहर्निश उत्थान की शुभकामनाएं दीं।

## संजना की हत्या के मामले में प्रेमी रोहित गिरफ्तार

खबर मन्त्र ब्यूरो



गिरफ्तार युवक को प्रेस के सामने प्रस्तुत करती आदित्यपुर पुलिस।

जमशेदपुर। सरायकेला थाना क्षेत्र के खरकई नदी किनारे मिली अज्ञात युवती की लाश की पहचान हो गई है। यह शव आदित्यपुर के आरआइटी थाना अंतर्गत मीरु डीह निवासी 22 वर्षीय संजना हांसदा की थी। आदित्यपुर पुलिस ने इस मामले का अनुसंधान करते हुए मृतक युवती संजना के प्रेमी रोहित मुर्मू को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने सच उगल दिया, और कहा कि उसने ही अपनी प्रेमिका संजना की हत्या की है। पूछताछ में पुलिस को रोहित ने बताया कि वह संजना के साथ प्रेम संबंध में था। बुधवार को वह उसे सिनी बाजार घुमाने ले गया, फिर दोनों खरकई नदी के किनारे पहुंचे। वहां उसने संजना से शारीरिक संबंध बनाने का आग्रह किया। लेकिन संजना ने शादी से पहले किसी भी तरह का संबंध बनाने से इनकार कर दिया। इसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हो गया। झगड़े के दौरान दोनों में हाथापाई हो गई। गुस्से में आकर रोहित ने पास में पड़ा एक सीमेंट का पिलर उठाकर संजना के सिर पर जोर से वार कर दिया, जिससे वह बेहोश हो गई। इसके बाद उसने दो और बार सिर पर पिलर से वार किया, जिससे संजना की मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के बाद रोहित वहां से भागकर अपने घर चला गया। पुलिस ने रोहित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# टाटा स्टील यूआइएसएल को मिला सीआइआई के 9वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में दो पुरस्कार

खबर मन्त्र ब्यूरो





जमशेदपुर। टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड (टाटा स्टील यूआइएसएल) को कचरा प्रबंधन में अग्रणी के रूप में मान्यता मिली है। नई दिल्ली में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआइआई) द्वारा आयोजित वेस्ट-टू-वर्थ टेक्नोलॉजीज के 9वें संस्करण में कंपनी ने दो प्रतिष्ठित पुरस्कार जीते। टाटा स्टील यूआइएसएल को देशभर में कचरा कम करने और प्रबंधन में इंडस्ट्री लीडर और निजी कंपनी द्वारा नगर पालिका ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में उत्कृष्टता के लिए अवार्ड दिया गया। पुरस्कार एक भव्य समारोह के दौरान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री, भूपेंद्र यादव और सीआइआई के अन्य प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में प्रदान किए गए। इस सम्मेलन में दुनिया भर की प्रमुख कंपनियों, विद्वानों और पेशेवरों ने भाग लिया और कचरा प्रबंधन में नवीन समाधान और सर्वोत्तम प्रथाएं प्रदर्शित कीं। टाटा स्टील यूआइएसएल की उपलब्धियों को भारत में सतत कचरा प्रबंधन प्रथाओं के लिए एक बेंचमार्क के रूप में उजागर किया गया। नगर पालिका ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में कंपनी की पहल ने पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक कल्याण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। टाटा स्टील यूआइएसएल भारत के सतत शहरी विकास के विजन के अनुरूप नवीन प्रथाओं को आगे बढ़ाने में अग्रणी बनी हुई है।

### जीविका ने मनाया विश्व विकलांगता दिवस



जमशेदपुर। सोनारी स्थित जीविका संस्था बौद्धिक दिव्यांग बच्चों को हर मैदान फतेह करने के लिए प्रयासरत है। विश्व विकलांगता दिवस के उपलक्ष में इन विशेष बच्चों ने सोनारी के जॉगर्स पार्क में पिकनिक और मजेदार खेलों का आनंद उठाया। जॉगर्स पार्क की महिला सदस्यों ने इन विशेष बच्चों के लिए स्वादिष्ट भोजन गिफ्ट और रोमांचक खेलों का प्रबंध किया। पूरबी घोष जो की कई सामाजिक और सांस्कृतिक संस्थाओं के साथ जुड़ी हुई है, लायंस क्लब इंटरनेशन के डिस्ट्रिक्ट के डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन है आज विशेष अतिथि के रूप मे उपस्थिति रही और दिव्यांगों को आशीर्वाद दिया। सभी बच्चे और अभिभावक बहुत खुश हुए। उन्होंने अवतार सिंह और जीविका संस्था के सचिव सुखदीप कौर को सराहनीय काम के लिए प्रेरित किए। इस कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन संस्था की सेक्रेटरी सुखदीप कौर ने किया।

# एनआइटी में रुफ टॉप सोलर इंस्टालेशन पर एडवांस एंटरप्रेन्योरशिप प्रोग्राम शुरु

बिजली की आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है रुफ टॉप सोलर : प्रो चंद्रशेखर

खबर मन्त्र ब्यूरो



कार्यक्रम में भाग लेने आये अतिथि एनआइटी जमशेदपुर के डायरेक्टर प्रो गौतम सूत्रधार के साथ।

जमशेदपुर। एनआइटी जमशेदपुर में मंगलवार को रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन पर 5 दिवसीय एडवांस एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम (इएसडीपी) का उद्घाटन एक विशेष समारोह के साथ किया गया। यह कार्यक्रम सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) द्वारा प्रायोजित किया गया है और इसका उद्देश्य प्रतिभागियों को भविष्य के उद्यमियों के रूप में सशक्त बनाना है ताकि वे शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती बिजली आवश्यकताओं को रूफटॉप सोलर ऊर्जा समाधानों के माध्यम से पूरा कर सकें। मुख्य अतिथि, प्रो भीम सिंह, विज्ञान श्री पुरस्कार प्राप्तकर्ता और आइआइटी दिल्ली के सम्मानित प्रोफेसर, ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया और अपने उद्घाटन भाषण में सौर ऊर्जा के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रो सिंह ने इस पहल की सराहना की और कहा कि रूफटॉप सोलर सिस्टम भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं को विकेंद्रीकृत और लागत-प्रभावी तरीके से पूरा करने में परिवर्तनकारी भूमिका निभा सकते हैं। अतिथि सम्मानित, प्रो एम चंद्रशेखर, निदेशक, आइआईएम विशाखापत्तनम, ने भी समारोह को संबोधित किया और सौर ऊर्जा क्षेत्र में उद्यमिता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने युवा नवप्रवर्तकों और उद्यमियों को भारत के स्वच्छ ऊर्जा भविष्य में योगदान देने के बढ़ते अवसरों के बारे में बताया। कार्यक्रम में 24 प्रतिभागी विभिन्न स्थानों से भाग ले रहे हैं, जिनका उद्देश्य उन्हें सशक्त बनाना है ताकि वे रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन व्यवसाय शुरू कर सकें। यह कार्यक्रम विशेषज्ञ वार्ता, हाथों-हाथ सत्र, और एक साइट यात्रा का संयोजन है, ताकि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर पैनल इंस्टॉलेशन के बारे में समग्र समझ प्राप्त हो सके। कार्यक्रम में आइआइटी, एनआइटी, और अन्य प्रतिष्ठित संगठनों के विशेषज्ञों के अलावा उद्योग के पेशेवरों द्वारा मार्गदर्शन किया जाएगा। ये विशेषज्ञ प्रतिभागियों को सौर पैनल इंस्टॉलेशन के तकनीकी, व्यापारिक, और वित्तीय पहलुओं पर मूल्यवान इनसाइटी प्रदान करेंगे, जिससे प्रतिभागियों को इस विषय पर गहरी जानकारी मिल सके।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की दौड़ में नया मोड़

## आइसीसी ने न्यूजीलैंड-इंग्लैंड पर लगाया भारी जुमार्ना, कीवी टीम के फाइनल में जाने की संभावनाओं को लगा झटका

एजेंसी

**दुबई।** आइसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में पहुंचने की दौड़ रोचक हो गई है क्योंकि क्रिकेट की वैश्विक संस्था ने न्यूजीलैंड और इंग्लैंड की टीमों पर कार्रवाई करते हुए उनके डब्ल्यूटीसी अंक काट लिए हैं। आइसीसी ने यह फैसला दोनों टीमों के बीच क्राइस्टचर्च में हुए पहले टेस्ट के दौरान धीमी ओवर गति के चलते लिया है। दोनों टीमों पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुमार्ना और डब्ल्यूटीसी के तीन अंक काटे गए हैं।


**न्यूजीलैंड के लिए बड़ा झटका**

न्यूजीलैंड के लिए यह बड़ा झटका है क्योंकि वह इस कारण डब्ल्यूटीसी की अंक तालिका में पांचवें स्थान पर खिसक गई है। पहले मैच में जीत के बावजूद इंग्लैंड की टीम फाइनल की दौड़ से बाहर है। हालांकि, अंक कटने का नुकसान न्यूजीलैंड को हुआ है जो चौथे से पांचवें स्थान पर आ गई है। न्यूजीलैंड के अब 47.92 प्रतिशत अंक हैं और वह इंग्लैंड के खिलाफ बाकी बचे दो मुकाबलों में जीत के बावजूद अपने अंकों को अधिकतम 55.36 प्रतिशत कर सकता है।

**न्यूजीलैंड के लिए क्या है समीकरण?**

न्यूजीलैंड को अगर जून 2025 में होने वाले फाइनल में जगह बनानी है तो इंग्लैंड के खिलाफ बाकी बचे दोनों टेस्ट जीतने के अलावा कई अन्य नतीजों के भी अपने अनुकूल रहने की उम्मीद करनी होगी। न्यूजीलैंड और इंग्लैंड दोनों ने खराब हुए समय को ध्यान में रखने के बावजूद निर्धारित समय में तीन ओवर कम फेंके थे और टीम पर प्रत्येक ओवर कम फेंकने के लिए एक अंक का जुमार्ना लगाया गया। दोनों कप्तानों न्यूजीलैंड के टॉम लाथम और इंग्लैंड के बेन स्टोक्स ने अपराध और प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया जिससे औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। मैदानी अंपायर अहसान रजा और रॉड टकर, तीसरे अंपायर एड्रियन होल्डस्टॉक और चौथे अंपायर किम कॉटन ने आरोप लगाए जबकि मैच रैफरी के एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल के डेविड बून ने जुमार्ना लगाया।

### भारत के लिए राहत की खबर



न्यूजीलैंड के अंक काटे जाना भारत के लिए अच्छी खबर है जो अभी 61.11 प्रतिशत अंक के साथ शीर्ष पर चल रहा है। दक्षिण अफ्रीका (59 .26 प्रतिशत अंक), आस्ट्रेलिया (57 .26 प्रतिशत अंक) और श्रीलंका (50 प्रतिशत अंक) क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। जुमार्ना लगाए जाने से डब्ल्यूटीसी के पहले संस्करण की विजेता टीम के लिए फाइनल में दौड़ कठिन हो गई है। आइसीसी ने कहा, अगले साल लाड्र्स में होने वाले आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में जगह बनाने की दौड़ में नया मोड़ आया है क्योंकि न्यूजीलैंड और इंग्लैंड पर क्राइस्टचर्च में दोनों के बीच सीरीज के पहले टेस्ट में धीमी ओवर गति के लिए जुमार्ना लगाया गया है। दोनों टीम पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया है और तीन महत्वपूर्ण विश्व टेस्ट चैंपियनशिप प्रतियोगिता अंक काटे गए हैं जिससे मौजूदा चक्र का अंतिम चरण और रोमांचक हो गया है।

## चोट से वापसी के बाद और घातक हुए बुमराह

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** भारत और आस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जा रही है। पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट में टीम इंडिया ने 295 रन से जीत हासिल की। इस मुकाबले के बाद सबसे ज्यादा चर्चा जसप्रीत बुमराह की हो रही है। पर्थ में बुमराह ने कप्तानी करते हुए और फ्रंट से लीड करते हुए आठ विकेट लिए। पहली पारी में उन्होंने पांच और दूसरी पारी में तीन विकेट लिए और टीम इंडिया की जीत सुनिश्चित की। इसके बाद से उन्हें नियमित कप्तान बनाने की मांग उठने लगी है। हालांकि, बुमराह ने यहां भी एक समझदार खिलाड़ी की तरह कहा कि वह रोहित शर्मा के डिप्टी हैं और उन्होंने बस अपना दायित्व निभाया। एक समय ऐसा भी था जब बुमराह को हर किसी ने समाप्त बताया था। हालांकि, बुमराह ने हार नहीं मानी और जबरदस्त वापसी की। यहां तक कि वापसी के बाद से वह और घातक हो चुके हैं। उन्हें जसप्रीत 'बुमराह 2.0' भी कहा जा रहा है।

**2022 में चोटिल हुए थे बुमराह**

बुमराह ने 2016 में अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया था और सितंबर 2022 तक वह टीम का नियमित हिस्सा रहे। इससे पहले वह आईपीएल में नाम कमा चुके थे। हालांकि, अपने अंतरराष्ट्रीय डेब्यू के बाद से ही वह दुनिया में छा गए। अपने अनोखे गेंदबाजी एक्शन की वजह से प्रचलित हुए बुमराह ने धीरे-धीरे अपने सटीक यॉर्कर की वजह से नाम कमाया। पावरप्ले हो या डेथ ओवर, उनसे पार पाना बल्लेबाजों के लिए आसान नहीं रहा। फिर 2022 में एक समय ऐसा भी आया जब उन्हें बेक स्ट्रेस फ्रैक्चर से गुजरना पड़ा। सितंबर 2022 में बुमराह को यह समस्या हुई। यह एक ऐसी चोट थी, जिसने पहले कई बड़े-बड़े गेंदबाजों का करियर खत्म कर दिया था।

## श्रीलंका ने बांग्लादेश को सात रन से हराया

**दुबई।** विमत दिनसारा (106) रनों की शतकीय पारी के बाद कप्तान विहास थेवमिका (तीन विकेट) के हरफनमौल प्रदर्शन और टीम के बेहतरीन क्षेत्ररक्षण की बदौलत श्रीलंका ने मंगलवार को अंडर-19 एशियाकप के नौवें एकदिवसीय मुकाबले में बांग्लादेश को आखिरी ओवर में सात रन से हराया। श्रीलंका के खिलाड़ियों ने मैच के दौरान बेहतरीन क्षेत्ररक्षण का मुजाहिरा करते हुए बांग्लादेश के चार बल्लेबाजों को रनआउट किया।

## पाकिस्तान जिम्बाब्वे को 10 विकेट से हराया

**बुलावायो।** सुफियान मकीम तीन रन देकर (पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद सईम अयूब (नाबाद 36) और ओमैर यूसुफ (नाबाद 22) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने जिम्बाब्वे को दूसरे टी-20 मुकाबले में 10 विकेट से शिकस्त दी। इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। जिम्बाब्वे के 57 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान ने सईम अयूब (नाबाद 36) और ओमैर यूसुफ (नाबाद 22) की आतिशी पारियों के दम पर 5 .3 ओवर में बिना कोई विकेट खोए 61 रन बनाकर मुकाबला 10 विकेट से जीत लिया।

## नेपाल ने अफगानिस्तान को एक विकेट से हराया

**शारजाह।** संतोष यादव, उनिश ठकुरी (तीन-तीन विकेट) और अन्य की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद नरेन सौद (26) और कप्तान हेमंत धामी (नाबाद 22) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत नेपाल ने मंगलवार को अंडर-19 एशिया कप के 10वें एकदिवसीय मुकाबले में अफगानिस्तान को एक विकेट से शिकस्त दी। 123 रनों के छोटे स्कोर का पीछा करने उतरी नेपाल की शुरूआत बेहद खराब रही और उसने 54 के स्कोर तक अपने छह विकेट गवां दिये थे। मदन यादव (एक), आकाश त्रिपाठी (नौ), संतोष यादव( सात), नरेन भट्टा (दो), रोशन बिश्व कर्मा (नौ) और उत्तम मगर (दो) रन बनाकर आउट हुये। ऐसे संकट के समय अर्जुन कुमल (21) और नरेन सौद (26) रनों की जूझारू पारियों ने नेपाल को जीत की ओर अग्रसर किया।

## अगले साल महिलाओं के पहले दृष्टिबाधित टी20 विश्व कप की मेजबानी करेगा भारत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** मुल्तान में विश्व दृष्टिबाधित क्रिकेट परिषद (डब्ल्यूबीसीसी) की आम सालाना बैठक में अगले साल भारत में होने वाले शुरूआती दृष्टिबाधित महिला टी20 विश्व कप को हाइब्रिड मॉडल के आधार पर कराने का फैसला लिया गया जिसमें पाकिस्तान अपने मैच नेपाल या श्रीलंका में खेलेगा। भारत ने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान में पुरुष टी20 दृष्टिबाधित क्रिकेट विश्व कप से हटने का फैसला किया था और इसके कुछ हफ्ते बाद ही यह कदम उठाया गया। महिलाओं के टूनार्मेंट की मेजबानी के अधिकार पिछले साल भारत को दिए गए थे और सोमवार को आम सालाना बैठक में इसकी पुष्टि की गई जिसमें 11 सदस्य देश मौजूद थे। भारत, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड वर्चुअली बैठक में शामिल हुए। भारत में दृष्टिबाधित क्रिकेट संघ (सीएबीआइ) के अध्यक्ष जीके महनतेश ने कहा, 'टूनार्मेंट की मेजबानी का अधिकार पिछले साल (2023) ही भारत को दिया गया था। उस समय यह भी तय किया गया था कि अगर पाकिस्तान की टीम के भारत आने में वीजा की समस्या आती है तो टूनार्मेंट हाइब्रिड मॉडल में आयोजित किया जाएगा। पाकिस्तान अपने सभी मैच तटस्थ स्थल पर खेलेगा।यह पूछने पर कि पाकिस्तान के मैच कहां होंगे तो महनतेश ने कहा, पाकिस्तान की दृष्टिबाधित महिला टीम पूरे टूनार्मेंट के दौरान या तो नेपाल में या श्रीलंका में ही रहेगी। उन्होंने कहा, भारतीय टीम नेपाल या श्रीलंका में उनके खिलाफ खेलने के लिए जाएगी। पूरे टूनार्मेंट का खर्च हमारा क्रिकेट बोर्ड उठाएगा। हम इन दोनों देशों में से किसी एक में पाकिस्तानी टीम के रहने का पूरा खर्च वहन करेंगे। सीएबीआइ न ही भारतीय क्रिकेट बोर्ड से और न ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) से मान्यता प्राप्त है।



## झारखंड ने दिल्ली को पांच विकेट से हराया

**मुंबई।** गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कुमार कुशाग्र (नाबाद 55) और उत्कर्ष सिंह (38) की बेहतरीन बल्लेबाजी के दम पर झारखंड ने दिल्ली को पांच विकेट से हरा दिया है। 155 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी झारखंड़ की टीम के लिए सलामी बल्लेबाज इशान किशन और उत्कर्ष सिंह ने अच्छी शुरूआत करते हुए पहले विकेट के लिये (50) रन जोड़े। ईशान किशन (14) रन बनाकर आउट हुये। कुमार कुशाग्र 30 गेंदों में (नाबाद 55), उत्कर्ष सिंह ने 23 गेंदों में (38), अनुकूल रॉय ने 20 गेंदों में (27) रनों की आतिशी पारी खेली।रॉबिन मिन्ज (12) रन बनाकर नाबाद रहे। झारखंड ने 19 ओवर में पांच विकेट पर 157 रन बनाकर पांच विकेट से मुकाबला जीत लिया। दिल्ली की ओर इशांत शर्मा ने दो विकेट लिये। मयंक रावत, सुयश शर्मा और हर्ष त्यागी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## धवन ने नेपाल प्रीमियर लीग केमें किया निराश

**नयी दिल्ली।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज और आइपीएल 2016 की विजेता टीम सनराइजर्स हैदराबाद के सदस्य शिखर धवन का नेपाल प्रीमियर लीग में पहला मैच निराशाजनक रहा। कणार्ली यक्स के सलामी बल्लेबाज धवन जनकपुर बोल्ट्स के खिलाफ 14 रन पर आउट हो गए। पारी के पहले ओवर में धवन ने चौका लगाकर अपनी शुरूआत की। दूसरे ओवर में ललित राजबंशी ने देव खनल को आउट किया। कनाडा के ऑफ स्पिनर हर्ष ठाकर की गेंद पर अपना विकेट गंवाने से पहले धवन ने कुछ और चौके लगाए। आईपीएल 2024 के बाद संन्यास की घोषणा करने के बाद से यह धवन का देश की प्रमुख फ्रेंचाइजी टी20 लीग में पहला मैच था।

**बाबर की धीमी पारी :** पावरप्ले ओवरों के बाद यक्स का स्कोर 31/2 था। मोहम्मद मोहसिन ने वेस्टइंडीज के विकेटकीपर-बल्लेबाज चैडविक वाल्टन और हांगकांग के बाबर हयात को आउट किया। बाबर के 25 गेंदों पर 12 रन बनाने से पहले जीशान मकसूद को जेम्स नीशम ने दो गेंदों पर शून्य पर एलबीडब्लू आउट कर दिया।

**यक्स का संघर्षपूर्ण स्कोर :** गुलसन झा ने अर्जुन घर्ती के साथ मिलकर बीच के ओवरों में स्कोरिंग रेट को बढ़ाया। 16वें ओवर में झा किशोर महतो का शिकार बने। उन्होंने 27 गेंदों पर एक चौके और तीन छक्कों सहित 36 रन बनाए। अंतिम ओवर से पहले घर्ती ने ठाकर की गेंदों पर दो छक्के और इतने ही चौके जड़े। ठाकर ने अपने चार ओवरों के कोटे में 45 रन दिए। कप्तान सोमपाल कामी ने अंतिम ओवर में पूरी ताकत झोंक दी और घर्ती को स्ट्राइक पर लाने की कोशिश में रन आउट होने से पहले दो चौके और एक छक्का लगाया।

## जायसवाल की नजरें सचिन का रिकॉर्ड तोड़ने पर

**एडिलेड।** भारत आस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड में होने वाले पिंक-बॉल टेस्ट के लिए तैयार है। जहां टीम इंडिया जीत दर्ज करते हुए सीरीज में पकड़ मजबूत करना चाहेगी। वहीं भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और विराट कोहली महान सचिन तेंदुलकर और डॉन ब्रैडमैन से आगे निकलने की कोशिश करेंगे। 22 वर्षीय युवा जायसवाल रिकॉर्ड तोड़ने की होड़ में हैं। साल के अधिकांश समय घरेलू परिस्थितियों में दबदबा बनाए रखने के बाद इस युवा खिलाड़ी ने पहले टेस्ट के दौरान पर्थ में 161 रनों की शानदार पारी खेलकर आस्ट्रेलियाई परिस्थितियों पर विजय प्राप्त की। इस साल अब तक जयसवाल ने 58.18 की औसत और 72.52 की स्ट्राइक रेट से 1,280 रन बनाए हैं, जिसमें 3 शतक और 7 अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 214* है।

## आइटीटीएफ मिश्रित टीम विश्व कप: भारत ने आस्ट्रेलिया को 8-6 से हराया, नॉकआउट चरण में पहुंचने में असफल

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत ने मंगलवार को चीन के चेंगदू में आइटीटीएफ मिश्रित टीम विश्व कप के अपने अंतिम ग्रुप 1 मैच में ऑस्ट्रेलिया को 8-6 से हरा दिया। हालांकि जीत के बावजूद भारत नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहा। इससे पहले, भारत टूनार्मेंट के शुरूआती मैच में अमेरिका से 3-8 से और दूसरे मैच में चीन से 0-8 से हार गया था। कुल आठ गेम जीतने वाली पहली टीम मैच जीतती है। जहां चीन तीन मैचों में तीन जीत के साथ ग्रुप में शीर्ष पर रहा, वहीं अमेरिका, आस्ट्रेलिया और भारत एक-एक जीत के साथ दूसरे स्थान पर रहे। हालांकि, जीते गए खेलों और हारे हुए खेलों के बेहतर अनुपात के कारण अमेरिकी दूसरे स्थान पर रहे और नॉकआउट के लिए योग्य रहे। भारत ने शरथ कमल, मनिका बत्रा और श्रीजा अकुला जैसे उच्च रैंकिंग वाले खिलाड़ियों के बिना टूनार्मेंट खेला। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरूआती मिश्रित युगल मैच में पृथा वर्तिकर और जीत चंद्रा को फिन लू और जियान फैंग ले के खिलाफ 2-1 (11-8, 11-3, 8-11) से हार का सामना करना पड़ा। महिला एकल में कॉन्स्टेंटिना साइहोगियोस ने यशस्विनी घोरपड़े को 2-1 (13-11, 10-12, 11-6) से हराया। इसके बाद स्नेहित सुरवज्जुला ने पुरुष एकल में निकोलस लुम को 2-1 (11-6, 9-11, 11-7) से हराकर भारतीय वापसी की शुरूआत की। सुरवाज्जुला और चंद्रा ने पुरुष युगल में लुउ और लुम को 2-1 (11-8, 10-12, 11-9) से हराया। निर्णायक महिला युगल में वर्तिकर और घोरपड़े ने साइहोगियोस और ले पर 2-0 (11-8, 11-7) की जीत के साथ मुकाबला समाप्त किया। भारतीय टीम में मानुष शाह, मानव ठक्कर, पोयमंती बैस्या और सयाली वानी भी थे।



## नील फ्रेजर का 91 वर्ष की आयु में निधन

**नयी दिल्ली।** आस्ट्रेलियाई डेविस कप चैंपियन नील फ्रेजर, जिन्होंने चार बार डेविस कप जीता और ग्रैंड स्लैम में ट्रिपल क्राउन- एकल, युगल और मिश्रित युगल खिताब जीतने वाले अंतिम खिलाड़ी थे। का 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। फ्रेजर के परिवार में उनकी पत्नी थिया हैं। आस्ट्रेलियाई दिग्गज ने अपने शानदार करियर में ग्रैंड स्लैम में एकल और युगल दोनों में 19 खिताब जीते, लेकिन यह डेविस कप था जिसने उन्हें खेल का दिग्गज बना दिया। उन्होंने अपने देश को लगातार चार डेविस कप खिताब (1959, 1960, 1961, 1962) दिलाए और 24 वर्षों तक गैर-खिलाड़ी कप्तान रहे। उन्हें 1984 में इंटरनेशनल टेनिस हॉल ऑफ फेम और 10 साल बाद आस्ट्रेलियाई टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया था।

## डेक्कन ग्लेडियेटर्स ने तीसरी बार जीता अबू धाबी टी10 का खिताब

एजेंसी

**अबू धाबी।** डेक्कन ग्लेडियेटर्स ने सोमवार देर रात मॉरिसविले सैंप आर्मी को 8 विकेट से हराकर तीसरी बार 2024 अबू धाबी टी10 टूनार्मेंट का खिताब जीत लिया है। जायद क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए खिताबी मुकाबले में 105 रनों का पीछा करते हुए, ग्लेडियेटर्स ने तीन ओवर शेष रहते हुए 8 विकेट से जीत हासिल कर ली। 105 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ग्लेडियेटर्स की टीम को सलामी बल्लेबाज इंग्लैंड के बल्लेबाज टॉम कोहलर-कैडमोर ने अच्छी शुरूआत दिलाई और पहले ही ओवर में कप्तान रोहन मुस्तफा के ओवर में लगातार चार चौके लगाए, जबकि उनके सलामी जोड़ीदार और कप्तान निकोलस पूरन पाकिस्तान के स्पिनर इमाद वसीम पर हावी रहे। ग्लेडियेटर्स ने तीसरे ओवर में 20 रन बटोरे और 50 रन के आंकड़े को पार कर लिया। उनकी इस पारी की बदौलत ग्लेडियेटर्स ने 7 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। तेज गेंदबाज इसुरु उदाना की गेंद पर मुस्तफा ने डीप में पूरन का शानदार कैच पकड़कर उनकी पारी का अंत किया। पूरन ने 10 गेंदों में 28 रन बनाए। लेकिन इससे सैम्प आर्मी को वास्तव में मदद नहीं मिली क्योंकि कैडमोर ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी और अर्धशतक लगाया। इससे पहले, मॉरिसविले सैम्प आर्मी को वास्तव में वह शुरूआत नहीं मिल पाई जो वे चाहते थे और नियमित रूप से विकेट खोते रहे और एक समय वे 81 रन पर 5 विकेट खोकर संघर्ष कर रहे थे। अफगानिस्तान के करीम जन्नत ने पारी के अंतिम ओवरों में 8 गेंदों में 16 रन बनाए, जिससे सैम्प आर्मी ने 10 ओवरों में 7 विकेट पर 104 रन बनाए। फाफ डु प्लेसिस ने सर्वाधिक 23 गेंदों में 34 रन बनाए, जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज एंड्रीज गौस ने 9 गेंदों में 21 रन बनाए। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज रिचर्ड ग्लीसन ने डेक्कन ग्लेडियेटर्स के लिए दो ओवरों में 16 रन देकर 2 विकेट लिए। डेक्कन ग्लेडियेटर्स तीसरी बार अबू धाबी टी10 लीग का चैंपियन बना है। उनके स्टार बल्लेबाज जोस बटलर को प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट चुना गया। बटलर ने टूनार्मेंट में 224.07 की स्ट्राइक रेट से कुल 242 रन बनाए। रिचर्ड ग्लीसन को बॉलर ऑफ द टूनार्मेंट का पुरस्कार दिया गया जबकि टॉम कोहलर-कैडमोर ने बैटर ऑफ द टूनार्मेंट का खिताब जीता। 10.93 की इकॉनमी से 10 विकेट लेने वाले शाहिद भुट्टा को टूनार्मेंट का यूएई प्लेयर चुना गया।




## हॉकी इंडिया लीग 2024-25 का आधिकारिक रेडियो पार्टनर बना बिग एफएम

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत के प्रमुख रेडियो नेटवर्कों में से एक, बिग एफएम ने 2024-25 सीजन के लिए आधिकारिक रेडियो पार्टनर के रूप में एचआइएल के साथ साझेदारी की है। इस सहयोग का उद्देश्य हॉकी को लाखों प्रशंसकों के करीब लाना है और यह सुनिश्चित करना है कि इंडियाकागेम की गूंज देश के हर कोने में हो। बहुप्रतीक्षित हॉकी इंडिया लीग 28 दिसंबर 2024 को शुरू होगी, जिसमें आठ पुरुष और चार महिला टीमों की रोमांचक लाइनअप राउरकेला और रांची में प्रतिस्पर्धा करेगी। विशेष रूप से, यह सीजन महिला हॉकी इंडिया लीग की शुरूआत का भी प्रतीक है, जो हॉकी इंडिया की समावेशिता और खेलों में महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।

HOCKEY INDIA LEAGUE

बिग एफएम के सीओओ सुनील कुमारन ने कहा, बिग एफएम को भारत की समृद्ध हॉकी विरासत का जश्न मनाने और बढ़ावा देने के लिए हॉकी इंडिया लीग के साथ साझेदारी करने पर गर्व है। हॉकी लाखों लोगों के दिलों में एक विशेष स्थान रखती है, और यह सहयोग जागरूकता फैलाने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। खेल की विरासत और महत्व के बारे में, हमारा लक्ष्य हॉकी की अविश्वसनीय यात्रा पर प्रकाश डालना और पूरे देश में इस खेल के प्रति गहरी सराहना को प्रेरित करना है। सहयोग पर हॉकी इंडिया लीग (एचआइएल) गवर्निंग कमेटी के चेयरपर्सन डॉ. दिलीप टिर्की ने कहा, रेडियो में देश के सुदूर कोनों में लोगों से जुड़ने की एक अद्वितीय क्षमता है, जो इसे एक आदर्श माध्यम बनाती है। हॉकी को बढ़ावा दें। बिग एफएम की आकर्षक सामग्री और देशव्यापी पहुंच के साथ, हमारा लक्ष्य हॉकी को घरेलू चर्चा बनाना है। यह साझेदारी पूरे भारत में उत्साह बढ़ाएगी और अधिक प्रशंसकों को #इंडियाकागेम के करीब लाएगी, हम हॉकी इंडिया लीग को लोकप्रियता की नई ऊंचाइयों पर ले जाने को आश्वस्त हैं।

एचआइएल गवर्निंग कमेटी के सदस्य भोला नाथ सिंह ने कहा, बिग एफएम की मनमोहक कथा शैली और व्यापक पहुंच इसे हॉकी के प्रशंसक आधार को बढ़ाने के लिए एक आदर्श भागीदार बनाती है। इस एसोसिएशन के माध्यम से, हमारा लक्ष्य #इंडियाकागेम के समर्थन में देश को एकजुट करना और लाखों लोगों को प्रेरित करना है। 2024-25 हॉकी इंडिया लीग गेम-चेंजर साबित होने वाली है और यह साझेदारी हॉकी को हर मंच पर सुलभ बनाएगी, चाहे वह टेलीविजन, डिजिटल या रेडियो हो। बिग एफएम के साथ, श्रोता हर मैच पर नजर रख सकते हैं और अपनी पसंदीदा टीमों और खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ा सकते हैं।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम एशिया कप के लिए ओमान रवाना



एजेंसी

**बेंगलुरु।।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम प्रतिष्ठित महिला जूनियर एशिया कप 2024 के लिए मंगलवार सुबह केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से मस्कट ओमान के लिए रवाना हुई। जूनियर एशिया कप जो एफआईएच जूनियर विश्व कप के लिए क्वालीफाइंग इवेंट है, 7 दिसंबर से 15 दिसंबर 2024 तक मस्कट, ओमान में आयोजित होने वाला है। भारतीय जूनियर महिला टीम पूल ए में चीन, मलेशिया, थाईलैंड और बांग्लादेश से भिड़ेगी जबकि पूल बी में दक्षिण कोरिया, जापान, चीनी ताइपे, हांगकांग और श्रीलंका शामिल होंगे। गत चैंपियन के रूप में, भारत के अभियान की अगुवाई कप्तान ज्योति सिंह के साथ-साथ उप-कप्तान साक्षी राणा करेंगी और टीम में ऐसे खिलाड़ी भी शामिल हैं जिनके पास सीनियर टीम के साथ खेलने का अनुभव है जैसे वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुनेलिता टोप्पो, मुमताज खान, दीपिका और ब्यूटी डुंगडुंग जबकि टीम के कोच भारत के पूर्व कप्तान तुषार खांडकर हैं।

## ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेलसेन पैर की चोट के कारण बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल से बाहर

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** डेनिश बैडमिंटन स्टार विक्टर एक्सेलसेन 13 से 17 दिसंबर, 2024 तक हांगझू, चीन में खेले जाने वाले बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल में हिस्सा नहीं लेंगे। एक्सेलसेन ने सोशल मीडिया पर उक्त घोषणा की। एक्सेलसेन ने एक्स पर लिखा, दुर्भाग्य से मैं इस दिसंबर में एचएसबीसी वर्ल्ड टूर फाइनल में भाग लेने में असमर्थ हूँ। मैं अपने बाएं पैर में चोट से जूझ रहा हूं, जिससे मुझे कई समस्याएं हो रही हैं और दीर्घकालिक समस्याओं से बचने के लिए मुझे तुरंत इससे निपटने की सलाह दी गई है। दो बार के विश्व चैंपियन एक्सेलसेन ने इस साल जुलाई में ओलंपिक खेलों में अपने पुरुष एकल स्वर्ण पदक का बचाव किया, उन्होंने थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसर्न को दो गेम में आसानी से हराया। उन्होंने सितंबर में हांगकांग ओपन में अपना शानदार फॉर्म जारी रखा और चीन के लेई लांक्सी को हराकर 27 वर्षों में पुरुष एकल खिताब जीतने वाले पहले डेनिश खिलाड़ी बन गए। उन्होंने कहा, मैं हांग्जो में नहीं खेल पाने से बहुत निराश हूं। पांच बार टूनार्मेंट जीतने के बाद और दौरे पर यह मेरे पसंदीदा टूनार्मेंटों में से एक होने के कारण इसे छोड़ना कठिन हो गया है। हालांकि मेरी पहली प्राथमिकता प्रतिस्पर्धा से पहले 100 प्रतिशत स्वस्थ होना है।

स्पीड न्यूज

### अभिनेत्री श्रद्धा बनीं मां जुड़वा बच्चों को जन्म




**मुंबई।** टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस श्रद्धा आर्या ने जुड़वा दो बच्चों को जन्म दिया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट के जरिए अपने बच्चों के जन्म की खबर प्रशंसकों के साथ शेयर की है। शादी के तीन साल बाद श्रद्धा और उनके पति राहुल नागल माता-पिता बन गए हैं। श्रद्धा ने अपने बिस्तर के बगल में रखे गुब्बारों का एक वीडियो शेयर किया। इन गुब्बारों पर बेबी बॉय और 'बेबी गर्ल' लिखा हुआ है। यानी उन्होंने एक बेटा और एक बेटी को जन्म दिया है। उन्होंने वीडियो के कैप्शन में लिखा, ₹इन दोनों के आने से हमारा परिवार पूरा हो गया है।

### इजराइल का लेबनान पर हमला, नौ मरे

**बेरूत।** अमेरिका और फ्रांस की कोशिश से लेबनान में आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह और इजराइल के बीच लागू साठ दिन का युद्धविराम आखिरकार टूट गया। हिजबुल्लाह के इजराइल के कब्जे वाले माउंट डोव क्षेत्र में दो मोर्टार लॉन्च करने के बाद यह नौबत आई। इजराइली सुरक्षा बलों (आईडीएफ) ने सोमवार शाम लेबनान में ताबड़तोड़ हवाई हमले कर लोगों की नींद उड़ा दी। आईडीएफ की इस कार्रवाई में कम से कम नौ लोग मारे गए।

### ताजमहल को बम से उड़ाने की धमकी

**आगरा।** उत्तर प्रदेश में आगरा जिले के ताज महल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी मिलने के बाद ताज महल और उसके आसपास की सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गयी है। ताज की सुरक्षा व्यवस्था में लगे एसीपी सैयद अरीब अहमद ने मंगलवार को मीडियाकर्मियों को बताया कि पर्यटन विभाग को एक ई-मेल मिला है, जिसमें ताज महल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इसके बाद ताज महल की सुरक्षा और बढ़ा दी गई है। पुलिस अधिकारियों के साथ बम निरोधक दस्ते ने मौके पर पहुंचकर बारीकी से जांच की। यहां पर आने-जाने वाले पर्यटकों पर भी नजर रखी जा रही है।

### श्रीनगर में लश्कर का कमांडर ढेर

**श्रीनगर।** दाचीगाम जंगल में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच हुई मुठभेड़ में मारे गए आतंकी की पहचान हो गई है ।मुठभेड़ में मारा गया आतंकी जुनैद अहमद भट 20 अक्टूबर को गगनगीर में हुए हमले में वांछित था और भट एक स्थानीय लश्कर कमांडर भी था ।एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि दाचीगाम के जंगलों में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादी की पहचान स्थानीय लश्कर कमांडर जुनैद अहमद भट के रूप में हुई है, जो गगनगीर हमले के लिए वांछित था। इस हमले में सात नागरिक मारे गए थे।

### सीरिया पर प्रतिबंध को नहीं हटाएगा अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने कहा है कि वह सीरियाई सरकार के प्रति अपनी नीति में कोई बदलाव नहीं करेगा तथा देश पर लगे प्रतिबंधों को न तो हटाएगा और न ही उनमें कोई बदलाव करेगा।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हमारी नीति के संबंध में कुछ भी नहीं बदला है। असद एक क्रूर तानाशाह है, जिसके हाथ खून से सने हैं। हमने असद शासन पर जो प्रतिबंध लगाए हैं, वे पूरी तरह से प्रभावी हैं,उनमें कोई बदलाव नहीं हुआ है।

# चिन्मय कृष्ण दास को नहीं मिली जमानत

## बांग्लादेश हाई कोर्ट में भारतीय टीवी चैनलों पर प्रतिबंध लगाने की याचिका दायर

**एजेंसी**

**ढाका।** बांग्लादेश में देशद्रोह व अन्य गंभीर आरोपों में जेल की सलाखों के पीछे कैद हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को मंगलवार को जमानत नहीं मिल सकी। सनातन जागरण मंच के प्रवक्ता और इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) के नेता चिन्मय ब्रह्मचारी को 25 नवंबर को ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की जासूसी शाखा ने शाम 4:30 बजे हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से हिरासत पर लिया था। तब




से वह जेल में हैं। 38 वर्षीय चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को अदालत नहीं लाया गया। चटगांव मेट्रोपॉलिटन पुलिस के एडीसी (अभियोजन) मोफिजुर रहमान ने कहा कि जमानत याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई के बाद जज ने अगली सुनवाई के लिए दो जनवरी की तारीख तय की। उन्होंने चिन्मय कृष्ण दास का प्रतिनिधित्व करने के लिए कोई वकील उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण उन्हें कोई राहत नहीं मिल सकी।

बांग्लादेश हाई कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है। इसमें भड़काऊ समाचारों के प्रसारण का हवाला देते हुए देश में सभी भारतीय टीवी चैनलों पर प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया गया है। यह याचिका वकील इखलास उद्दीन भुइयां ने दायर की है। भुइयां ने बताया कि जस्टिस फातिमा नजीब और जस्टिस सिकदर महमूदुर रजी की पीठ याचिका पर सुनवाई कर सकती है। याचिका में खासतौर पर भारतीय चैनल स्टार जलसा, स्टार प्लस, जी बांग्ला, रिपब्लिक बांग्ला का जिक्र किया गया है। याचिका में सूचना मंत्रालय और गृह मंत्रालय के सचिव, बांग्लादेश दूरसंचार नियामक आयोग और अन्य को पक्षकार बनाया गया है।




**लखनऊ।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रही हिंसा के खिलाफ मंगलवार को उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिलों में हिन्दू रक्षा समिति के आह्वान पर धार्मिक और सामाजिक संगठनों ने जबर्दस्त प्रदर्शन किया।

# नये कानून में दंड की जगह न्याय है: पीएम

## हजारों विचारधीन कैदियों को छोड़ा गया, जो पुराने की वजह से जेलों में बंद थे : मोदी

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि गहन विचार विमर्श और मंथन के बाद भारतीय न्याय संहिता अपने वर्तमान स्वरूप में सामने आयी है और इसके लागू होने के बाद जेलों से ऐसे हजारों विचारधीन कैदियों को छोड़ा गया है, जो पुराने कानूनों की वजह से जेलों में बंद थे।

प्रधानमंत्री विशेष रूप से अयोजित एक कार्यक्रम तीन परिवर्तनकारी नए आपराधिक कानूनों- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के सफल कार्यान्वयन को राष्ट्र को समर्पित कर रहे थे। ये तीनों कानून पहली जुलाई से लागू कर दिए गए



हैं। मोदी ने कहा कि नए कानून दंड के लिए नहीं, बल्कि न्याय के उद्देश्य से बनाए गए है और भारतीय न्याय संहिता इसके लागू होने के बाद जेलों से ऐसे हजारों विचारधीन कैदियों को छोड़ा गया है, जो पुराने कानूनों की वजह से जेलों में बंद थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि सात दशकों में न्याय व्यवस्था की चुनौतियों की समीक्षा, व्यापक

### न्याय संहिता का मूल मंत्र है नागरिक प्रथम

विचार-विमर्श के बाद भारतीय न्याय संहिता तैयार की गई है। हर कानून को व्यावहारिक दृष्टिकोण से परखा गया है। उन्होंने इन कानूनों के लिए उच्चतम न्यायालय और देश भर के उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों का आभार भी प्रकट किया। मोदी ने तीनों कानूनों को राष्ट्र को समर्पित करते हुए कहा कि देश के कानून उसके नागरिकों के लिए है, इसलिए कानूनी प्रक्रिया भी नागरिक-केंद्रित होनी चाहिए। हालाँकि, पुरानी व्यवस्था में, प्रक्रिया ही सजा बन गई थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक स्वस्थ समाज में, कानून सुरक्षा का साधन होना चाहिए, लेकिन आईपीसी केवल नियंत्रण के साधन के रूप में भय पर निर्भर थी और यह अच्छा है कि अब समय बदल गया है। मोदी ने कहा कि पुराने कानूनों में दिव्यांगों के लिए ऐसे-ऐसे अपमानजनक शब्दों का प्रयोग किया गया था, जिसे कोई भी सभ्य समाज स्वीकार नहीं कर सकता। हमने ही पहले इस वर्ग को दिव्यांग कहना शुरू किया, उन्हें कमजोर महसूस कराने वाले शब्दों से छुटकारा दिलाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने 2016 में हमने दिव्यांगजनों के अधिकार का कानून लागू करवाया। उन्होंने कहा कि देश औपनिवेशक युग की सोच से बाहर निकले और अपने सामर्थ्य का प्रयोग राष्ट्र निर्माण में लगाए, इसके लिए राष्ट्रीय चिंतन आवश्यक था।

### राज्यसभा में पेश हुआ वायुयान बिल

**नयी दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने मंगलवार को राज्यसभा में भारतीय वायुयान विधेयक 2024 पेश किया। विधेयक 90 साल पुराने विधेयक को प्रतिस्थापित करेगा। लोकसभा से यह विधेयक पिछले सत्र में पारित हो चुका है। विधेयक में विमान के डिजाइन, निर्माण, रखरखाव, अधिकार, उपयोग, संचालन, बिक्री, निर्यात और आयात के विनियमन और नियंत्रण तथा उससे जुड़े मामलों का प्रावधान है। भारतीय वायुयान विधेयक 2024 भारत को डिजाइन राज्य के रूप में सक्षम बनाने, विनिर्माण में आत्मनिर्भर भारत को प्रोत्साहित करने और व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देने पर जोर देता है। विधेयक को पेश करने समय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने कहा कि विधेयक 1934 के विमान अधिनियम को प्रतिस्थापित करेगा। यह लोकसभा में पहले ही पास हो चुका है। उन्होंने बताया कि 1934 में अंग्रेजों के काल में बने नागरिक उड्डयन क्षेत्र को विनियमित करने से जुड़े विधेयक में 90 सालों के दौरान 21 बार संशोधन हो चुका है।

# सामूहिक हत्याओं के मास्टरमाइंड हैं मोहम्मद यूनुस : शेख हसीना

**एजेंसी**

**न्यूयॉर्क ।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने मंगलवार को अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस पर सामूहिक हत्याओं का मास्टरमाइंड होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यूनुस देश में अल्पसंख्यकों पर हमलों की साजिश रचने में शामिल है। न्यूयॉर्क में आवामी लीग के एक कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते हुए हसीना ने यूनुस पर बांग्लादेश में हिंदू मंदिरों, इस्कॉन स्थलों और अल्पसंख्यकों के अन्य धार्मिक स्थलों को निशाना बनाने का आरोप लगाया। पूर्व पीएम ने कहा कि आज मुझ पर सामूहिक हत्याओं का आरोप लगाया गया है। वास्तव में, यह मुहम्मद यूनुस ही हैं जो अपने छात्र समन्वयकों के साथ मिलकर एक सोची-समझी योजना के तहत सामूहिक हत्याओं के लिए जिम्मेदार हैं। वे ही मास्टरमाइंड हैं।

बांग्लादेश अवामी लीग (एएल) की अध्यक्ष और राष्ट्रपिता बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान की बेटी ने कहा कि शिक्षकों और

### पूर्व पीएम ने बोलीं-बांग्लादेश में मंदिरों, इस्कॉन स्थलों और अल्पसंख्यकों के अन्य धार्मिक स्थलों पर हो रहा है हमला



पुलिस पर हमला किया जा रहा है और उनकी हत्या की जा रही है। हिंदुओं, ईसाइयों और बौद्धों पर हमला किया जा रहा है। कई चर्चों और मंदिरों को निशाना बनाया जा रहा है। अल्पसंख्यकों पर हमला क्यों किया जा रहा है? बांग्लादेश की अंतरिम सरकार पर अल्पसंख्कों के साथ भेदभाव बरतने, उन्हें, उनके घरों और धार्मिक स्थलों को पर्याप्त सुरक्षा न देने के आरोप लगते रहे हैं। शेख हसीना ने पुजारी चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी की निंदा और पुजारी की तुरंत रिहाई की मांग की।

# ओरिस इंफ्रास्ट्रक्चर के 31.22 करोड़ फ्रीज, लग्जरी कारें जब्त

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 500 करोड़ रुपये से ज्यादा के रियल एस्टेट धोखाधड़ी के मामले में मेसर्स ओरिस इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के दिल्ली-एनसीआर में 14 ठिकानों पर छापेमारी की। जांच एजेंसी ने इस दौरान 31.22 करोड़ रुपये की विभिन्न सावधि जमा, बैंक गारंटी तथा लग्जरी कारों को जब्त किया। ईडी ने मंगलवार को बताया कि गुरुग्राम ने मेसर्स ओरिस इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा.लि. एवं उसके निदेशकों विजय गुप्ता, अमित गुप्ता आदि और मेसर्स थ्री सी शेल्टर्स प्रा.लि. तथा उसके प्रमोटर निर्मल सिंह उप्पल, विधुर भारद्वाज आदि के खिलाफ दिल्ली-एनसीआर में 14 स्थानों पर 25 नवंबर को तलाशी और जब्ती की कार्रवाई की गयी।

ईडी ने बताया कि 500 करोड़ रुपये से अधिक के रियल एस्टेट धोखाधड़ी मामले में एजेंसी की

### 500 करोड़ से ज्यादा के रियल एस्टेट धोखाधड़ी के मामले में इडी ने 14 ठिकानों पर दी दबिश



ओर से ओरिस समूह की कंपनियों के नाम पर 31.22 करोड़ रुपये की विभिन्न सावधि जमा और बैंक गारंटी को जब्त किया गया है। इसके अलावा इन कंपनियों के प्रमोटरों से संबंधित बैंक खाते और लॉकर फ्रीज कर दिए गए और ओरिस समूह के एक निदेशक और प्रमोटर के आवास से मर्सिडीज, पोर्श, बीएमडब्ल्यू आदि चार लग्जरी कारें जब्त की गईं।



**देश के प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि पर दी गयी श्रद्धांजलि**
संसद के सेंट्रल हॉल में मंगलवार को प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद को श्रद्धांजलि देते स्पीकर ओम बिरला, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश व कांग्रेस और जदयू के सांसद।

### गिनी में फुटबॉल मैच के दौरान हिंसा व भगदड़ से 56 की मौत

**कोनाक्री।** गिनी के दूसरे सबसे बड़े शहर एनजेरेकोर में एक फुटबॉल मैच के दौरान हुई हिंसा और भगदड़ में कम से कम 56 लोगों की मौत हो गई। गिनी के राष्ट्रपति ममादी डौम्बौया ने इस घटना पर गहरा दुख जताया है पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। डौम्बौया ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया पेज पर लिखा कि मैं लेबे और एन जेरेकोर की बहादुर आबादी, गिनी के लोगों और विशेष रूप से शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करना चाहता हूं, और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री अमादौ ओरी बाह के नेतृत्व में एक आपातकालीन मिशन को नुकसान हुए परिणामों का आकलन करने के लिए भेजा गया है। डौम्बौया के अनुसार, इस दुखद घटना के कारणों का पता लगाने और जिम्मेदारी तय करने के लिए एक जांच आयोग का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा, ₹मैं इस आपदा के बेहतर प्रबंधन के लिए शांति और सौहार्द की अपील करता हूं। जिससे कि शांति और सामाजिक सामंजस्य के आधार पर साथ रहने की हमारी साझा इच्छा को मजबूती मिल सके। बता दें कि यह हिंसा 'जनरल मामादी डौम्बौया' फाइनल ट्रॉफी मैच के दौरान हुई। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया तनाव तब शुरू हुआ जब खेल के अंत में एन जेरेकोर को पेनल्टी दी गई, इसका लेबे टीम के खिलाड़ियों ने तीखा विरोध किया। स्थिति तब और बिगड़ गई, जब सुरक्षा बलों ने आंसू गैस का इस्तेमाल किया। इससे स्टेडियम के एकमात्र एग्जिट गेट की ओर भाग रहे दर्शकों में अफरा-तफरी मच गई।

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन भी तेजी जारी

## निवेशकों ने कमाये साढ़े तीन लाख करोड़

**एजेंसी**

**मुंबई ।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अधिकारियों की टिप्पणी से इस महीने के अंत में ब्याज दर में चौथाई फीसदी की कटौती होने की उम्मीद में विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत मंगलवार को शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन मजबूती रही।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 597.67 अंक की छलांग लगाकर 80,845.75 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 181.10 अंक उछलकर 24,457.15 अंक पर पहुंच गया। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.92 प्रतिशत की तेजी के साथ 46,982.17 अंक और स्मॉलकैप 1.03 प्रतिशत चढ़कर 56,237.47 अंक पर बंद हुआ।

▸▸ **सेंसेक्स 597 अंक छलांग लगाकर 80,845 पर पहुंचा और निफ्टी 181 अंक उछलकर 24457 पर बंद**

बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में साढ़े तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन के कारोबार के बाद बढ़ कर 453.41 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 449.69 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 3.72 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4067 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2739 में लिवाली जबकि 1220 में बिकवाली हुई वहीं 108 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह



निफ्टी की 41 कंपनियां हरे जबकि अन्य नौ लाल निशान पर रहीं।

बीएसई में दूरसंचार और एफएमसीजी की 0.31 प्रतिशत तक की गिरावट को छोड़कर अन्य 19 समूहों का रुझान सकारात्मक रहा। इससे कमोडिटीज 1.16, सीडी 0.57, ऊर्जा 1.01, वित्तीय सेवाएं 1.08, हेल्थकेयर 0.27, इंडस्ट्रियल्स 1.36, आईटी 0.74, यूटिलिटीज 1.41, ऑटो 0.75, बैंकिंग 1.18, कैपिटल गुड्स 1.23, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.28, धातु 0.99, तेल एवं गैस 1.09, पावर 1.20, रियल्टी 0.35, टेक 0.36, सर्विसेज 2.13 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.60 प्रतिशत चढ़ गए। वहीं, लिवाली होने से यह लगातार बढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 80,949.10 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 80,248.08 अंक के मुकाबले 0.74 प्रतिशत की छलांग लगाकर 80,845.75 अंक हो गया।

इसी तरह निफ्टी भी 91 अंक चढ़कर 24,367.50 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24,280.00 अंक के निचले जबकि 24,481.35 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,276.05 अंक की तुलना में 0.75 प्रतिशत उछलकर 24,457.15 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स की जिन कंपनियों ने मुनाफा कमाया उनमें अडानी पोर्ट्स 6.02, एनटीपीसी 2.60, एलटी 2.12, एसबीआई 2.12, एक्सिस बैंक 2.05, अल्ट्रासिमको 1.65, टाटा मोटर्स 1.42, एचडीएफसी बैंक 1.24, रिलायंस 1.09, एचसीएल टेक 0.95, इंडसइंड बैंक 0.92, टीसीएस 0.67, टाइटन 0.60, जेएसडब्ल्यू स्टील 0.60, पावरग्रिड 0.53, इंफोसिस 0.45, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.33, बजाज फाइनेंस 0.32, नेस्ले इंडिया 0.31, आईसीआईसीआई बैंक 0.27, टेक महिंद्रा 0.21, टाटा स्टील 0.10, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.09 और मारुति 0.06 प्रतिशत शामिल रही।

